प्रकाशन का 107 वाँ वर्ष

आज

3 रुपये मात्र

लखनऊ, शनिवार 17 अक्टूबर, 2026 | Online Edition : www.ajhindidaily.com | नगर संस्करण पृष्ठ-12 | मूल्य 3.00 रुपये

वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, (मध्य प्रदेश संस्करण), कानपुर, (झांसी संस्करण), लखनऊ , आगरा, बरेली, पटना, रांची, (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

युवाओं को बनाया जा रहा अराजकता का मोहरा-राजनाथ

विपक्ष पर बरसे केन्द्रीय रक्षामंत्री

आज समाचार सेवा

लखनऊ। राहुल गांधी का एकमात्र एजेंडा देश में आग लगा कर बांग्लादेश की तर्ज पर सरकार बदलने के लिए अराजकता फैलाना है। उक्त उद्गार शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को अराजकता की राजनीति का मोहरा बनाने का प्रयास किया जा रहा है। ये सरकार को डंके की चोट पर गिराने की बात करते हैं। इससे साफ है कि उनका एकमात्र एजेंडा लोकतांत्रिक संस्थाओं को ध्वस्त करना और देश में आग लगाना है। रक्षामंत्री ने दिल्ली में हुए प्रदर्शनों पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश को अराजकता और हिंसा की आग में झोंककर सत्ता हासिल करने की साजिश रची जा रही है। विपक्ष की लड़ाई न चुनाव सुधार के लिए नहीं है, और ज्ञानेश कुमार के लिए और न ही उनकी लड़ाई देश के नौजवानों के उज्ज्वल भविष्य के लिए है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इतिहास में कई काले अध्याय मिलेंगे, जिनमें कांग्रेस ने चुनाव आयोग और चुनाव प्रक्रिया को कठपुतली बनाकर रखना। इसी क्रम म1993 में में रातों-रात दो नए चुनाव आयुक्त नियुक्त करने के बाद तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त ने चुनाव आयुक्त नवीन चावला को हटाने के लिए राष्ट्रपति को पत्र लिखा, नवीन चावला को कांग्रेस ने बचाया और फिर मुख्य चुनाव आयुक्त बना दिया। इसके अलावा कांग्रेस राज में नियुक्त चुनाव आयुक्त एमएस गिल कांग्रेस सरकार में मंत्री बने थे। पांच दशक तक बिना वोटर आईडी के चुनाव होते थे। जब से वोटर आईडी कार्ड बना कांग्रेस के लिए बहुमत दूर की बात हो गई है। राजनाथ ने कहा कि कांग्रेस के दौर में तीन बड़े और कभी न भूलने वाले अपराधों में 1975 में आपातकाल, 1985में सिख दंगे,1990 में कार सेवकों पर गोलियां चलवाने वाले का साथ देना शामिल हैं। रक्षामंत्री ने कांग्रेस व उनके सहयोगियों को विदेशी शक्ति के हाथों में खेल रहें हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता परिवर्तन, संसद नहीं, सड़क के रास्ते निकलता है, यह कहना भारत को पटरी से उतरने का प्रयास है। ये अपनी राजनीतिक पराजय का बदला देश से लेना चाहते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि राजीव गांधी की हत्या पूरे देश के लिए दुखद थी लेकिन उनकी हत्या के बाद पूरे देश में चुनाव स्थगित किया गया था, संविधान के मुताबिक किसी उम्मीदवार की मृत्यु के कारण उसी सीट का चुनाव स्थगित होता है, जबकि सच्चाई है कि उस समय अमेठी का चुनाव हो गया था। उन्होंने कहा कि भारत आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में काफी आगे बढ़ रहा है, डिजिटल ट्रांजेक्शन में नंबर वन पर है, दो दर्जन से अधिक देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट है वहीं ३५ देश के राष्ट्राध्यक्षों की तरफ से प्रधानमंत्री को अपने यहां के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया है। इस दौरान रक्षा क्षेत्र में आई उपलब्धियां को लेकर उन्होंने कहा कि भारत आज एक्सपोर्टर देश बन गया है, जाहिर सी बात है कि यह उपलब्धि उन्हें रास नहीं आ रही है।

कांग्रेस ने गांधी नाम उपयोग करने का अधिकार खो दिया

.कांग्रेस पर निशाना साधते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि अब वह गांधी के नाम का उपयोग करने का अधिकार खो चुकी है। चौरीचौरा कांड का जिक्र करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि घटना होने के बाद गांधी ने अपना असहयोग आंदोलन स्थगित कर दिया था, लेकिन आज कांग्रेस जो कर रही है, उससे उसके नैतिक मूल्यों में गिरावट आई है और अब कांग्रेस आज गांधी की नाम का प्रयोग करने का अधिकार खो चुकी है।

सुप्रीम कोर्ट का सीजेपी का प्रदर्शन रोकने से इनकार

जरूरत हुई तो दुकानदारों को मुआवजे पर होगा विचार

नयी दिल्ली। दिल्ली में ज्ञानेश कुमार के खिलाफ चल रहे प्रदर्शन के कारण त्योहारों के दौरान छोटे व्यवसायों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट के जजों ने छोटे व्यापारियों की चिंताओं को समझते हुए भरोसा दिलाया कि अगर सेंट्रल पार्क बंद करने का एनडीएमसी का आदेश जरूरत से ज्यादा सख्त लगा तो दुकानदारों को मुआवजा दिलाने पर विचार किया जा सकता है। इस मामले में कोर्ट अपने संवैधानिक टॉर्ट अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करेगी। जानकारी के मुताबिक, चीफ जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने यह टिप्पणी उस यचिका पर सुनवाई के दौरान की जिसमें कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में कॉकरोच जनता पार्टी के प्रस्तावित प्रदर्शन को लेकर चिंता जताई गई। कोर्ट ने संभावना जताई है कि समझदारी से काम लिया जाएगा और प्रदर्शनकारियों, व्यापारियों और प्रशासन के हितों के बीच संतुलन बना रहेगा। जस्टिस बागची ने व्यापारियों के एक संगठन की ओर से पेश वकील जय अनंत देहाद्रई से कहा, अगर इससे व्यापार का नुकसान होता है या यह आपके मुवक्किलों के लिए गैर-कानूनी है, तो हम कॉन्स्टिट्यूशनल टॉर्ट ज्यूरिसडिक्शन के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करेंगे। जब ऐसी स्थिति आएगी, तब उस पर विचार किया जाएगा। वकील ने जब जोर देकर कहा कि सुप्रीम कोर्ट के सामने रखी गई याचिका में अलग-अलग तरह की चिंताएं शामिल हैं, तो जस्टिस बागची ने कहा कि प्रदर्शनकारियों, व्यापारियों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों के दावों पर एक साथ विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, कोई प्रदर्शन करना चाहता है, कोई मूंगफली बेचना चाहता है, तो कोई कानून-व्यवस्था बनाए रखना चाहता है। ये सभी हमारे सामने हैं। हम इस पर एक हफ्ते बाद सुनवाई कर सकते हैं। सीजेआई ने उम्मीद जताई कि छोटे व्यापारियों और उनके परिवारों की आर्थिक नाजुक स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस मामले को संभाला जाएगा। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि सभी लोग समझदारी से काम लेंगे। छोटे दुकानदार। वे इन्हीं दिनों में अपनी आजीविका कमाते हैं। हम जानते हैं कि पूरे परिवारों को किन मुश्किलों, कठिनाइयों और संकटों का सामना करना पड़ता है। जस्टिस बागची ने कहा कि अगर अदालत को यह लगता है कि व्यापार और आजीविका पर लगाई गई पाबंदियां जरूरत से ज्यादा (अनुचित) हैं, तो उसे राहत देने का अधिकार है। जज ने कहा, अगर हम यह मानते हैं कि ये पाबंदियां ठीक नहीं है, तो सार्वजनिक कानून और मुआवजे से जुड़े कानूनों के तहत इस अदालत के पास पर्याप्त अधिकार क्षेत्र है।

सुधाकर दलेला नेपाल में भारत के अगले राजदूत नियुक्त

नयी दिल्ली। विदेश मंत्रालय में सचिव सुधाकर दलेला को नेपाल में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। सुधाकर दलेला काठमांडू में वरिष्ठ राजनयिक नवीन श्रीवास्तव की जगह जिम्मेदारी संभालेंगे। नवीन श्रीवास्तव ने हाल ही में अपना तीन साल का सफल कार्यकाल पूरा किया है। इससे ठीक एक दिन पहले नेपाल सरकार ने भी निश्चल नाथ पांडे को भारत में अपना नया राजदूत नियुक्त करने की मंजूरी दी थी। यह कूटनीतिक फेरबदल ऐसे समय पर हुआ है जब दोनों देश नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह के अगले महीने होने वाले पहले भारत दौरे की तैयारियों में जुटे हैं। भारत सरकार ने इस बार काठमांडू में अतिरिक्त सचिव रैंक के बजाय सचिव स्तर के सीनियर अफसर को तैनात करके एक कूटनीतिक संदेश दिया है।

महानवमी पर सार्वजनिक अवकाश घोषित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने महानवमी के अवसर पर 19 अक्तूबर 2026 को प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्णय के बाद शासन के सामान्य प्रशासन अनुभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

चुनावी हलफनामे में गलत जानकारी होने पर आम नागरिक भी दर्ज करा सकता है शिकायत

सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया कि अगर कोई चुना हुआ जनप्रतिनिधि अपने चुनावी हलफनामे में गलत जानकारी देता है या जरूरी बातें छुपाता है, तो आम नागरिक भी उसके खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज करा सकते हैं. कोर्ट का यह फैसला जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत नेताओं की जवाबदेही को और मजबूत करता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिताकी धारा 195 के तहत लगी पाबंदियां ऐसे मामलों में शिकायत दर्ज करने से नहीं रोकेंगी। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस शील नागू की पीठ ने कहा- निष्कर्ष के तौर पर, हमारा मानना है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 125-ए के तहत किए गए अपराध का आरोप लगाने वाली किसी भी निजी शिकायत को सीआरपीसी की धारा 195 की कड़ी शर्तों से गुजरने की जरूरत नहीं है, जैसा कि हाई कोर्ट ने माना था. अगर किसी चुने हुए उम्मीदवार को परेशान करने के लिए या झूठे आरोपों के साथ कोई शिकायत दर्ज कराई जाती है, तो देश के कानून हमारे सक्षम मजिस्ट्रेटों को पूरी शक्ति देते हैं कि वे मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए जैसा उचित समझें, वैसा आदेश पास कर सकें। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 125-ए उन उम्मीदवारों को सजा देती है जो अपने नामांकन पत्रों या चुनावी हलफनामों में गलत जानकारी देते हैं, जरूरी बातें छुपाते हैं, या अनिवार्य जानकारी देने में नाकाम रहते हैं. पीठ ने आगे कहा, इस सवाल का जवाब देने के बाद, हम दोहराते हैं कि ट्रायल मजिस्ट्रेट के सामने चल रही कार्यवाही को बंद करने का हाई कोर्ट का फैसला बरकरार रहेगा, लेकिन इसके पीछे के कारण वो नहीं हैं जो हाई कोर्ट ने दिए थे। अदालत ने यह भी ध्यान दिलाया कि भले ही चुनाव आयोग अपने क्षेत्र में सर्वोच्च है और उसने कानूनी प्रावधानों की अपनी समझ के आधार पर गाइडलाइंस या प्रेस नोट जारी किए हैं, लेकिन कानूनों की व्याख्या मुख्य रूप से अदालतों का काम है और ऐसे दिशानिर्देश या प्रेस नोट हमें (सुप्रीम कोर्ट को) मानने के लिए मजबूर नहीं करते/सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणियां राजकुमार मदकी द्वारा दायर एक अपील पर फैसला सुनाते हुए कीं. यह अपील कर्नाटक हाई कोर्ट के 7 मार्च, 2025 के फैसले के खिलाफ की गई थी. हाई कोर्ट ने बीदर निर्वाचन क्षेत्र से कर्नाटक विधानसभा के चुने हुए सदस्य शैलेंद्र बेलदाले के खिलाफ राजकुमार की आपराधिक शिकायत को खारिज कर दिया था. उनका आरोप था कि बेलदाले ने 2023 के विधानसभा चुनाव के लिए अपने नामांकन पत्र के साथ दिए हलफनामे में अपने रहने के पते के बारे में गलत जानकारी दी थी।

नयी दिल्ली से बाहर विदेशी मेहमानों की मेजबानी स्थापित प्रक्रिया-विदेश मंत्रालय

राहुल ने अमेरिकी विदेशमंत्री से मुंबई में भेंट पर उठाये थे सवाल

नयी दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की उस टिप्पणी का जवाब दिया, जिसमें उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की मुंबई में भारतीय सरकारी अधिकारियों के साथ प्रस्तावित मुलाकात पर तंज कसा था। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि नई दिल्ली के अलावा अन्य शहरों में विदेशी गणमान्य व्यक्तियों की मेजबानी करना एक स्थापित परंपरा रही है। मंत्रालय ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के आगामी कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री के साथ-साथ मार्को रुबियो के साथ उनकी मुलाकातें शामिल हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा पिछले एक दशक से भारत के अलग-अलग शहरों में समय-समय पर विदेशी गणमान्य व्यक्तियों की मेजबानी करने की परंपरा रही है। मंत्रालय ने कई ऐसे उदाहरण दिए जब भारत ने राष्ट्रीय राजधानी के बाहर विदेशी नेताओं और अधिकारियों की मेजबानी की। मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वडोदरा में स्पेन के प्रधानमंत्री, अहमदाबाद में जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ और वाराणसी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री की मेजबानी की थी।

शिक्षक युग निर्माता और राष्ट्र निर्माता-मुख्यमंत्री

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार ने कानून-व्यवस्था, आधारभूत संरचना, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, धार्मिक विरासत के संरक्षण और जनकल्याण के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन करने का कार्य किया है। समाजवादी पार्टी का विकास, शिक्षा और युवाओं के भविष्य से कोई वास्तविक सरोकार नहीं है। उसके शासनकाल में प्रदेश को दंगों, कर्फ्यू, अराजकता, भ्रष्टाचार, लूट-खसोट, खराब सड़कों और बिजली की समस्या के लिए जाना जाता था। मुख्यमंत्री आज जनपद गाजियाबाद में मेरठ खण्ड के शिक्षक एवं स्नातक विधान परिषद चुनाव के सम्बन्ध में आयोजित 'स्नातक मतदाता सम्मेलन' को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने मतदाताओं से भाजपा के शिक्षक प्रत्याशी श्री श्रीचन्द शर्मा तथा स्नातक प्रत्याशी दिनेश गोयल को विजयी बनाने की अपील की। प्रदेश में विधान परिषद की 11 सीटों के लिए चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। उनके कार्यों का आकलन करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शिक्षक और स्नातक मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पिछली बार मतदाताओं

स्नातक मतदाता सम्मेलन में बोले योगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी शिक्षा पर चाहे कितने भी बड़े उपदेश दे, उसके शासनकाल के कार्यों को भी देखा जाना चाहिए। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार कोई मगरमच्छ नदी के किनारे बैठकर किसी व्यक्ति से कहे कि वह उसकी पीठ पर बैठकर नदी पार कर सकता है, उसी प्रकार समाजवादी पार्टी शिक्षा की नौका पार लगाने का दावा करती है, लेकिन उनके अनुसार वह नौका को डुबोने वाली पार्टी है। शिक्षक और स्नातक मतदाताओं को शिक्षा, रोजगार और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर राजनीतिक दलों के दावों तथा ने श्रीचंद शर्मा और दिनेश गोयल को चुनकर विधान परिषद में भेजा था। इस बार भी भाजपा ने दोनों को प्रत्याशी बनाया है। दोनों प्रत्याशी शिक्षक एवं स्नातक समुदाय के हितों से जुड़े मुद्दों को उठाने के लिए तत्पर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जनपद मुजफ्फरनगर के शुकतीर्थ तथा लगभग 5,000 वर्ष पुराने पौराणिक तीर्थ विदुर कुटी का विकास किया जा रहा है। सरकार धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करने के साथ-साथ तीर्थस्थलों पर आधुनिक सुविधाओं का विस्तार कर रही है।

रविवार से मंगलवार तक विशिष्ट अनुष्ठान व आराधना में लीन रहेंगे मुख्यमंत्री

गोरखपुर, । शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ की पावन तपोस्थली गोरक्षपीठ में शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा से जारी आध्यात्मिक अनुष्ठान रविवार से अपने सबसे विशिष्ट और पावन पड़ाव की ओर अग्रसर होंगे। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार से मंगलवार तक अनवरत तीन दिनों तक विशेष अनुष्ठान, पूजन और पारंपरिक उत्सवों में लीन रहेंगे। अष्टमी (रविवार, 18 अक्टूबर) की शाम वह गोरक्षपीठ के पारंपरिक निशा पूजा में सम्मिलित होंगे जबकि सोमवार (19 अक्टूबर) को नवमी तिथि पर उनके द्वारा कन्या पूजन का अनुष्ठान किया जाएगा। नवरात्र की पूर्णता के बाद दशहरे के दिन मंगलवार (20 अक्टूबर) को गुरु गोरक्षनाथ की विशिष्ट पूजा कर गोरक्षपीठाधीश्वर, गोरखनाथ मंदिर से निकलने वाली विजयादशमी शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे।

मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना संग माता के जयकारों की गूंज

मंदिरों में दर्शन के लिये भक्तों का लगा तांता

लखनऊ।राजधानी में नवरात्रि के छठे दिन आदि शक्ति मां भगवती के अमोघ फलदायिनी स्वरूप मां कात्यायनी की विशेष पूजा अर्चना की गयी। इसी क्रम में चौक स्थित मठ श्री बड़ी काली जी मंदिर में बच्चे बूढ़े महिला पुरुष सभी वर्ग के लोगों ने आस्था के साथ माता से अपनी अर्जी लगायी।महन्त विवेकानंद गिरी ने बताया आज नवरात्रि के छठी तिथि में मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। माता अमोघ फलदायिनी देवी है। भगवान कृष्ण को पतिरूप में पाने के लिए व्रज की गोपियों ने मां कात्यायनी की पूजा कालिंदी यमुना तट पर की थी।यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है।इनका स्वरूप अत्यंत ही भव्य और दिव्य है।इनका वर्ण स्वर्ण के समान चमकीला और भास्वर है।मां कात्यायनी की भक्ति एवं उपासना से मनुष्य को बड़ी सरलता से अर्थ धन काम मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। आज माता का गर्भ गृह को गेंदा गुलाब कमल चमेली एवं सेब संतरा केला मखाने गाड़ी का गोला आदि सामग्रियों से श्रृंगार किया गया। माता की आरती की आरती लौंग व कपूर से की गयी।इसके अलावा छोटी काली जी मंदिर चौक में भी मां की आराधना और भव्य श्रृंगार किया गया। शहर के ग्रामीण क्षेत्र 51 शक्तिपीठ मंदिर बख्शी का तालाब के मंदिर के दरबार को अलग-अलग रंगों की रोशनी और ताजे फूलों से सजाया गया।संदोहन देवी मंदिर में नवरात्र के छठे दिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।संकटा देवी मंदिर में और श्री दुर्गा मंदिर शास्त्री नगर सहित छितवापुर एवं गणेशगंज की भुइयन देवी मंदिर और पक्का पुल व अर्जुन गंज स्थित मरी माता मंदिर में दर्शन के लिये भक्तों का तांता लगा रहा। दूसरी ओर बताते चलें कि कल राजधानी में मां पीतांबरा समूह की ओर से कानपुर रोड स्थित एलडीए कालोनी के शक्ति चौराहे पर बने शक्तिपीठ लक्ष्मी गणेश मंदिर में कन्या पूजन व हवन के बाद भण्डारे का आयोजन किया गया।आयोजक कमल किशोर शर्मा और दुर्गेश पाण्डेय ने बताया कि हवन पूजन और कन्या भोज के बाद दोपहर बारह बजे से भण्डार आयोजित किया जायेगा।

आयकर विभाग के स्थल सत्यापन में हजारों करोड़ कर चोरी का खुलासा

अचल सम्पत्ति की खरीद बिक्री पर पैन अनिवार्य-सोनल सिंह

लखनऊ। आयकर विभाग के आसूचना एवं अपराधिक अन्वेषक प्रकोष्ठ की संयुक्त निदेशक श्रीमती सोनल सिंह ने कहा कि स्थल सत्यापन में हजारों करोड़ कर चोरी का खुलासा हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 46 स्थल सत्यापन किए गये 4311 मामले में 2747.5 करोड़ लेन-देन उजागर हुए जिसमें 1714 लेन-देन में 1160.75 करोड़ विधिवत रिपोर्ट किए जा चुके हैं। कुल 26 हजार 628 त्रुटिपूर्ण लेन-देन में 14,414.82 करोड़ पाये गये जिसमें से 17487 लोन देने मामले में 9293.06 करोड़ संशोधित कर सही किया गया। आयकर विभाग के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में संयुक्त निदेश श्रीमती सिंह ने बताया कि लेन-देन की रिपोर्ट के मामले में राज्य के आई.जी. रजिस्ट्रेशन को पत्राचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले तीस लाख तक सीमा थी,अब 45 लाख कर दी गयी है,इसके ऊपर की सम्पत्तियों की रिपोर्ट अनिवार्य कर दी गयी है,उन्होंने कहा कि निबंधन में पैन अनिवार्य है जिसमे पास पैन नहीं है उन सभी मामलों की फाइलिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई जनपदों में वित्तीय लेन-देन की सही रिर्पोटिंग नहीं हो पा रही है,इसलिए स्थल सत्यापन कर उन्हें जागरूक किया जा रहा है। उपनिदेशक संदीप सिंह ने वीडियो के माध्यम से आयकर विभाग की कार्यप्रणाली की जानकारी दी,इस अवसर पर आयकर अधिकारी राकेश कुमार वर्मा, अभिषेक वर्मा मौजूद रहे।

डीजीपी ने शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को सौंपे 38 करोड़ के चेक

लखनऊ।पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण ने गुरुवार को बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ हुए एमओयू के तहत पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत आकस्मिक दुर्घटना में मृत और दिव्यांग पुलिसकर्मियों के परिजनों को आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए।डीजीपी ने 21 मृत पुलिसकर्मियों के परिजनों और 2 दिव्यांग पुलिसकर्मियों सहित कुल 23 लाभार्थियों को 38 करोड़ 05 लाख रुपये की धनराशि के चेक प्रदान किए। इस अवसर पर डीजीपी ने मृत पुलिसकर्मियों के परिजनों से व्यक्तिगत रूप से भेंट कर उनकी समस्याओं और जरूरतों की जानकारी ली। दिव्यांग पुलिसकर्मियों से भी मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस अपने कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और कठिन परिस्थितियों में पूरी संवेदनशीलता के साथ उनके साथ खड़ी रहेगी।कार्यक्रम में आईजी जीएसओ के.एस. इमैन्युअल, डीआईजी मुख्यालय मो. इमरान, बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक शैलेंद्र कुमार सिंह और शाखा प्रबंधक शशिकांत सिंह उपस्थित रहे।

फैजुल्लागंज में प्रभारी मंत्री ने किया निरीक्षण

लखनऊ। योगी सरकार बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने और जनजीवन सामान्य बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने लखनऊ के फैजुल्लागंज क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित इलाकों का स्थलीय निरीक्षण कर राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नगर निगम के कंट्रोल रूम पहुंचकर प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी, शिकायतों के निस्तारण और राहत कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रभावित परिवार तक राहत सामग्री, स्वच्छ पेयजल और जरूरी सुविधाएं समय से पहुंचाई जाएं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों की सहायता करना शासन-प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें, ताकि राहत कार्यों में कोई कमी न रहे। उन्होंने जलनिकासी में तेजी लाने और प्रभावित बस्तियों में रहने वाले लोगों की दैनिक जरूरतों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने से फैजुल्लागंज क्षेत्र में करीब 6500 घर, लगभग आठ किलोमीटर का क्षेत्र और करीब 50 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए नगर निगम और प्रशासन की टीमें लगातार काम कर रही हैं। अस्थायी आश्रय स्थलों, पेयजल आपूर्ति, खाद्य सामग्री वितरण, सफाई और स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने प्रभावित क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी के टैंकर भेजने और लोगों को फिलहाल समर्सिबल पंप का इस्तेमाल नहीं करने की सलाह देने के निर्देश दिए, ताकि दूषित पानी से होने वाली बीमारियों का खतरा कम किया जा सके।

कारोबारी और युवक ने प्रेमिका के पति की धमकी से खौफजदा होकर जान दी

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। हजरतगंज में जनरल मर्चेंट दुकानदार नरेश कुमार लालवानी (65) ने अपनी ही दुकान में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस का कहना है कि वह घाटे से आजिज हो गया था। वहीं, ठाकुरगंज में लिव इन रिलेशन में रह रहे सीतापुर के सूफियान (23) ने किराए के मकान में फांसी लगा ली। बताया जा रहा है कि महिला के पति ने उसे धमकाया था, जिससे खौफजदा होकर उसने ऐसा कदम उठाया। कैसरबाग के संडीला हाउस निवासी नरेश कुमार लालवानी की हजरतगंज मल्टीनेशनल पार्किंग के पीछे नवल किशोर रोड पर जनरल मर्चेंट की किराए पर दुकान है। बेटे जितेश के मुताबिक काफी समय से पिता का कारोबार नहीं चल रहा था। इस वजह से नरेश काफी परेशान रहते थे। गुरुवार को वह दुकान खोलने गए थे। उसके बाद देर रात तक घर नहीं पहुंचे। जितेश ने दुकान मालिक विजय को कॉल करके पिता के बारे में जानकारी हासिल की। इस पर विजय दुकान पहुंचकर नरेश को देखने पहुंचे। बेटे जितेश के मुताबिक विजय जब दुकान पहुंचे तो आधा शटर खुला हुआ था। विजय ने पूरा शटर खोला तो अंदर का नजारा देख दंग रह गए। उन्होंने देखा कि नरेश कुंडे में रस्सी के सहारे लटके हुए थे। विजय ने उनके बेटे जितेश को जानकारी दी। मौके घरवाले पहुंचे। फिर पुलिस को सूचना दी। हजरतगंज इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। नरेश की पत्नी भावना का वर्ष 2008 में बीमारी के चलते निधन हो गया था। वहीं, मूलत: सीतापुर रेउसा निवासी सूफियान करीब 12 दिन पहले ठाकुरगंज गऊघाट में किराए पर रह रहा था। भाई अकबर ने बताया कि सूफियान दिल्ली में रहकर काम करता था। वहां उसका अयोध्या की शादीशुदा एक महिला से संपर्क हो गया। वह महिला को दिल्ली से लेकर लखनऊ आया था। ठाकुरगंज में उसके साथ लिव इन रिलेशन में रहने लगा था। बुधवार को महिला अयोध्या अपने मायके चली गई थी। भाई अकबर का आरोप है कि महिला के पति ने गुरुवार सुबह सूफियान को कॉल करके धमकाया था। धमकी से परेशान होकर सूफियान ने फांसी लगा ली। उसी दिन देर रात को महिला ने सूफियान को कॉल किया, लेकिन उसकी कॉल रिसीव नहीं हुई। इस पर महिला ने शुक्रवार सुबह पड़ोसी को कॉल करके कहा कि वह उसके पति से बात करा दे। इस पर पड़ोसी जब सूफियान के कमरे में पहुंचा तो देखा कि दरवाजा बंद था।

छात्राओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण, 2 नवंबर से शुरू होंगी कक्षाएं

लखनऊ ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बेटियों को शिक्षा के साथ कौशल, स्वावलंबन और रोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को आधुनिक और रोजगारपरक कौशल से लैस करने के लिए 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत शैक्षिक सत्र 2026-27 में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने प्रदेश के 71 कस्तूरबा विद्यालयों की 2,672 छात्राओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रशिक्षण कक्षाएं आगामी 2 नवंबर से शुरू होंगी।योगी सरकार की इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को पारंपरिक स्कूली शिक्षा के साथ व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य में रोजगार प्राप्त करने के साथ स्वरोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में भी आगे बढ़ सकें। विशेष रूप से ग्रामीण और वंचित वर्ग की बालिकाओं को आधुनिक तकनीक और उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण देकर उनके लिए आत्मनिर्भरता के नए अवसर तैयार किए जाएंगे। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार बेटियों को सशक्त, स्वावलंबी और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का प्रयास है कि बेटियों को शिक्षा के साथ ऐसा व्यावहारिक कौशल भी मिले, जो उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करे और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में सहायक बने।

कनिष्ठ विश्लेषक भर्ती मामले में यूपीएफएसडीए की बड़ी कानूनी जीत, हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

लखनऊ-उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (यूपीएफएसडीए) को कनिष्ठ विश्लेषक (खाद्य) के 417 पदों पर भर्ती के मामले में बड़ी कानूनी जीत मिली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ की दो सदस्यीय खंडपीठ ने भर्ती के लिए निर्धारित शैक्षिक योग्यता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय और न्यायमूर्ति आलोक माथुर की खंडपीठ ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि कनिष्ठ विश्लेषक (खाद्य) के पद के लिए राज्य सरकार द्वारा निर्धारित शैक्षिक योग्यता वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप है। अदालत ने संबंधित भर्ती नियमों को वैध ठहराते हुए याचिका खारिज कर दी।शैक्षिक योग्यता और भर्ती नियमों को दी गई थी चुनौती मामला विज्ञापन संख्या 04/2024 के तहत कनिष्ठ विश्लेषक (खाद्य) के 417 पदों पर सीधी भर्ती से जुड़ा है। पंकज कुमार सहित 10 याचिकाकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग विश्लेषक (खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला) सेवा नियमावली, 2017 के नियम 8(2) में वर्ष 2020 में किए गए संशोधन तथा भर्ती विज्ञापन में निर्धारित शैक्षिक योग्यता को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि खाद्य प्रौद्योगिकी, डेयरी प्रौद्योगिकी, ऑयल टेक्नोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी जैसी विषयगत डिग्रियों को भी भर्ती के लिए पात्रता में शामिल किया जाना चाहिए।

बढ़ेगी किसानों की आय और मजबूत होगा रोजगार तंत्र-केशव

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव

प्रसाद मौर्य ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने वाला महत्वपूर्ण आधार है। यह क्षेत्र किसानों की आय में वृद्धि, कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन तथा युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग प्रभावी माध्यम सिद्ध होगा। श्री मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार औद्योगिक विकास के साथ-साथ हरित ऊर्जा को भी प्राथमिकता दे रही है। सौर ऊर्जा आधारित औद्योगिक मॉडल भविष्य की आवश्यकता है, जो उद्योगों की लागत कम करने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी बनाने में सहायक होगा। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत उपलब्ध प्रोत्साहनों, अनुदानों और निवेश सुविधाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे अधिक से अधिक उद्यमी प्रदेश में निवेश के लिए आगे आएं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिले। अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बीएल मीणा की अध्यक्षता में खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय में गठित एप्रेजल समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में प्राप्त निवेश प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए पात्र प्रस्तावों पर सहमति एवं आवश्यक शर्तों के संबंध में निर्णय लिए गए।बैठक में समिति को अवगत कराया गया कि 13 अक्टूबर तक ऑनलाइन पोर्टल पर कुल 38 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

कारागारों की सुरक्षा और सुधार कार्यों को लेकर डीजी नें की समीक्षा

लखनऊ। महानिदेशक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं उत्तर प्रदेश पी.सी. मीना की अध्यक्षता में शुक्रवार को कारागार मुख्यालय से प्रदेश के सभी परिक्षेत्रीय डीआईजी और जेल अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक हुई।बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति पर चर्चा करते हुए डीजी ने कई अहम निर्देश दिए। मानव संपदा पोर्टल पर कार्मिकों के अभिलेख अपलोड करने और विभाग के सभी पदों को पोर्टल पर दर्ज करने की स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता पर समय से पूरा करने को कहा।आदर्श कारागार में बंदियों के स्थानांतरण के प्रस्ताव और प्रदेश की जेलों में लगे जार्विस सीसीटीवी कैमरों की मुख्यालय स्थित वीडियो वॉल से कनेक्टिविटी की भी समीक्षा हुई। डीजी ने निगरानी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।बैठक में महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों की देखभाल के लिए जनपद स्तरीय बैठकों, मुलाकात के दौरान तलाशी व्यवस्था को व्यवस्थित करने, दिव्यांग बंदियों के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, उनके लिए अलग मुलाकात व्यवस्था और रैम्प जैसी सुविधाओं की उपलब्धता पर भी चर्चा हुई।

शिक्षित और जागरूक समाज ही विकसित भारत की नींव - पंकज चौधरी

शिक्षकों को कैशलेस इलाज, पारदर्शी तबादले और भर्ती प्रक्रिया से राहत दे रही भाजपा सरकार

लखनऊ /अयोध्या,(आज समाचार सेवा)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की सबसे बड़ी ताकत सत्ता की कुर्सी, धनबल या बाहुबल नहीं, बल्कि मतदाता का विश्वास, मतदाता का अधिकार और मतदाता का एक-एक वोट है। शिक्षित, जागरूक और सशक्त समाज ही विकसित भारत की नींव को मजबूत कर सकता है। नई पीढ़ी अब सवाल पूछती है, तर्क करती है, तथ्यों को समझती है और अपने भविष्य के प्रति ज्यादा जागरूक हुई है। इस बदलाव का सबसे बड़ा श्रेय शिक्षकों को जाता है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने यह बातें जनपद अयोध्या में गोरखपुर.फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित शिक्षक मतदाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं। श्री चौधरी ने आगे कहा कि शिक्षक केवल शिक्षा नहीं देते, बल्कि जीवन की दिशा देते हैं। शिक्षक केवल विद्यार्थी नहीं बनाते, बल्कि राष्ट्र का भविष्य बनाने का रास्ता तय करते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों को नमन, वंदन और अभिनंदन किया। भाजपा प्रत्याशी ध्रुव त्रिपाठी के समर्थन में श्री चौधरी ने कहा कि ध्रुव त्रिपाठी उत्साही, मधुर व ईमानदार प्रत्याशी हैं। उन्होंने शिक्षकों से २३ तारीख को अपना मत देकर ध्रुव त्रिपाठी को समर्थन देने की अपील की। शिक्षकों से जुड़े विषयों पर चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षकों को पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान की है। शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों को राहत देनेए व्यावसायिक शिक्षकों का मानदेय बढ़ाने, ऑनलाइन जीपीएफ ऋण

भुगतान को सरल बनाने तथा मृतक आश्रितों की नौकरी की प्रक्रिया को सरल बनाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि पारदर्शी स्थानांतरण प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से निष्पक्ष भाव से लागू की जा रही है। अलंकार योजना के तहत शासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों और जर्जर भवनों के पुनर्निर्माण के लिए ७५ लाख रुपये तक की सहायता दी जा रही है और कायाकल्प योजना से लाखों विद्यालयों का कायाकल्प किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने लगभग दो लाख शिक्षकों की भर्ती की है, जिनमें एक लाख ६५ हजार की भर्ती प्राथमिक विद्यालयों में, १२ हजार राजकीय विद्यालयों में, १५ हजार शासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में की गई है और ५०० से अधिक प्रधानाचार्यों का भी चयन किया गया है। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हेड ऑफ द गवर्नमेंट के रूप में २५ वर्ष पूर्ण हुए हैं। यह अविचल तप और कठोर साधना राष्ट्र को समर्पित रहा है। पिछले १०-१२ वर्षों में प्रधानमंत्री ने राष्ट्र प्रथम को ध्यान में रखकर काम किया है। आज भारत आत्मनिर्भर भारत की तरफ बढ़ रहा है और वैश्विक नेतृत्व कर रहा है साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि बदली है। श्री चौधरी ने कहा कि आज भारत में २,३०,००० से ज्यादा स्टार्टअप चल रहे हैं और करीब १०० से ज्यादा स्टार्टअप यूनिकॉर्न में सम्मिलित बने हैं। हाईवे, एक्सप्रेसवे, एविएशन, एयरपोर्ट, पोर्ट और रेलवे के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहा है। प्रधानमंत्री ने सबका साथ, सबका विकास के नारे के साथ गरीबों के कल्याण के लिए काम किया है। पात्रता के आधार पर लोगों को मकान, शौचालय, पानी, बिजली और दवाई जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम किया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने धारा ३७० समाप्त करके लाल चौक पर तिरंगा फहराने का काम किया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद को समाप्त करने का काम किया है और आज भारत आतंकवादी हमलों का जवाब देने में सक्षम है। कार्यक्रम में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी, जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव सहित मेयर, विधायकगण, माध्यमिक एवं वित्त विहीन शिक्षक संघ के अध्यक्ष, शिक्षकगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा ने जनसमर्थन खो दिया,एसएसआर का उल्टा आरएसएस-अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने जनसमर्थन खो दिया है। जनता भाजपा के साथ नहीं खड़ा होना चाहती है। भाजपा और उसके अनरजिस्टर्ड, दरारवादी, नकारात्मक लोग जानते हैं कि अब वे सीधा मुकाबला नहीं कर सकते हैं इसीलिए चुनाव आयोग के माध्यम से साजिश कर रहे हैं। कुछ दिन पहले मतदाता सूची का एसआईआर हो चुका है लेकिन अब फिर से एसएसआर कराया जा रहा है। इस एसएसआर का उल्टा आरएसएस है, भाजपा अपने निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर नए-नए षड्यंत्र और साजिश करती है।यह बातें उन्होने शुक्रवार को पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में व्यक्त कीं। श्री यादव ने चुनाव आयोग से कहा कि एक वोटर लिस्ट का एक ही रिवीजन करें, रिवीजन के ऊपर रिवीजन न करें। यह तय होना चाहिए कि एसएसआर के बाद अब मतदाता सूची का कोई रिवीजन नहीं हो। जब एसएसआर का फैसला ले लिया है तो अब वही आखिरी होना चाहिए। समाजवादी पार्टी डबल रिवीजन के पक्ष में नहीं है। मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर फर्जी वोट का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने मतदाता सूची में डबल और ट्रिपल वोट का मामला उठाया। आजमगढ़ के एक नौजवान का दस वोट बन गया है। इसी तरह से मतदाता सूची में कई लोगों के दो-दो, तीन-तीन और चार-चार वोट बने हैं। उन्होने आजमगढ़ के विकास यादव का परिचय कराते हुए कहा कि सीधे-साधे नौजवान का दस वोट बना दिया। इसने सिर्फ एक वोट बनवाया लेकिन इसका कई जगह वोट बना दिया गया। एक वोट इसका पड़ेगा और 9 वोट भाजपा डालेगी। श्री यादव ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त का भंडाफोड़ हो गया है, उन्हें पता नहीं था कि जनता इतना बड़ा भंडाफोड़ कर देगी। जब चुनाव आयोग की चोरी सबूतों के साथ पकड़ी गयी तो अब कहा जा रहा है कि छोटी.मोटी गलती है। दरअसल यह छोटी-मोटी नहीं, बहुत मोटी और खोटी साजिश है। श्री यादव ने कहा कि एसआईआर और एसएसआर का कोई विरोध नहीं है। विरोध भाजपा की साजिश, षडयंत्र और चालबाजी है। उन्होने कहा कि भाजपा से उसका आधार वोट दूर जा रहा हैए इसीलिए वह साजिश कर रही हैं। उन्होने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन भाजपा का वन करप्सन, वन इलेक्शन है। भाजपा चाहती कि एक बार बेईमानी, भ्रष्टाचार और वोटों की लूट कर चुनाव हो जाए जिससे बार-बार घपला न करना पड़े। इनके वन नेशन वन इलेक्शन के षडयंत्र को जनता समझ गयी है। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून.व्यवस्था ध्वस्त है। प्रदेश में लगातार हत्याएं हो रही हैं। अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा हैं। अपराधियों को सत्ता का संरक्षण है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पाप का घड़ा तो पहले ही भर गया है, इनके पाप की टंकी भी भर गयी है। एक सवाल के जवाब में श्री यादव ने कहा कि हम लोग वोट चोरी और चुनावी घपलेबाजी के खिलाफ चुनाव आयोग से लड़ रहे हैं, भाजपा क्यों उसके साथ खड़ी है। चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश में कुंदरकी, मीरापुर उपचुनाव लूटने के बाद फैसला कर लिया था कि सीसीटीवी फुटेज नहीं दी जाएगी। चुनाव आयोग समाजवादी पार्टी द्वारा दिए गए एफिडेविट पर कोई कार्रवाई नहीं। क्योंकि भाजपा की आयोग से सांठगांठ हैं। श्री यादव ने समाजवादी पार्टी के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं, आम जनता से अपील की कि 17 अक्टूबर और 24 अक्टूबर को अपने-अपने बूथों पर रहें। अपना वोट जुड़वाएं। फर्जी वोट बनने से रोके। मतदाता सूची पर निगरानी रखें।

भाजपा नेता व पूर्व सांसद राजपाल सैनी सहित अन्य दलों के कई नेता सपा में शामिल

लखनऊ। समाजवादी पार्टी की नीतियों में आस्था एवं विश्वास व्यक्त करते हुए शुक्रवार को भाजपा, बसपा, आजाद समाज पार्टी, निषाद पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल छोड़कर दर्जनों नेता अपने-अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हो गये। समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले नेताओं में प्रमुख रूप से भाजपा नेता पूर्व सांसद राजपाल सैनी, पूर्व सांसद श्यामाचरण गुप्ता के पुत्र विदुप अग्रहरि, क्षत्रिय महासभा बरेली मंडल के उपाध्यक्ष, बदायूं निवासी भाजपा नेता रवि प्रताप सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य शामली के हरवीर मलिक, पूर्व मंत्री रियाज अहमद के पुत्र और बसपा से पीलीभीत विधानसभा से प्रत्याशी रहे शाने अली, बसपा से गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रहे ठाकुर नंद किशोर पुण्डीर, पश्चिमी यूपी में आजाद समाज पार्टी के प्रभारी कमल गौतम, शामली के निषाद पार्टी के शोकेन्द्र आचार्य, राष्ट्रीय लोकदल के संजीव प्रधान, राजेन्द्र मलिक, बिजेन्द्र मलिक, शुभम मलिक, राजेन्द्र सिंह शामली व सिवान सैनी रहे। इस अवसर पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शामिल होने वाले सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं और उनके सहयोगियों का स्वागत किया और आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोग आपस में जितना प्रेम बढ़ाएंगे, एक-दूसरे के प्रति दया की भावना रखेंगे और जितना अपनापन होगा उतना ही पीडीए परिवार मजबूत होगा। जबकि राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि लगातार कई दिनों से प्रदेश के विभिन्न जिलो से प्रभावशाली लोग समाजवादी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। समाजवादी पार्टी का कारवां तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुजफ्फरनगर के सांसद श्री हरेन्द्र मलिक ने कहा कि उत्तर प्रदेश का कमेरा वर्ग, पीडीए, किसान, नौजवान, छात्र आज समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव की तरफ उम्मीदों से देख रहा है। आने वाले चुनाव में पश्चिमी यूपी का कमेरा समाज और किसान समाजवादी पार्टी को सबसे ज्यादा सीटें जिताने जा रहा है। इस अवसर पर कैराना से सांसद सुश्री इकरा हसन सहित पश्चिमी यूपी के अन्य नेता मौजूद रहे।

प्रकाशन का 107 वाँ वर्ष

आज

3 रुपये मात्र

लखनऊ, शनिवार 17 अक्टूबर, 2026 | Online Edition : www.ajhindidaily.com | नगर संस्करण पृष्ठ-12 | मूल्य 3.00 रुपये

वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, (मध्य प्रदेश संस्करण), कानपुर, (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना, रांची, (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

तिरंगा मार्च से पूर्व दिपके-नेहा बोरा समेत 150 हिरासत में

ममता-केजरीवाल समेत विपक्ष ने कहा-यह अघोषित इमरजेंसी

नयी दिल्ली (आससे)। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संयोजक अभिजीत दीपके और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। नेहा को

मंडी हाउस से हिरासत में लिया गया है। अभिजीत दीपके तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क जा रहे थे। दिल्ली पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अबतक 150 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया जा चुका है।तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए अभिजीत दीपके घर से निकले ही थे कि इससे पहले ही हिरासत में ले लिया गया। दीपके को 6 दिन में दूसरी बार हिरासत में लिया गया है। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दीपके को हिरासत में लिए जाने पर कहा है कि यह अघोषित इमरजेंसी है तो वहीं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवा ने कहा है कि यह तानाशाही है। हिरासत में लिए जाने से पहले ही दिल्ली पुलिस की एक टीम अभिजीत दीपके के पास पहुंच गई थी। दिल्ली पुलिस की टीम ने दीपके को नोटिस थमाया। इस नोटिस में तिरंगा मार्च न करने की बात कही गई है। नोटिस में बताया गया है कि जहां वे तिरंगा मार्च निकालने जा रहे हैं वहां पर धारा 163 लागू है और अगर वे मार्च निकालते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

आदेश अनुचित मिला तो व्यापारियों को होगी नुकसानकी भरपायी-सुप्रीम कोर्ट

कनाट प्लेसका सेन्ट्रल पार्क बन्द करने का मामला

नयी दिल्ली (आससे)। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को व्यापारियों को आश्वासन दिया कि अगर कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क को बंद करने संबंधी एनडीएमसी का आदेश अनुचित या जरूरत से अधिक सख्त पाया गया, तो उन्हें हुए नुकसान की भरपाई के लिए कदम उठाये जायेंगे।

दिल्ली पुलिस की बर्बरता को अनदेखा नहीं करेंगे-राहुल

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान कथित पुलिस काररवाई में कई विद्यार्थियों के घायल होने का हवाला देते हुए शुक्रवार को कहा कि 'अमित शाह की दिल्ली पुलिस की बर्बरता को अनदेखा नहीं किया जायेगा' और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ हर कानूनी रास्ता अपनाया जायेगा। गांधी ने इन विद्यार्थियों से हाल ही में हुई मुलाकात का एक वीडियो 'एक्स' पर साझा किया। इनमें कुछ का संबंध कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई से है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने केरल की अथिरा और राजस्थान की रितु समेत कई विद्यार्थियों की पिटाई की,

लेकिन इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार किया जा रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने केरल के

जिम्मेदार अधिकारियोंके खिलाफ अपनायेंगे कानूनी रास्ता

गृह मंत्री रमेश चेन्निथला और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से बात की तथा उनसे संबंधित पुलिस अधिकारी के खिलाफ अपने यहां मामला दर्ज कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि केरल में पहले ही 'जीरो एफआईआर' दर्ज की जा चुकी है और घटना के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ केरल, राजस्थान तथा अदालतों में उपलब्ध सभी कानूनी विकल्पों का इस्तेमाल किया जायेगा। गांधी ने कहा कि अमित शाह की दिल्ली पुलिस की बर्बरता को अनदेखा नहीं किया जायेगा। कांग्रेस नेता ने इस घटना की तुलना 1930 के धरासणा सत्याग्रह से भी की और कहा कि उस समय सरोजिनी नायडू के नेतृत्व में निहत्थे सत्याग्रहियों ने पुलिस की लाठियों का सामना किया था, लेकिन उनमें से किसी ने जवाब में हाथ नहीं उठाया और पूरी दुनिया ने इसे देखा था।

लोकतंत्रमें जनादेश से निकलता है सत्ताका मार्ग, अराजकतासे नहीं-योगी

भारतका लोकतंत्र जनविश्वासकी जड़ोंपर खड़ा विशाल वटवृक्ष

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस सहित विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि हमारी युवाशक्ति भारत का भविष्य संवारने के लिए है, किसी की सत्ता की भूख मिटाने के लिए नहीं। उन्होंने एक्स पर बयान देकर कहा कि लोकतंत्र में सत्ता का मार्ग जनादेश से निकलता है, अराजकता से नहीं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि चुनाव सुधार का मुखौटा, न्याय का नारा और लोकतंत्र की दुहाई देकर देश में अस्थिरता के बीज बोने वालों को समझना होगा कि भारत का लोकतंत्र जन-विश्वास की जड़ों पर खड़ा विशाल वटवृक्ष है, जिसे षड्यंत्रों के अंधड़ हिला नहीं सकते। उन्होंने एक्स पर बयान दिया कि लोकतंत्र में सत्ता का मार्ग जनादेश से निकलता है, अराजकता से नहीं। बांग्लादेश की तर्ज पर भारत में सत्ता परिवर्तन का स्वप्न देखने वाली शक्तियां युवाओं के हाथों में राष्ट्र निर्माण की मशाल के स्थान पर अराजकता के औजार थमाना चाहती हैं। चुनाव सुधार का मुखौटा, न्याय का नारा और लोकतंत्र की दुहाई देकर देश में अस्थिरता के बीज बोने वालों को समझना होगा कि भारत का लोकतंत्र जन-विश्वास की जड़ों पर खड़ा विशाल वटवृक्ष है, जिसे षड्यंत्रों के अंधड़ हिला नहीं सकते। हमारी युवाशक्ति

भारत का भविष्य संवारने के लिए है, किसी की सत्ता की भूख मिटाने के लिए नहीं। जनता-जनार्दन ने राजनीति के इन मारीचों-कालनेमियों को पहचानकर ही सत्ता से दूर रखा है। अब ये देश को अराजकता की आग में झोंककर कुर्सी हथियाना चाहते हैं। उनकी इस सियासी साजिश को देश कभी सफल नहीं होने देगा। कांग्रेस समेत विपक्ष भाजपा सरकार पर वोट चोरी का आरोप लगाकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहा है। इसे लेकर प्रदर्शन जारी है।

यूपी में पदक लाओ, पद पाओ' के तहत खिलाड़ियों की सीधी भर्ती

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्रि की षष्ठी तिथि की बधाई दी। उन्होंने कहा कि समस्त बाधाओं और आसुरी प्रवृत्तियों का संहार करने वाली मां कात्यायनी नारीशक्ति के अदम्य साहस, अटूट संकल्प और अजेय पराक्रम का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने आस्था, विकास व विरासत के जरिए राज्य में आये बदलाव से अवगत कराते हुए कहा कि प्रदेश में अब 'पदक लाओ, पद पाओ' के तहत खिलाड़ियों की सीधी भर्ती हो रही है।

संसद सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने पर खड़गे ने सरकार को घेरा

नयी दिल्ली (आससे)। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर संसद के मानसून सत्र को लंबे समय तक स्थगित रखने और परिसीमन जैसे

महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम सहमति न बनाने को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। 16 अक्टूबर 2026 को लिखे इस पत्र में खड़गे ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। विपक्ष के नेता ने प्रधानमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि 13 अगस्त 2026 को संसद का मानसून सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। आज इस बात को 64 दिन बीत चुके हैं, लेकिन दोनों सदनों का सत्रावसान नहीं किया गया है। उन्होंने इस स्थिति को अभूतपूर्व और संसदीय परंपराओं के विपरीत बताया है। खड़गे ने पत्र

प्रधानमंत्रीसे की सर्वदलीय बैठक बुलानेकी मांग

में पूर्व के घटनाक्रमों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने 11 अप्रैल 2026 को भी प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर परिसीमन पर संवैधानिक संशोधन विधेयक लाने से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाने का आग्रह किया था। लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। इसके बाद 14 अप्रैल की देर शाम बिल को सार्वजनिक किया गया और 16 अप्रैल को विशेष सत्र बुला लिया गया।

सऊदी अरबमें भारतीयोंको सतर्क रहने की सलाह

नयी दिल्ली (आससे)। सऊदी अरब में मौजूदा स्थिति को देखते हुए रियाद स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और स्थानीय अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है। दूतावास ने कहा है कि हवाई हमले की स्थिति में लोग घरों के अंदर रहें और सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करें। भारतीय राजदूत

रियाद एयरपोर्ट पर उड़ानें बंद

विपुल ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर यह परामर्श साझा किया। राजदूत ने चेतावनी दी कि स्थानीय नियमों के तहत हवाई हमलों से संबंधित वीडियो बनाना, जानकारी प्रकाशित करना या साझा करना कानूनी कार्रवाई का कारण बन सकता है।

बुलंदशहर : पेड़ से टकरायी कार, पांच मरे

बुलंदशहर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में शुक्रवार को तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3

लोग घायल हैं। ये सभी मंदिर दर्शन को जा रहे थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की मृतकों की पहचान करने में जुट गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त की। साथ ही अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी निशा ग्रेवाल ने बताया कि यह हादसा जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर डिबाई तहसील के नरौरा थाना क्षेत्र रतनपुर के पास में हुआ।कासगंज जिले के सिढ़पुरा का रहने वाला परिवार वैन कार में बुलंदशहर जिले में नरौरा के पास बेलोन गांव में सर्वमंगला माता (बेलोन माता) के दर्शन के लिए जा रहे थे। जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर डिबाई तहसील के नरौरा थाना क्षेत्र रतनपुर के पास तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई।

रोडवेज आउटसोर्स कर्मियों का वेतन बढ़ना तय

लखनऊ (आससे)। रोडवेज के आउटसोर्स कर्मचारियों की तनख्वाह बढ़ाने के लिए रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रयास पर पत्राचार शुरू हो गया। दीपावली से पहले इस पर निर्णय होने की उम्मीद जगी है। बीती मई में शासन से आउटसोर्स के कुशल कर्मियों को पारिश्रमिक दर 16,868 रुपये और अकुशल को 11,629 रुपये देने का आदेश दिया गया। लेकिन शासन के आदेश को दरकिनार करते हुए 8400 रुपये प्रति कर्मी भुगतान किया जा रहा है।

मेरठ सांप कांड के दोषी रविता अमरदीप को फांसी की सजा

मेरठ (एजेंसी)। मेरठ के बहसूमा क्षेत्र के गांव अकबरपुर सादात निवासी अमित कश्यप उर्फ मिक्की कश्यप हत्याकांड में अदालत ने उसकी पत्नी रविता और उसके प्रेमी अमरदीप को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। मेरठ के चर्चित सर्पदंश हत्याकांड में दोनों को पहले ही हत्या और साक्ष्य मिटाने का दोषी करार दिया गया था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे-12) जयवीर सिंह नागर की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। अमित की हत्या को सांप के काटने से हुई मौत दिखाने की कोशिश की गयी थी। शुरुआत में परिवार को भीयही बताया गया कि अमित की मौत सर्पदंश से हुई है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की जांच में हत्या की बात सामने आयी।

उज्जैनमें महामंडलेश्वर ज्योतिगिरिके अवैध आश्रम पर चला बुलडोजर

उज्जैन (एजेंसी)। धार्मिक नगरी उज्जैन में सिंहस्थ आरक्षित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन ने एक बार फिर कड़ा रुख अपनाया है। शुक्रवार तड़के नगर निगम की टीम ने बड़ी कारवाई करते हुए कर्कराज पार्किंग और नृसिंहघाट क्षेत्र के समीप स्थित जूना अखाड़े के हरियाणा सेवा आश्रम पर बुलडोजर चला दिया। महामंडलेश्वर ज्योतिगिरिजी महाराज द्वारा सिंहस्थ की सुरक्षित जमीन पर होटलनुमा अवैध जी+3 (चार मंजिला) भवन तान लिया गया था।

राजद विधायक के रिश्तेदार की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

मधेपुरा (आससे.)। बिहार में दिनदहाड़े शुक्रवार को पीएचडी छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक राजद विधायक का रिश्तेदार था। यह घटना मधेपुरा के गोढ़ियारी चिमनी के पास घटी। जहां बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी। मृतक की पहचान थाना के घैलाढ़ थाना के इनरवा गांव निवासी सुनील यादव के बेटे 25 वर्षीय प्रिंस रंजन के रूप में हुई है। वह राजद विधायक को प्रोफेसर चंद्रशेखर का ममेरा भाई था। विधायक ने बताया कि प्रिंस रंजन से बदमाशों ने बाइक और मोबाइल छीनने की कोशिश की थी। विरोध करने पर गोली मार कर हत्या कर दी गयी। उन्होंने बिहार में हत्या और छिनतई की बढ़ती घटनाओं को लेकर चिंता जतायी है।

बेगूसराय : ज्वेलरी दुकान से दिनदहाड़े ४० लाखके आभूषण की लूट

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार के बेगूसराय में फुलवरिया बाजार में शुक्रवार को दिनदहाड़े बदमाशों ने करीब 40 लाख रुपए के सोने- चांदी के गहने और एक लाख रुपए नगद लूट लिए। दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए नकाबपोश बदमाशों ने मां पार्वती ज्वेलर्स दुकान में घुसते ही दहशत फैलाने के लिए करीब 15 राउंड हवाई फायरिंग की।

रेलवे ट्रैक पर गड़बड़ी रोकनेके लिए ड्रोनसे निगरानी

नयी दिल्ली (आससे)। भारतीय रेलवे ट्रैक पर पथराव, चोरी और अवैध आवाजाही जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ड्रोन से निगरानी बढ़ा रहा है। कैमरों से लैस ड्रोन के जरिये संवेदनशील स्थानों पर नजर रखी जा रही है। इससे संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करने और स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने में भी मदद मिल रही है। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, मार्च 2027 तक ड्रोन की संख्या 11 से बढ़ाकर 22 करने की योजना है। ईस्ट कोस्ट रेलवे ने अपने तीन मंडलों में 11 ड्रोन तैनात किए हैं। ये 284 स्टेशनों, 2,708 रूट किलोमीटर और 6,072 ट्रैक किलोमीटर के दायरे में निगरानी कर रहे हैं। इनमें खुर्दा रोड मंडल में चार, संबलपुर में छह और रायगढ़ा में एक ड्रोन तैनात है। रेलवे की योजना मार्च 2027 तक इनकी संख्या 22 करने की है। ईस्ट कोस्ट रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक जनवरी से 15 सितंबर 2026 के बीच ड्रोन से 3,033 उड़ानें भरीं।

पथराव और चोरी रोकने के लिए उठाया कदम

नौकरी का झांसा देकर जालसाज भाईयों ने हड़पे 6.50 लाख

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। अलीगंज में जालसाज भाइयों ने रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवक से 6.50 लाख रुपये हड़प लिए। आरोपियों ने खुद को अधिकारियों का करीबी बताकर भरोसे में लिया। फिर एक आरोपी ने सीआरपीएफ की वर्दी पहनकर सोशल मीडिया पर तस्वीरें भी दिखाईं। नौकरी नहीं लगने पर रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। डीसीपी उत्तरी अमित कुमार आनंद के आदेश पर अलीगंज पुलिस ने दो भाइयों समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मूलतः बाराबंकी के जमोली निवासी कुलदीप यादव अलीगंज सेक्टर-डी में किराए पर रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान उसकी मुलाकात विशेष कुमार से हुई। आरोप है कि विशेष ने खुद को यूपीएससी सीआरपीएफ में चयनित बताया। मोबाइल पर अधिकारियों के साथ अपनी वर्दी पहने तस्वीरें दिखाकर उसे विश्वास में लिया। बातचीत में बताया कि कि वह कई लोगों की एसएससी, यूपी पुलिस और रेलवे में नौकरी लगवा चुका है। विशेष ने अपनी दोस्त आकांक्षा त्रिवेदी का चयन भी एसएससी जीडी में एसबीबी पद पर कराने की बात कही। विशेष ने अपने भाई विवेक कुमार से फोन पर बात कराई। विवेक ने खुद को शिक्षक बताते हुए कई लोगों को नौकरी दिलाने और नियुक्ति पत्र दिलवाने की बात कही। आरोपियों की लच्छेदार बातों में फंसे कुलदीप ने रेलवे में नौकरी के लिए 6.50 लाख रुपये नकद और ऑनलाइन दे दिए। कुछ समय बाद उससे 11वीं या 12वीं की मार्कशीट और दो खाली चेक मांगे गए। उसने दस्तावेज देने से इनकार कर दिया तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे। नौकरी नहीं लगने पर रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने धमकाया। धमकी के चलते कुलदीप ने किराए का कमरा छोड़ दिया। अलीगंज पुलिस ने विवेक कुमार, उसका भाई विशेष कुमार निवासी सदियापुर रुधवानी एटा और दोस्त आकांक्षा त्रिवेदी निवासी बहादुरनगर लखीमपुर खीरी के खिलाफ धोखाधड़ी व धमकी का मुकदमा दर्ज किया है।

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर वकीलों का प्रदर्शन

लखनऊ,। उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं द्वारा लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफे की मांग को लेकर हाई कोर्ट लखनऊ गेट नम्बर 6 से लेकर बाबू उमेश चंद चौक तक जोरदार पैदल मार्च व प्रदर्शन किया गया। इसमें मुख्य रूप से समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल, समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव, समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव संदीप कुमार यादव, राष्ट्रीय महासचिव सिराज अहमद खान, राष्ट्रीय सचिव अंकित यादव, उमेश यादव, रामवृक्ष यादव, विष्णु देव यादव,दिलीप पाठक, अजीत यादव, आदेश यादव, हैदर अब्बास, अंजनी प्रकाश, धीरेंद्र सिंह, शुभांगी द्विवेदी, स्वतंत्र लता यादव, धीरज यादव अजय कुमार, मनीष यादव, केशव कुमार, रूपेंद्र यादव, अशोक भारती, विजय बहादुर यादव, दिग्विजय सिंह, राजित राम यादव,अनुज पाल, दिनेश कुमार, अभिषेक यादव, जितेंद्र कुमार, प्रेमचंद वर्मा, शांति ओम, नरेंद्र वर्मा, सनी पटेल, अमरेंद्र बाहुबली, प्रकाश चंद्र, आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

आजाद समाज पार्टी का प्रदर्शन

लखनऊ,। राजधानी में शुक्रवार को आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। हुसैनगंज स्थित पीएफसी बिल्डिंग पर कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की और नोकझोंक हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर अभद्रता करने का आरोप लगाया। प्रदेश सचिव अनिकेत धानुक ने आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार ने लोकतंत्र की हत्या की है। उन्होंने कहा कि जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त इस्तीफा नहीं देंगे, तब तक पार्टी के कार्यकर्ता सड़क पर प्रदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने दावा किया कि 35 करोड़ से ज्यादा वोटों की चोरी कर अलग-अलग राज्यों और केंद्र में भाजपा की सरकार बनवाने में मदद की गई।

84 लाख आवेदन के मुकाबले 71 लाख फॉर्म-6 ही सार्वजनिकः संजय सिंह

लखनऊ। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसआईआर के बाद नए वोटरों के नाम जोड़ने की प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि नाम जोड़ने के लिए 84 लाख आवेदन आए, लेकिन चुनाव आयोग ने केवल 71 लाख फॉर्म-6 ही सार्वजनिक किए। उन्होंने पूछा कि बाकी 13 लाख नाम किस आधार पर जोड़े गए। संजय सिंह ने इस मामले में चुनाव आयोग से जवाब मांगा। साथ ही भाजपा पर वोट चोरी की तैयारी करने का आरोप लगाया। संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पहले 15 करोड़ 44 लाख मतदाता थे। एसआईआर के बाद करीब 2 करोड़ 90 लाख मतदाताओं के नाम काटे जाने का दावा करते हुए उन्होंने बताया कि नाम जोड़ने के लिए 84 लाख और नाम हटाने के लिए 4 लाख 30 हजार आवेदन आए। उन्होंने कहा कि इन आंकड़ों के आधार पर मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया का पूरा ब्योरा सामने आना चाहिए। आप सांसद ने कहा कि चुनाव आयोग के नियमों के मुताबिक फॉर्म-6 का विवरण सार्वजनिक होना चाहिए, ताकि राजनीतिक दलों को पता चल सके कि किस विधानसभा क्षेत्र और किस बूथ पर किन मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब 84 लाख आवेदन आए तो केवल 71 लाख फॉर्म-6 ही सार्वजनिक क्यों किए गए ? बाकी 13 लाख नाम किन लोगों के हैं और उन्हें किस बूथ पर जोड़ा गया ? संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का नाम लेते हुए इन नामों का पूरा विवरण सार्वजनिक करने की मांग की।

मॉडल श्रद्धा समेत तीन के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। राजधानी से फरार मॉडल श्रद्धा दुबे, उसकी बहन और एक अन्य के गिरफ्तार नहीं कर पाई है। मामले में तीन नामजद और दो अज्ञात आरोपियों की तलाश में पुलिस की

पुलिस प्रशासन पर उठे सवाल

खिलाफ पुलिस ने शुक्रवार को गैर जमानती वारंट (एनबीडब्लू) जारी कर दिया। वह कारोबारी शिवा शर्मा की मौत के बाद अपनी बहन और ड्राइवर के साथ कई दिन से फरार है। वह सोशल मीडिया पर लगातार अपनी सफाई में वीडियो शेयर कर रही है। साथ ही उसने पुलिस अधिकारियों को भी वीडियो भेजने की बात कही है। हालांकि इस मामले में पुलिस अधिकारियों ने इनकार किया है। घटना के एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपी श्रद्धा दुबे, उसकी बहन रश्मि, ड्राइवर और सहयोगी आदिल समेत अन्य आरोपियों को टीमें जुटी हैं। तीनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने छापेमारी तेज कर दी है। वहीं, श्रद्धा दुबे ने तीन वीडियो जारी कर खुद को निर्दोष बताया है। उसने दावा किया कि शिवा के फोन और अन्य जानकारियां सीधे पुलिस को भेजी हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी ने ये जानकारियां किस अधिकारी को भेजी हैं, इसकी जानकारी नहीं है। फिलहाल जो नंबर हैं आरोपियों के वह बंद आ रहे हैं। आरोपियों की तलाश में क्राइम ब्रांच, हजरतगंज पुलिस की दो टीमों के साथ अन्य एजेंसियां भी अब जांच में लगा दी गई हैं। पुलिस आरोपी महिला को लगातार ट्रैक कर रही है, लेकिन गिरफ्तार नहीं कर पाई। श्रद्धा की तरफ से सामने आए तीन वीडियो में सभी का बैकग्राउंड भी एक ही तरह का नजर आया है, जबकि दो वीडियो में कपड़े अलग पहने हैं। अब सवाल यह कि आखिर कैसे श्रद्धा फरारी में भी कनेक्ट करते हुए अपनी बात पहुंचा रही है। पुलिस तक सबूत भेजने का दावा कर रही, लेकिन पुलिस जांच में पिछले चार दिनों से बस उसके सीसी फुटेज तक ही पहुंच पा रही। ऐसे में श्रद्धा के दावे पुलिस को चुनौती देते हुए आगे बढ़ रहे हैं। **पुलिस पर उठे सवालः** ऐसे में सवाल उठता है कि क्या पुलिस के सर्विलांस सिस्टम से भी मजबूत श्रद्धा का नेटवर्क है, जिसके मददगार सफेदपोश के साथ में कथित तौर पर कुछ नौकरशाह भी हैं। श्रद्धा किन अफसरों और सफेदपोशों के सम्पर्क में हैं। इसका भी अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। बताते चलें कि 9 अक्टूबर को कारोबारी शिवा शर्मा की हजरतगंज के बालू अड्डे के पास स्थित अवध ग्रीन अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से गिरकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है।

वीडियो जारी होने की होगी तस्दीक

श्रद्धा अपने वीडियो किसको और किस तरह से भेज रही है। इस मामले में सर्विलांस टीम गुपचुप तरीके से जांच कर रही है। साथ ही उसके भेजे गए वीडियो की लोकेशन और अन्य पहलुओं पर भी जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि श्रद्धा के नम्बर बंद है। वह इंटरनेट भी नहीं यूज कर रही है। सवाल यह उठता है कि पुलिस अधिकारियों में उसका कौन मददगार है।

डिवाइडर से टकराई सिलेंडरों से लदी ट्रक, चालक-परिचालक की मौके पर मौत

मोहनलालगन। लखनऊ-रायबरेली हाईवे पर निगोहां के शेखपुरा टोल प्लाजा के पास शुक्रवार शाम ऑक्सीजन सिलेंडरों से लदी पिकअप डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में पिकअप चालक 55वर्षीय इंद्रजीत पटेल और परिचालक रमेश चंद्र की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें लदे ऑक्सीजन सिलेंडर सड़क पर दूर-दूर तक बिखर गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को क्षतिग्रस्त केबिन से बाहर निकलवाकर सीएचसी मोहनलालगंज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि शेखपुरा टोल प्लाजा के पास ऑक्सीजन सिलेंडरों से लदी पिकअप संख्या क्र70 क्ष्ज्ञ 3327 डिवाइडर से टकरा गई है। सूचना मिलते ही निगोहां थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार कस्बा चौकी प्रभारी अनूप तिवारी और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। वहां पिकअप डिवाइडर से टकराई हुई मिली, जबकि उसमें लदे सिलेंडर सड़क पर चारों तरफ बिखरे पड़े थे। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सिलेंडरों के सड़क पर बिखरने से अन्य वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।टक्कर के कारण पिकअप का अगला हिस्सा बुरी तरह दब गया था, जिससे चालक और परिचालक केबिन के अंदर फंस गए। दोनों को बाहर निकालने के लिए मौके पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद की। काफी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकालकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतकों की पहचान जौनपुर जिले के देउपुर शेरबान निवासी 55 वर्षीय इंद्रजीत पटेल के रूप में हुई है, जो पिकअप चला रहे थे। वहीं परिचालक की पहचान प्रयागराज निवासी रमेश चंद्र के रूप में बताई गई है।बताया जा रहा है कि पिकअप लखनऊ से ऑक्सीजन सिलेंडर भरवाकर प्रयागराज की ओर जा रही थी। इसी दौरान शेखपुरा टोल प्लाजा के पास वाहन डिवाइडर से टकरा गया। हालांकि, हादसे के सटीक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।हादसे के बाद सड़क पर बिखरे ऑक्सीजन सिलेंडरों को पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से एकत्र कराया गया और सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षित स्थान पर रखवाया गया। इसके बाद हाईवे पर यातायात सुचारू कराने की कार्रवाई की गई। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

संदिग्ध हालात में महिला की मौत

लखनऊ । महिगवां के रेवामऊ गांव में संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत हो गई। मायकेवालों ने पति समेत अन्य ससुरालवालों पर हत्या का आरोप लगाया है। आरोप है कि ससुराल पक्ष पर घटना को हादसा बताने की कोशिश की। साथ ही अंतिम संस्कार के दौरान मायके पक्ष के लोगों से मारपीट की। पुलिस ने पति समेत नौ के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गुलालपुर निवासी चंद्र किशोर सिंह ने तहरीर में बताया कि उनकी बेटी आरती सिंह (25) की शादी 2 दिसंबर 2024 को रेवामऊ गांव के रहने वाले शुभम सिंह से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए आरती को प्रताड़ित करने लगे। उसके साथ मारपीट की जाती थी। पिता ने पूर्व में भी थाने में शिकायत की थी। 10 अक्टूबर को आरती को उसके भाई की तबीयत खराब होने की बात कहकर पति घर से ले गया था।

कांग्रेस विधानमंडल दल नेता वीरेंद्र चौधरी ने पदभार ग्रहण किया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता का पदभार शुक्रवार को वीरेन्द्र चौधरी ने ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद वीरेंद्र चौधरी ने राष्ट्रीय नेतृत्व राहुल गांधी, प्रियंका गांधी का आभार जताते हुये कहा कि कांग्रेस पार्टी विधानसभा में प्रदेश के प्रत्येक पीड़ित जरूरत मंद की आवाज बनेगी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती आराधना मिश्रा मोना ने नवनियुक्त कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता वीरेंद्र चौधरी को बधाई दी,और कहा कि हमें पूरी आशा और विश्वास है कि वीरेंद्र चौधरी उत्तर प्रदेश की विधानसभा में उत्तर प्रदेश के हर एक व्यक्ति की आवाज को कांग्रेस पार्टी के माध्यम से मजबूत करेंगे। यह जानकारी प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने दी। उन्होने बताया कि पदभार ग्रहण करने के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष योगेश दीक्षित, पूर्व प्रदेश महासचिव गौरव चौधरी,प्रवक्ता अंशू अवस्थी,मनीष हिन्दवी, सचिन रावत, अभिषेक सिंह पटेल, अखिलेश वर्मा, कैलाश चौहान, जितेंद्र वर्मा, राहुल गंगवार, कनिष्क कुमार, वर्चस्व कुमार, शाहबाज खान, मुकेश चौहान, अभिमन्यु सिंह, विशाल वर्मा व कल्पना वर्मा सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

चिकित्सकों को दिया गया आधुनिक शल्य चिकित्सा उपचार का प्रशिक्षण

लखनऊ। लोक बंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय में शुक्रवार को लेजोट्रॉनिक्स लेजर मशीन के माध्यम से विभिन्न रोगों के आधुनिक शल्य चिकित्सा उपचार के संबंध में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन चिकित्सालय के निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक डॉ.विवेक गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ.ए.एस.चिलाना लेजर प्रोक्टोलॉजिस्ट, फॉर्टिस अस्पताल नई दिल्ली व डॉ.संतोष कुमार तिवारी वास्कुलर सर्जन मैक्स अस्पताल नई दिल्ली ने चिकित्सकों को लेजर तकनीक के माध्यम से बवासीर, फिशर, फिस्टुला, पाइलोनाइडल साइनस तथा नसों की सूजन से संबंधित बीमारियों के ऑपरेशन की प्रक्रिया एवं आधुनिक शल्य चिकित्सा तकनीकों के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आये शल्य चिकित्सकोँ को भी तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान इन रोगों से पीड़ित मरीजों के ऑपरेशन भी किए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चिकित्सालय के सीएमएस डा. अमिताभ श्रीवास्तव,एमएस डा. विनय वर्मा, डा. राजेश कुमार,डा. राजेश कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ परामर्शदाता, डा. शबीह मजहर व डा. अमित मिश्रा सर्जन सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे। अस्पताल में लेजोट्रॉनिक्स लेजर मशीन के द्वारा आने वाले मरीजो का समुचित उपचार किया जायेगा। इस मशीन का दान विश्वास स्वरूप अग्रवाल, निदेशक इण्डिया प्रेस्टीसाइड्स लिमिटेड ने सीएसआर फण्ड से किया गया है। चिकित्सालय प्रशासन आभार जताया।

महा षष्ठी की पूजा संग मां दुर्गा की भव्य प्रतिमायें स्थापित

लखनऊ।राजधानी में महा षष्ठी को विशेष पूजा-अर्चना के साथ दुर्गा महोत्सव के पंडालों में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा और मां के अन्य स्वरूपों के जानदार प्रतिमाओं की स्थापना की गयी।उल्लेखनीय है कि इस वर्ष दुर्गा पूजा महोत्सव 16 आज महाषष्ठी से शुरू होकर 21 अक्टूबर प्रतिमा विसर्जन व विजया दशमी तक मनाया जायेगा।आज मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा की स्थापना और पूजा अर्चना की गयी। जबकि कल और 18 अक्टूबर सप्तमी पूजा तथा महाभोग प्रसाद का वितरण होगा और 19 अक्टूबर महाष्टमी व विशेष संधि पूजा और 20 को महानवमी पूजा एवं दैनिक भोग का वितरण किया जाएगा।जबकि 21को महिलाओं द्वारा सिंदूर खेला की रस्म के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन होंगा।इस वर्ष कैंटोनमेंट दुर्गा पंडाल में 74वां दुर्गा पूजा महोत्सव जेन जी युवाओं की थीम पर आयोजित किया जा रहा है। बताते चलें कि रविन्द्रपल्ली महोत्सव कल से शुरू हो गया और 21 अक्टूबर तक धार्मिक अनुष्ठान और दुर्गोत्सव चलेगा।चारबाग रेलवे सेवा ग्राम कॉलोनी मानव आदर्श सेवा समिति द्वारा 35वां शारद उत्सव हुआ। मित्र संघ द्वारा आयोजित मॉडल हाउस महोत्सव मेंआज से ही पंडाल जनता के लिये खोल दिया गया।जानकीपुरम सेक्टर-ई और पॉकेट ग्राउंड के भव्य पंडाल में मां दुर्गा के दर्शन हुये। इसके अलावा वूमेन लाइफ मैटर्स समिति के तत्वावधान में मोती महल लॉन हजरतगंज में भारतीय संस्कृति संस्कार और परिधानों से युक्त गरबा रात्रि का आयोजन किया गया उक्त जानकारी देते हुये गरबा संयोजक समिति की सदस्य वंदना बंसल व दीपा बंसल प्रयागमती गुप्ता एवं प्रीती पांडेय सुरेश छब्लानी ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय त्योहारों में युवाओं को जोड़ने के लिए डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया।इसके साथ ही प्राचीन भारतीय युद्ध कला कलारीपयट्टू एवं परम्परागत भारतीय परिधानों का फैशन शो भी आयोजित हुआ।

मां सीता ने लांघी लक्ष्मण रेखा, रावण ने किया हरण

लखनऊ।शहर की ऐतिहासिक ऐशबाग रामलीला में चल रहे रामोत्सव का मंच पर आज श्री राम के वनवास के दृश्य से आरंभ हुआ। जिसमे भगवान राम भाई और पत्नी संग भारद्वाज ऋषि के आश्रम आते हैं और ऋषि उन्हे चित्रकूट जाने का सुझाव देते हैं। आगे बढ़ते हुये श्रीराम अत्रि मुनि के आश्रम पहुंचते हैं। जहाँ माता सीता को देवी अनुसुया द्वारा दिव्य वस्त्र और श्रृंगार सामग्री प्रदान की जाती है। यहीं देवी अनुसुया द्वारा माता सीता को पतिव्रत धर्म के गुणों का ज्ञान दिया जाता है।यहाँ से आगे बढ़ते हुये श्रीराम लक्ष्मण और सीता गोदावरी तट पर पहुंचते जहाँ वे पंचवटी का निर्माण कर वनवास के दिन व्यतीत करने लगते हैं।इसी बीच वहाँ लंका के राजा रावण की बहन सूर्पनखा का प्रवेश होता है जो श्रीराम पर मोहित हो जाती है व रूप बदल कर उन्हे प्रलोभित करने लगती है। परन्तु मर्यादा पुरुषोत्तम उससे क्षमा मांगते हुये उसे अपने एक पत्नीव्रत होने की बात कहते हैं। यह सुनते ही सूर्पनखा आक्रोशित हो सीता पर हमला कर देती है। जिसके उपरांत लक्ष्मणजी द्वारा उसकी नाक काट दी जाती है।कटी नाक लेकर जब सूर्पनखा अपने भाई रावण के दरबार में विलाप करती हुई पहुंचती है तो वहाँ उपस्थित सभी जन हैरान हो जाते हैं।यहाँ पहुंचकर सूर्पनखा रावण को उकसाती है। जिसके बाद रावण का क्रोध फट पड़ता है और वह सीता हरण का षड़यंत्र रचने लग जाता है जिसके लिए वह अपने मामा मायावी मारीच से मदद मांगता है।मारीच सुंदर स्वर्ण मृग बनकर पंचवटी के पास जाता है और अपने सौंदर्य से सीता को लुभाने लगता है और वो श्रीराम से इसे पाने की ईच्छा जाग्रत करती हैं। राम मायावी मृग के पीछे जंगलों में चले जाते हैं और उन्हे आने में विलंब होता देख सीता लक्ष्मण को उन्हे खोजने हेतु विवश करती हैं यहाँ लक्ष्मण कुटी के बाहर एक सुरक्षा रेखा खींचते हैं और सीता से उसे पार न करने की विनती कर बड़े भाई की खोज में निकल जाते हैं।मौका देख साधु वेष में रावण वहाँ सीता से भीक्षा मांगने आ जाता है।यहाँ लक्ष्मण रेखा देख वह सीता को उसके पार आने में विवश कर उनका हरण कर ले जाता है।जब रावण पुष्पक विमान से सीता को लंका की ओर ले जाता है तो जटायु उसे रोकने का प्रयास करते हैं पर रावण उन्हे अपने प्रहारों से घायल कर नीचे गिरा देता है और सीता को ले जाता है।पंचवटी में सीता को न पाकर श्रीराम व्याकुल हो उठते हैं और उनकी खोज आरंभ कर देते हैं वन-वन भटकते राम की भेंट इसी बीच घायल जटायु से होती है जो राजा दशरथ के मित्र भी हैं वे सीता हरण का वृतांत राम को बताकर परलोक गामी हो जाते हैं।भगवान श्रीराम उनकी अंत्येष्टि कर आगे बढ़ते है।

मंत्रोच्चार संग श्रीराम दरबार का विग्रह पूजन

राजधानी में डेंगू का प्रकोप बढ़ा, 16 नये मरीज मिले

लखनऊ। राजधानी में डेंगू प्रकोप बढ़ने लगा है। शुक्रवार को अलग-अलग इलाकों 16 और लोगों में डेंगू की पुष्टि हुयी है। इनमें से जिसमें से पांच मरीज इन्दिरा नगर, एक मरीज चिनहट, दो मरीज टुड़ियागंज, दो मरीज चन्दरनगर,चार मरीज अलीगंज व एक-एक मरीज सिल्वर जुबली व इटौजा इलाके का निवासी है। शहर में लगातार बढ़ते केसों के मददेनजर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। अस्पतालों में डेंगू मरीजों के इलाज के लिए अलग वार्ड तैयार किये गये हैं। मच्छरदानी में मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। बलरामपुर, सिविल, लोकबंधु बीआरडी व रानी लक्ष्मीबाई सहित अन्य अस्पतालों में मच्छरदानी में मरीज भर्ती किये जा रहे हैं। मरीजों को भी मच्छरों से बचाव के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। सीएमओ डॉ.एन.बी. सिह ने बताया कि डेंगू के लक्षण मिलने पर मरीज सरकारी अस्पतालों में जांच करा सकते हैं।

बारुदखाना की जर्जर बिल्डिंग के ध्वस्तीकरण के लिए फुटबाल बनी जांच रिपोर्ट

लखनऊ,आज समाचार सेवा। गोलांगज के बारुदखाना स्थित एस ए अपार्टमेन्ट को लेकर अब आयी स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपोर्ट एलडीए ,नगर निगम प्रशासन और जिला प्रशासन के मध्य फुटबाल बनी हुई है ।एक ओर एलडीए प्रशासन बिल्डिंग पर कारखाई करने के बजाए नगर निगम और जिला प्रशासन को रिपोर्ट भेज कारखाई करने से कतरा रहा है तो वही दूसरी ओर जिला प्रशासन और नगर निगम प्रशासन भी उक्त रिपोर्ट को लेकर कारखाई के लिए एक दूसरे पर जिम्मेदारी डाल कर मामले को विवादों में फंसा रहे है। एलडीए की टेकिनकल टीम की रिपोर्ट में अपार्टमेंट को रहने के लिए सुरक्षित नहीं बताया गया है। एलडीए प्रशासन की ओर से भी इसको लेकर बयान जारी किया जा चुका है। लेकिन एलडीए प्रशासन की ओर से नया पेंच फंसा मामले को घुमाया जा रहा है। खुद पूरा अपार्टमेंट ढहाने की बजाए इस मामले को नगर निगम और जिला प्रशासन के पाले में डाल दिया गया है। ऐसे में खतरनाक अपार्टमेंट ढहेगा ? इस पर भी संशय पैदा हो गया। एलडीए ओर से कराई गई स्ट्रक्चरल ऑडिट में यह साफ हो चुका है कि एसए अपार्टमेंट रहने लायक नहीं है। कई बिंदुओं पर जांच के बाद जांच एजेंसी ने 36 पेज की रिपोर्ट बनाई है। अब इस पर अमल करने से पहले एलडीए ने स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपोर्ट को नगर निगम को भेज दिया है। इसमें एलडीए वीसी की ओर से एक पत्र भी भेजा गया है। जिसमें नगर निगम अधिनियम की धारा 331 के तहत कार्रवाई करने को कहा गया है। जानकारों ने बताया कि यह पहला मौका है जब एलडीए की ओर से किसी अवैध और खतरनाक अपार्टमेंट को गिराने के लिए नगर निगम को लिखा गया है। वह भी तब जबकि अपार्टमेंट एलडीए की योजना की ही जमीन पर बना है। अलीगंज अग्निकांड वाले मामले में एलडीए ने अवैध अपार्टमेंट पर बुलडोजर चलाया था। माना जा रहा है कि अवैध और खतरनाक अपार्टमेंट को पर बुलडोजर न चले इसके लिए उच्च स्तर से दबाव है। **क्या है नगर निगम अधिनियम की धारा 331** नगर निगम की धारा 131 कहती है की यदि नगर आयुक्त को लगे कि कोई निर्माण, भवन, दीवार, खड़ंजा, मुंडेर, फर्श, सीढ़ी, जंगले, दरवाजे, खिड़की की चौखट, शटर, छज्जा या भवन से लगा कोई भी हिस्सा खंडहर है या गिरने वाला है और आसपास रहने वालों या आने-जाने वालों के लिए खतरनाक है, तो वह भवन स्वामी को नोटिस देकर उसे गिराने, हटाने, मरम्मत करने या संकट दूर करने को कह सकता है। इसके साथ ही नगर आयुक्त उचित समझे तो भवन स्वामी से यह भी कह सकते हैं कि वह निर्माण को तुरंत बाड़ या घेरे से घेर दे और लोगों के आने-जाने के लिए अलग रास्ते का इंतजाम करे। यदि नगर आयुक्त को लगे कि निर्माण शीघ्र ही संकट पैदा हो सकता है, तो वह पूर्व नोटिस की अवधि समाप्त होने से पहले भी निर्माण की बैरिकेडिंग कर सकता है, उसे गिरा सकता है या मरम्मत करा सकता है या ऐसा निर्माण कार्य करा सकता है जो संकट को रोक दे। इस धारा के तहत किया गया पूरा व्यय ढांचे के स्वामी या अध्यासी को वहन करना होगा।

सम्पूर्ण मामले को लेकर एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया की एलडीए की ओर से अपार्टमेंट के अवैध निर्माण को गिराने का आदेश पहले ही किया जा चुका है। बिल्डर ने जितना मानचित्र पास कराया है उसके अलावा जो निर्माण होगा वह अवैध निर्माण है। खतरनाक और जर्जर इमारतों को गिराने का अधिकार नगर निगम अधिनियम में नगर निगम प्रशासन को है, इसलिए नगर निगम को लिखा गया है।

संक्षिप्त

व्यापारियों की एकजुटता ही संगठन की ताकत

लखनऊ व्यापारियों की एकजुटता को मजबूत बनाने तथा उनकी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य को लेकर आज लखनऊ व्यापार मंडल का विस्तार करते हुये मुंशी पुलिया परिक्षेत्र व्यापार मंडल का गठन किया गया मुंशी पुलिया के होटल क्लासिक इन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रांसगोमती अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र उपस्थित रहे इस मौके पर उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल की ताकत व्यापारियों की एकता और उनके विश्वास में निहित है इस अवसर पर मनीष वर्मा को मुंशी पुलिया परिक्षेत्र व्यापार मंडल का अध्यक्ष बनाया गया।नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए संगठन को मजबूत बनाने और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।इस अवसर पर प्रदीप अग्रवाल को वरिष्ठ महामंत्री तथा यशपाल सिंह को कोषाध्यक्ष वरिष्ठ सचिव के रूप में सुफल वर्मा हरीश चंद्र गुप्ता राहुल अग्रवाल संजीव गुप्ता शुभम श्रीवास्तव अनिल पांडेय अनुज सिन्हा आनंद गुप्ता सुभाष उप्रेती शिवम सिंह एवं चांद नबी खान को शामिल किया गया।

स्वामी ब्रह्मानंद लोधी सेवा ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक बने डा प्रशांत सिंह

लखनऊ। राजधानी के गौतम पाली मार्ग स्थित कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह के आवास पर आज स्वामी ब्रह्मानंद लोधी सेवा ट्रस्ट की बैठक हुई।जिसमें स्वामी ब्रह्मानंद लोधी सेवा ट्रस्ट के लखनऊ जिले के पदाधिकारी विधानसभा के अध्यक्ष जिलाध्यक्ष तहसील अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी चुनाव सहित अन्य महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हुई और सर्व सम्मति से डा प्रशांत सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह राज्यसभा सांसद को स्वामी ब्रह्मानंद लोधी सेवा ट्रस्ट का मुख्य संरक्षक नियुक्त किया गया।

इरिटेंम वं उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के मध्य प्रशिक्षण

लखनऊ-भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान इरिटेंम, लखनऊ तथा उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड , लखनऊ के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ट्रेनिंग के मध्य आज प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार, क्षमता निर्माण, अनुसंधान, ज्ञान के आदान-प्रदान तथा शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन पर भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान, लखनऊ की ओर से संजय त्रिपाठी, अपर महानिदेशक ,इरिटेंम तथा उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ट्रेनिंग की ओर से श्री प्रशांत मिश्रा , महानिदेशक, लखनऊ ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सुदीप सिंह , प्रिंसिपल, एवं संयुक्त महाप्रबंधक (ऑपरेशंस), , लखनऊ तथा कृष्ण शुक्ल, महाप्रबंधक (ऑपरेशंस), सहित संस्थान के संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

सपा ने सादगी से मनाई राजा लाखन पासी की जयंती

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में राजा लाखन पासी की जयंती सदगी से मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि महाराजा लाखन पासी 10-11वीं शताब्दी में अवध क्षेत्र के एक पराक्रमी शासक थे, जिन्हें इतिहासकार लखनऊ का संस्थापक भी मानते हैं। कहावत है कि राजा लाखन पासी का किला 1.5 किलोमीटर लम्बा-चौड़ा तथा धरातल से लगभग 20 मीटर ऊंचा था। राजा लाखन पासी नागवंश से सम्बन्धित थे और भगवान शिव के उपासक थे। लखनावती वाटिका के पूर्वी किनारे पर एक भव्य नाग मंदिर का निर्माण कराया गया था।

सामाजिक कार्यकर्ता ने किया विभिन्न सेवा कार्यक्रमों का आयोजन

लखनऊ। जन्मदिन को केवल व्यक्तिगत उत्सव तक सीमित रखने के बजाय समाजसेवा से जोड़ने की पहल करते हुए वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता हरिराम जायसवाल ने विभिन्न सेवा कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान शहर के पार्कों और मंदिर परिसरों में पौधरोपण किया गया। जरूरतमंदों को कपड़े बांटे गए और आश्रम में फल वितरित किए गए। शाम को भजन-कीर्तन और सामाजिक समरसता भोज का आयोजन हुआ। देश के विभिन्न हिस्सों से आए साधु-संतों और आचार्यों ने मंत्रोच्चार के साथ उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में श्री श्री चंद्र चक्रमणि, महामंडलेश्वर स्वामी महादेव, अशोक जी और विशाल जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। हरिराम जायसवाल ने कहा कि जन्मदिन पर समाज के लिए कुछ करने से सकारात्मक संदेश जाता है। पौधरोपण, जरूरतमंदों की मदद और सामाजिक समरसता जैसे कार्यों को उत्सव का हिस्सा बनाना चाहिए।

पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सुभासपा की सदस्यता ग्रहण की

लखनऊ। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के प्रदेश कार्यालय, लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता एवं सदस्यता ग्रहण समारोह में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), समाजवादी पार्टी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े दर्जनों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के नेतृत्व और विचारधारा में विश्वास व्यक्त करते हुए सुभासपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर लोजपा (रामविलास) के पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता लोकेश कुमार श्रीवास्तव, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता पीयूष सोमानी, पूर्व लखनऊ मंडल प्रभारी वेद प्रकाश, प्रदेश सचिव अंशुमान कुर्देशिया, श्रीमती कल्याणी साहू, प्रदेश प्रधान महासचिव महेश सिंह भदौरिया, मोनू पंडित, स्वयं प्रकाश एवं अमन रावत सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पार्टी में शामिल हुए।

भगवती जागरण एवं झांकी आज

लखनऊ। राजधानी के गोमती नगर में ग्वारी चौराहा स्थित दुर्गा मंदिर में आज शाम छह बजे से माता भक्त राजूदास महाराज के द्वारा भगवती जागरण एवं झांकी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसरपर माता की असीम अनुकम्पा प्राप्त भजन गायकों द्वारा अपनी सुमधुर आवाज में माता की भेटें प्रस्तुत कर पण्डाल में आये हुए भक्तों के समक्ष परोसा जायेगा। आयोजक राजू दास महाराज ने बताया कि माता के पूजन-अर्चन के पश्चात भक्तों में प्रसादी का वितरण भी किया जायेगा।

मिशेलिन गाइड दुबई के पांचवें संस्करण का अनावरण

दुबई। मिशेलिन ने अपनी वार्षिक मिशेलिन गाइड दुबई के पांचवें संस्करण का अनावरण यहां आयोजित एक समारोह में किया, जिसमें ट्रेसिंड स्टूडियो और एफजेड एन ब्योर्न फ्रंटज़ेन, दोनों ने तीन मिशेलिन स्टार बरकरार रखे। शहर के प्रमुख डाइनिंग स्थलों और प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए समर्पित इस वर्ष की मिशेलिन गाइड दुबई में कुल 122 रेस्तरां शामिल हैं। यह 2022 में गाइड के पहले संस्करण की तुलना में 77 प्रतिशत की वृद्धि है, जब 69 आउटलेट्स को मान्यता दी गई थी। परिणाम मिशेलिन के उन निरीक्षकों द्वारा तय किए जाते हैं, जो अपनी पहचान गुप्त रखने की शपथ लेते हैं।

सूचना
मैं रिहान पुत्र यूनुस, 64, ऊपरी मंडई, संडीला, हरदोई, उत्तर प्रदेश का निवासी हूं। मेरे सभी दस्तवेजो में मेरा नाम रिहान (REHAN) दर्ज है, मैने अपना नाम रिहान (RIHAN) से बदलकर रिहान (REHAN) रख लिया है, अब भविष्य में मुझे रिहान (REHAN) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

सूचना
मैं मोहम्मद मोहसिन पुत्र मोहम्मद इजहार, 78, कुर्सी रोड, बसहा, पलका, बेहटा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश का निवासी हूं। मेरे सभी दस्तवेजो में मेरा नाम मो मोहसिन (MOHD MOHSIN) दर्ज है, मैने अपना नाम मोहम्मद मोहसिन (MOHAMMAD MOHSIN) से बदलकर मो मोहसिन (MOHD MOHSIN) रख लिया है, अब भविष्य में मुझे मो मोहसिन (MOHD MOHSIN) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

NOTICE
I, SANCHIT SINGH KATIYAR S/O ANIL KUMAR KATIYAR R/O L/2/23, SEC.-G, LDA COLONY, KANPUR ROAD, LUCKNOW, UTTAR PRADESH -226012 HAVE CHANGED MY NAME TO RAYMOND REDDINGTON LAWRIE FOR ALL FUTURE PURPOSES.

सूचना
मैं मोहम्मद सद्दाम पुत्र मोहम्मद जमाल, 151/95, रथ खाना, मौलवीगंज, अमीनाबाद पार्क, लखनऊ, उत्तर प्रदेश का निवासी हूं मेरे सभी दस्तवेजो में मेरा नाम मो सद्दाम (MOHD SADDAM) दर्ज है, मैने अपना नाम मोहम्मद सद्दाम (MOHAMMAD SADDAM) से बदलकर मो सद्दाम (MOHD SADDAM) रख लिया है, अब भविष्य में मुझे मो सद्दाम (MOHD SADDAM) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

सूचना
मैं इतरत पत्नी इजहर खान, पलका, बसहा, बेहटा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश की निवासी हूं। मेरे सभी दस्तवेजो में मेरा नाम इतरत कादरी (ITRAT KADRI) दर्ज है, मैने अपना नाम इतरत (ITRAT) से बदलकर इतरत कादरी (ITRAT KADRI) रख लिया है, अब भविष्य में मुझे इतरत कादरी (ITRAT KADRI) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

NOTICE
I, MANTASHA W/O MUSHARRAF KHAN R/O 546/KA/027 NEW PARA COLONY, LUCKNOW, UTTAR PRADESH -226017 HAVE CHANGED MY NAME TO NEHA FOR ALL FUTURE PURPOSES.

सूचना
मैने अपना नाम TANVIROOL HUSAIN से बदलकर TANVEERUL HASAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-NOORUL HASAN ADD-H.No-107 ACHAKAPUR, DARIYAPUR JEETA, SIRATHU, ALIPUR JITA KARA, PO-KARA DIST-KAUSHAMBI-212205 (U.P.)

सूचना
मेरा नाम कुछ अभिलेखों में SADAF BEG (सदफ़ बेग) और अन्य अभिलेखों मे SADAF AZIZ (सदफ़ अज़ीज) दर्ज हो गया है। SADAF BEG और SADAF AZIZ एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही नाम हैं। भविष्य में मेरा सही एवं मान्य नाम SADAF BEG (सदफ़ बेग) ही पढ़ा व समझा जावे। सदफ़ बेग W/o मिर्ज़ा अब्दुल मुकतदिर बेग, 308/32, जौहरी मोहल्ला, लखनऊ।

सूचना
मैने अपना नाम NAIM से बदलकर NAEEM रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-KAREEM ADD-JAITI KHERA DIST-LUCKNOW-227305 (U.P.)

सूचना
मैने अपना नाम AMARJEET SINGH से बदलकर AMRJEET SINGH रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MANOJ SINGH ADD-PURE JHAOO DHANESHA RAJPUT PO-SUKUL KA BAZAR DIST-AMETHI (U.P.)

सूचना
मैने अपना नाम NOOROOL HASAYAN से बदलकर NOORUL HASAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-IKBAL HASAN ADD-H.No-107 ACHAKAPUR, DARIYAPUR JEETA SIRATHU ALIPUR JITA KARA PO-KARA DIST-KAUSHAMBI-212205 (U.P.)

आईटी शेयरों में खरीदारी से बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़ा

मुंबई। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में तगड़ी खरीदारी और वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 414 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में करीब 149 अंक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 413.66 अंक यानी 0.56 प्रतिशत बढ़कर 74,729.27 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 463.17 अंक चढ़कर 74,778.78 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 148.80 अंक यानी 0.65 प्रतिशत बढ़कर 23,146.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टेक महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 8.45 प्रतिशत चढ़ा। कंपनी ने जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 32.74 प्रतिशत बढ़कर 1,585.6 करोड़ रुपये रहने की सूचना दी थी। इसके अलावा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस, भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस और एचसीएलटेक के शेयरों में भी तेजी रही। दूसरी तरफ, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में कुल 2,256.94 अंक यानी 3.11 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी 625.7 अंक यानी 2.77 प्रतिशत चढ़ गया। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, %तिमाही नतीजों और कंपनियों के प्रबंधन की सकारात्मक टिप्पणियों से आईटी क्षेत्र की आय संभावनाओं को लेकर भरोसा बढ़ा है। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और रुपये में मजबूती से भी बाजार धारणा को समर्थन मिला। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.30 प्रतिशत गिरकर 105.6 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। हालांकि व्यापक बाजार में गिरावट का रुख देखा गया।

जयपुर रग्स वार्षिक सेल की घोषणा

जयपुर। हाथ से बनाए गए रग्स और कालीनों के क्षेत्र में भारत के प्रमुख नामों में से एक जयपुर रग्स वार्षिक सेल 2026 की घोषणा करता है। इस वर्ष लगभग 10,000 रग्स का एक विस्तृत संग्रह पेश किया जा रहा है, जिसमें अलग-अलग शिल्प, डिजाइन, तकनीक और कीमतों के विकल्प शामिल हैं। ग्राहकों को इन पर 60प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। लेकिन इस वर्ष जयपुर रग्स की सेल का उद्देश्य इससे कहीं बड़ा है। 2026 की इस पहल के तहत बिक्री की एक निश्चित राशि ग्रामीण इलाकों की उन लड़कियों के लिए साइकिल फंड में दी जाएगी, जो स्कूल जाने के लिए लंबी दूरी पैदल तय करती हैं।

बीएमडब्ल्यू ने मिनी कूपर ऑक्सफोर्ड एडिशन का नेशनल लॉन्च किया

लखनऊ। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने यहां मिनी के लॉन्च के साथ उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी को और सशक्त बना लिया है। रीटेलडायनेमिक्स स्पीड मोटरवैगन युनिट बीएमडब्ल्यू, मिनी और बीएमडब्ल्यू मोटोरराड को एक ही छत के नीचे लेकर आई है। इससे प्रदेश की राजधानी लखनऊ के ग्राहकों को ग्रुप के पूरे प्रीमियम मोबिलिटी पोर्टफोलियो के साथ-साथ सेल्स और आफ्टर-सेल्स सेवाओं का भी बेहतरीन अनुभव मिलेगा। लखनऊ में मिनी कूपर ऑक्सफोर्ड एडिशन का नेशनल लॉन्च किया गया। मिनी कूपर ऑक्सफेडज़ एडिशन रूपये 55,50,000 एक्स शोरुम मे उपलब्ध होगी। लांचिंग के दौरान हरदीप सिंह ब्रार, दिविज नारायण, डीलर प्रिंसिपल, स्पीड मोटरवैगन आदि प्रमुख लोग मौजूद थे। इस मौके पर एक बातचीत में ब्रार ने बताया कि लखनऊ एक महत्वपूर्ण लक्ज़री मार्केट है, यहां के ग्राहक ऐसे ब्राण्ड्स की उम्मीद रखते हैं जो उनक व्यक्तित्व और आकांक्षाओं पर खरे उतरें। 2012 से, बीएमडब्ल्यू ने अपने शानदार पोर्टफोलियो, बेहतरीन अनुभवों और मजबूत स्थानीय उपस्थिति के जरिए इस मार्केट को आकार दिया है। उत्तर प्रदेश के लक्ज़री इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट हमारी अग्रणी स्थिति आधुनिक और सस्टेनेबल मोबिलिटी के प्रति बढ़ती पसंद और हमारे इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो की मजबूती को दर्शाती है।

डायपर ब्राण्ड फ्रेंड्स का अभियान जारी

मुम्बई। नोबेल हाइजीन के एडल्ट डायपर ब्रांड फ्रेंड्स ने एक नया टेलीविजन विज्ञापन लॉन्च किया है। यह विज्ञापन मध्यम आयु वर्ग की महिलाओं में पेशाब पर नियंत्रण न रहने (यूरिन लीकेज) की समस्या को देखने के नजरिए में बदलाव लाने का प्रयास करता है। यह अभियान केवल इस समस्या से जुड़े सामाजिक संकोच को दूर करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके साथ एक और बड़ी चुनौती पर ध्यान केंद्रित करता है—पहली बार एडल्ट डायपर इस्तेमाल करने को लेकर होने वाली झिझक। अभियान पर टिप्पणी करते हुए कार्तिक कमल जोहरी, चीफ मार्केर्ज़टिंग एंड ग्रोथ ऑफ़्सिर, नोबेल हाइजीन लिमिटेडने कहा भारत में लंबे समय से पेशाब पर नियंत्रण न रहने की समस्या से जूझने वाले लोगों में लगभग 70 प्रतिशत महिलाएं हैं। अनुमान के अनुसार, इनमें करीब 1.4 करोड़ मध्यम आयु वगज़ की महिलाएं शामिल हैं।

विशिष्ट पोषक उत्पादों की बिक्री के प्रतिबंध पर पुनर्विचार हो

मुम्बई। फर्टिलाइज़र एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) ने राज्य सरकारों से आग्रह किया है कि वे बगैर सब्सिडी वाले उवज़रकों और फसलों से जुड़े विशिष्ट पोषक उत्पादों की बिक्री पर हाल में लगाए गए प्रतिबंध पर पुनर्विचार करें। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में ऐसे प्रतिबंध लगाए गए हैं। हाल ही में बिहार ने भी इस तरह के प्रतिबंध लागू किए हैं। इससे किसानों की फसल पोषण से जुड़े उन विशेष उत्पादों तक पहुंच प्रभावित हो रही है, जिन्हें उर्वरक नियंत्रण आदेश (एफसीओ), 1985 के नियामक ढांचे के तहत स्वीकृति मिली हुई है। एफएआई ने चेतावनी दी है कि इन उत्पादों की उपलब्धता सीमित करने से किसानों पर प्रतिकूल असर हो सकता है, विशेष रूप से रबी की बुवाई के मौसम से पहले। कई किसान अपनी फसलों और मिट्टी की विशिष्ट ज़रूरतों के अनुसार विशेष पोषण उत्पादों का इस्तेमाल करते हैं, ऐसे में इनकी कमी से उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। एफएआई ने संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की अपील की है, ताकि गलत तरीके से उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाई जा सके, साथ ही किसानों को वैध एवं स्वीकृत कृषि उत्पाद आसानी से उपलब्ध होते रहें।

शहरों को निवेश के लायक बनाने के लिए सार्वजनिक-निजी पूंजी का समन्वय जरूरी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भारत में वित्तीय रूप से टिकाऊ और निवेश आकर्षित करने में सक्षम शहर विकसित करने के लिए सार्वजनिक निवेश, नगर निकायों की मजबूत वित्तीय स्थिति, विकास वित्त और निजी पूंजी का समन्वय जरूरी है। सीतारमण ने थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकों के दौरान शहरी विकास कार्यक्रमों पर अपने संबोधन में कहा कि शहरों को ऐसी परियोजनाएं तैयार करनी चाहिए, जिनमें निवेश करना वित्तीय रूप से व्यवहार्य हो। उन्होंने कहा, %इसके लिए तकनीकी रूप से मजबूत योजनाएं, मांग का यथार्थ आकलन, परियोजना की पूरी अवधि की लागत का अनुमान और विश्वसनीय खरीद एवं क्रियान्वयन व्यवस्था जरूरी है। वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों और शहरी स्थानीय निकायों के साथ मिलकर विभिन्न राष्ट्रीय योजनाओं के जरिये शहरी सेवाओं में सार्वजनिक निवेश का व्यापक ढांचा तैयार किया है। इनमें अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत), स्मार्ट सिटी मिशन और स्वच्छ भारत मिशन शामिल हैं। सीतारमण ने कहा कि पिछले आठ-नौ वर्षों में शुरू की गई विभिन्न योजनाओं को जरूरी शहरी सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण में मदद मिली है। %शहरी चुनौती कोष% के तहत एक लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता का प्रावधान किया गया है, जिसका लक्ष्य कुल चार लाख करोड़ रुपये का शहरी निवेश आकर्षित करना है। उन्होंने कहा कि शहरों को परियोजनाओं के मूल्यांकन और शासन, नियोजन तथा नगर निकायों के वित्त से जुड़े सुधारों की प्रतिबद्धता के आधार पर प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के जरिये सहायता दी जाती है। सीतारमण ने कहा कि 2026-27 के बजट में घोषित शहरी आर्थिक क्षेत्र की पहल सुधारों को क्षेत्रीय विकास से जोड़ती है। इसके तहत प्रत्येक शहरी आर्थिक क्षेत्र के लिए पांच साल में 5,000 करोड़ रुपये देने का प्रस्ताव है। यह धन प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया और सुधारों तथा परिणामों पर आधारित वित्तपोषण के जरिये दिया जाएगा।

यामाहा की प्रीमियम बाईक और स्कूटरों की बढ़ी मांग

मुम्बई। भारत में यामाहा की प्रीमियम मोटरसाइकिलों और स्कूटरों की मांग लगातार जोरदार बनी हुई है। इससे प्रीमियम प्रोडक्ट्स पर कंपनी का फोकस और मजबूत हुआ है, जिन्हें वह ग्रोथ का अहम जरिया मानती है। जनवरी से सितंबर 2026 के दौरान पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले यामाहा की प्रीमियम मोटरसाइकिल रेंज (155 सीसी और उससे ऊपर) में करीब 50 प्रतिशत की ग्रोथ हुई, जबकि कंपनी का कुल कारोबार 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ा। इस रफ्तार पर यामाहा मोटर इंडिया सेल्स के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट रविंदर सिंह ने कहा कि ग्राहकों से मिल रहा अच्छा रिस्पॉन्स बताता है कि लोग ऐसे प्रोडक्ट ज्यादा पसंद करने लगे हैं, जिनमें स्पोर्टी डिजाइन, परफॉर्मेंस, आधुनिक टेक्नोलॉजी और रोज के इस्तेमाल की सहूलियत एक साथ मिले। रविंदर सिंह ने कंपनी के वैश्विक कामकाज में भारत की रणनीतिक अहमियत पर जोर दिया। इस समय यामाहा की दुनिया भर की कुल बिक्री में भारत की हिस्सेदारी करीब 10 प्रतिशत है और ब्रांड की लंबी अवधि की ग्रोथ रणनीति में भारत की भूमिका और बढ़ने की उम्मीद है।

कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज यूनिट-44, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
मo नंo - 1/08/89 के/2, 14 कोसी परिक्रमा मार्ग, डीoएमo आवास के पीछे, सिविल लाईन अयोध्या (पिन-224001)
निविदा सूचना सं.: 1973/एम-10/348
दिनांक : 16.10.2026

ई-निविदा सूचना

उत्तर प्रदेश जल निगम की ओर से जनपद सुलतानपुर के भदैया में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कम्प्यूटर लैब के निर्माण कार्य हेतु अनुमानित लागत रू0 16.12 लाख (जीoएसoटीo रहित एवं लेबर सेस सहित) का सीoएण्ड डीoएसo में यथोचित श्रेणी में भवन कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 31.10.2026 के अपरान्ह 14:00 बजे तक ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। उक्त कार्य हेतु ई-निविदा प्रपत्र दिनांक 17.10.2026 से दिनांक 31.10.2026 के मध्य उत्तर प्रदेश सरकार की e-procurement वेबसाइट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते है तथा ई-निविदा दिनांक 31.10.2026 को 16:00 बजे कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट-44, सीoएण्ड डीoएसo उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), अयोध्या में खोली जायेगी। ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 2,000.00 + GST (18%) अतिरिक्त देय होगा।

निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण विभाग की बेवसाइट www.cdsupjn.org एवं प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। समस्त शुद्धि पत्र (Corrigendum) https://etender.up.nic.in पर ही अपलोड किये जायेंगे, इनका पृथक से कोई प्रकाशन नहीं किया जायेगा। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उक्त वेबसाईट का समय-समय पर अवलोकन करते रहें।

कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज यूनिट-44, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
मo नंo - 1/08/89 के/2, 14 कोसी परिक्रमा मार्ग, डीoएमo आवास के पीछे, सिविल लाईन अयोध्या (पिन-224001)
निविदा सूचना सं.: 1974/एम-10/349
दिनांक : 16.10.2026

ई-निविदा सूचना

उत्तर प्रदेश जल निगम की ओर से जनपद सुलतानपुर के दोस्तपुर में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कम्प्यूटर लैब के निर्माण कार्य हेतु अनुमानित लागत रू0 17.61 लाख (जीoएसoटीo रहित एवं लेबर सेस सहित) का सीoएण्ड डीoएसo में यथोचित श्रेणी में भवन कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 31.10.2026 के अपरान्ह 14:00 बजे तक ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। उक्त कार्य हेतु ई-निविदा प्रपत्र दिनांक 17.10.2026 से दिनांक 31.10.2026 के मध्य उत्तर प्रदेश सरकार की e-procurement वेबसाइट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते है तथा ई-निविदा दिनांक 31.10.2026 को 16:00 बजे कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट-44, सीoएण्ड डीoएसo उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), अयोध्या में खोली जायेगी। ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 2,000.00 + GST (18%) अतिरिक्त देय होगा।

निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण विभाग की बेवसाइट www.cdsupjn.org एवं प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। समस्त शुद्धि पत्र (Corrigendum) https://etender.up.nic.in पर ही अपलोड किये जायेंगे, इनका पृथक से कोई प्रकाशन नहीं किया जायेगा। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उक्त वेबसाईट का समय-समय पर अवलोकन करते रहें।

इटर्नल एसबीआई कार्ड लॉन्च

मुम्बई। एसबीआई कार्ड और इटर्नल लिमिटेड ने आज इटर्नल एसबीआई कार्ड को लॉन्च करने और इसके लिएअर्ली एक्सेस की सुविधा शुरू करने की घोषणा की। यह एक सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड है, जिसे इटर्नल और इससे जुड़ी कंपनियों की सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है।

जरूरतों के अनुरूप बेहतर बन रहा है एआई+ स्मार्टफोन

नई दिल्ली। एआई+ स्मार्टफोन ग्राहकों के सुझावों और उनके फोन इस्तेमाल करने के अनुभवों के आधार पर अपने प्रोडक्ट्स और सर्विसेस में लगातार सुधार कर रहा है। ग्राहकों के रिव्यू, रोजाना फोन इस्तेमाल करने के तरीके और आफ्टर-सेल्स सपोर्ट के दौरान मिली जानकारी के आधार पर कंपनी कैमरे की स्थिरता, कनेक्टिविटी और परफॉर्मेंस से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए सॉफ्टवेयर अपडेट, बेहतर टेस्टिंग और कस्टमर सपोर्ट में सुधार कर रही है।

जेमिनी एडिबल्स, बिगबास्केट और फ्लिपकार्ट को नोटिस जारी

नयी दिल्ली। खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने हैदराबाद स्थित जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया लिमिटेड, बिगबास्केट और फ्लिपकार्ट को स्वास्थ्य लाभों से जुड़े भ्रामक दावों के साथ खाद्य तेल बेचने के मामले में नोटिस जारी किए हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उसने जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया, इनोवेटिव रिटेल कॉन्सेप्ट्स (बिगबास्केट) और फ्लिपकार्ट इंडिया को 'फ्रीडम कुकिंग राइस ब्रान ऑयल' के बारे में भ्रामक दावों को लेकर नोटिस जारी किए हैं। नियामक के अनुसार, चावल की भूसी के इस तेल का प्रचार ई-कॉमर्स मंचों और सोशल मीडिया पर कोलेस्ट्रॉल में सुधार रखने तथा '10,000 से अधिक पीपीएम प्राकृतिक ओराइज़ेनॉल' जैसे दावों के साथ किया गया था। एफएसएसएआई ने कहा, कोलेस्ट्रॉल और दिल की सेहत से जुड़े दावे विज्ञापन एवं दावे विनियम, 2018 के तहत खाद्य वनस्पति तेल (राइस ब्रान ऑयल) के लिए अनुमत दावों में शामिल नहीं पाए गए। इसके अलावा, जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया अपनी ई-कॉमर्स वेबसाइट के जरिये खाद्य उत्पादों की बिक्री करती पाई गई, जबकि वह ई-कॉमर्स गतिविधियों को कवर करने वाला वैध केंद्रीय लाइसेंस नहीं पेश कर सकी। एफएसएसएआई ने इन खाद्य कारोबार संचालकों (एफबीओ) को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए। नियामक ने गंभीर अनियमितताओं के चलते डीएनवी फूड प्रोडक्ट्स लिमिटेड का लाइसेंस भी निलंबित कर दिया है। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता, साफ-सफाई, भंडारण और लाइसेंस संबंधी नियमों के उल्लंघन पाए गए थे।

एशियन फुटवियर और सेल्सफोर्स में साझेदारी

नई दिल्ली। फुटवियर ब्रांड एशियन फुटवियर ने ग्राहक अनुभव बेहतर बनाने और कारोबार के विस्तार के लिए सेल्सफोर्स के साथ साझेदारी की है। इसके तहत ग्राहकों को व्यक्तिगत और आर्टिज़्फिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया जाएगा। एशियन फुटवियर सेल्सफोर्स के डेटा 360, मार्केटिंग क्लाउड और सविज़्स क्लाउड प्लेटफॉर्म का उपयोग कर ऑनलाइन-ऑफ्लाइन ग्राहक डेटा को एकीकृत करेगा।

कंज्यूमर फाइनेंस ऑफर्स की घोषणा

मुंबई। वोल्टास लिमिटेड और इसके होम अप्लायंसेज जॉइंट वेंचर वोल्टास बेको ने पूरे भारत में प्रीमियम कूलिंग और होम अप्लायंसेज उत्पादों को अधिक सुलभ और किफायती बनाने के उद्देश्य से कई तरह के कंज्यूमर फाइनेंस ऑफर्स की घोषणा की है। यह ऑफर्स 31 अक्टूबर तक जारी रहेगी।

इको और फायर टीवी डिवाईस पर छूट का ऑफर

बेंगलुरू। चल रहे अमेज़न का ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में इको स्माटज़ स्पीकर और स्मार्ट डिस्प्ले, फायर टीवी स्ट्रीमिंग स्टिक और बिल्ट-इन फायर टीवी के साथ स्मार्ट टीवी पर आकर्षक डील मिल रही हैं। इस फेस्टिव सीजन कोई भी इको स्माटज़ स्पीकर, स्मार्ट डिस्प्ले या फायर टीवी खरीदने पर नि:शुल्क अरली एक्सेस प्राप्त कर सकते है।

टीवीएस जुपिटर ने नया कैंपेन लॉन्च किया

बेंगलुरू। टीवीएस जुपिटर ने फेस्टिव सीजन से पहले अपना नया टीवीसी द स्वे वेव लॉन्च किया है। यह फिल्म हाल ही में लॉन्च हुए टीवीएस जुपिटर डुअल टोन के यूनिक कलर-शिफ्टिंग स्पेक्ट्रल रंग को जीवंत करती है।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.58 अरब डॉलर घटकर 726 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार नौ अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 8.58 अरब डॉलर घटकर 726.03 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 12.95 अरब डॉलर घटकर 734.61 अरब डॉलर रहा था। प्रवासी भारतीयों की जमा पर विशेष रियायती अदला-बदली योजना के तहत बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा आने से चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के उच्चतम स्तर 785.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

श्रीलीला बनीं एचएमडी स्मार्टफोन का वाइब फेस

नई दिल्ली। एचएमडी ने श्रीलीला को एचएमडी स्मार्टफोन का वाइब फेस घोषित किया। यह ब्रांड के स्मार्टफ़ोन सफर में एक नए अध्याय की शुरुआत है और इससे एचएमडी की टेक्नोलॉजी और आज के ग्राहकों के साथ श्रीलीला के मजबूत जुड़ाव का मेल होगा। भारतीय दर्शकों के बीच अपनी बढ़ती लोकप्रियता के साथ श्रीलीला ने देश की प्रमुख युवा स्टार्स में से एक के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। उनका अलग अंदाज, आज के दौर का स्टाइल और अलग-अलग मार्केट में दर्शकों से जुड़ने की काबिलियत उन्हें एचएमडी के लिए एकदम सही बनाती है, क्योंकि ब्रांड भारत में अपनी मौजूदगी बढ़ा रहा है।

स्वामी ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक ओमप्रकाश शुक्ला द्वारा आज यंत्रालय १, जापलिंग रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
हरिन्दर सिंह साहनी

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग, **गोरखपुर** : बैंक रोड, **इलाहाबाद** : 3, लीडर रोड, **कानपुर** : बासमंडी, **झांसी** : गांधी भवन के सामने, **आगरा** : महात्मा गांधी मार्ग, **बरेली** : परसा खेड़ा रोड नं. 3, **पटना** : फ्रेजर रोड, **रांची** : नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**: कालीमाटी रोड

वर्ष-38 संख्या-13241
आर.एन.आई. नं. 47967/89
फोन-0522-2209312, 2209313
aaajlucknow@yahoo.com
aajlucknow@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिये स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो के लिये मुहरबन्द "खुली निविदा" वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है:-
निविदा सूचना संख्या: 82 वर्ष 2026, कार्य का विवरण: LJN डिवीजन के गोरखपुर स्टेशन पर PF-1, 2 और 9 पर सुनने में अक्षम (बधिर/दिव्यांगजन) लोगों के लिए डिजिटल साइन लैंग्वेज सूचना प्रणाली और PF-2 पर सॉफ्टवेयर के साथ बहुभाषी नागरिक सहायता कियोस्क स्क्रीन की व्यवस्था। अनुमानित लागत: ₹ 24,24,993.56, बयाना राशि: ₹ 48,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹0.00, कार्य समापन अवधि: 45 दिन।
(1) निविदाओं के बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समय: 10-11-2026 को 15:00 बजे।
नोट: इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण एवं निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।
मं0रे0प्र0 सिग0 एवं दूरसंचार, लखनऊ
मुजाधि/सिगनल-134
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

प्रदेश में औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन में हिलटॉप दे रही योगदान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थयवस्था बनाने के विजन के अनुरूप प्रदेश में औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन को लगातार बढ़ावा मिल रहा है। इसी दिशा में लखनऊ का यूपीसीडा कुर्सी रोड औद्योगिक क्षेत्र खाद्य प्रसंस्करण, पेय पदार्थ और उनसे जुड़े विनिर्माण उद्योगों के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। यहां स्थापित औद्योगिक इकाइयां स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करने के साथ आपूर्ति श्रृंखला को भी मजबूत कर रही हैं। इसी कड़ी में हिलटॉप ट्रेडर्स प्राइवेट लिमिटेड पेय पदार्थों की पैकेजिंग के लिए पॉलीएथिलीन टेरेफ्थेलेट प्रीफॉर्म और बोतल कैप का बड़े पैमाने पर निर्माण कर रही है। कंपनी प्रतिदिन लगभग 24 लाख बोतल कैप का उत्पादन करती है। साथ ही, अपने कुल उत्पादन के लगभग 40 प्रतिशत हिस्से, विशेषकर पेट प्रीफॉर्म, में पुनर्चक्रित (रीसायकल) सामग्री का उपयोग कर संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल और टिकाऊ विनिर्माण को बढ़ावा दे रही है। करीब 12 एकड़ क्षेत्र में फैली कंपनी में 100 से अधिक नियमित कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि लगभग 100 अंशकालिक कर्मचारी भी इससे जुड़े हैं। इस तरह कंपनी स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और औद्योगिक गतिविधियों को गति देने में योगदान दे रही है। कंपनी के तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रमुख उमेश मिश्र ने बताया कि इस प्लांट की विनिर्माण प्रक्रिया की एक प्रमुख विशेषता रीसायकल सामग्री का उपयोग है। कंपनी के अनुसार, उसके कुल उत्पादन का लगभग 40 प्रतिशत, विशेषकर पीईटी प्रीफॉर्म, पुनर्चक्रित सामग्री से तैयार किया जाता है। इससे नए प्लास्टिक पर निभज़्रता कम करने, उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने और कचरे को कम करने में मदद मिलती है। यह पहल पैकेजिंग उद्योग में सर्कुलर इकोनॉमी (चक्रीय अर्थव्यवस्था) की अवधारणा को मजबूत करती है। यूपीसीडा का कुर्सी रोड औद्योगिक क्षेत्र विनिर्माण, खाद्य प्रसंस्करण और पेय पदाथज़ उद्योग के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। यहां कोका-कोला, ज्ञान डेयरी, एसएलएमजी बेवरेजेज सहित कई औद्योगिक और कृषि आधारित इकाइयां संचालित हैं।

पेय पदार्थों की पैकेजिंग के लिये बोतल कैप के उत्पादन कर रही कम्पनी

एसबीआई लाइफ- प्रीमियम माफी राइडर के साथ अपनी जीवन बीमा योजना को दें अतिरिक्त सुरक्षा और मज़बूती

जीवन के सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव अक्सर वित्तीय ज़िम्मेदारी के साथ आते हैं। व्यवसाय शुरू करना, करियर का नया मौका आज़माना, घर खरीदना, बुज़ुर्ग माता-पिता की देखभाल करना या बरसों पुराने सपने को पूरा करने की आज़ादी पाना, इन सबके लिए जल्द से जल्द उन संभावनाओं की योजना बनानी पड़ती है, जो शायद कई सालों बाद सामने आएँ। इन योजनाओं की सार्थकता इसी भरोसे में निहित है कि जीवन में आगे बढ़ने के साथ भी ये हमारी ज़रूरतों के अनुरूप बनी रह सकती हैं। भले ही हालात बदल जाएँ, लेकिन उनके पीछे की उम्मीदें अक्सर बनी रहती हैं। ऐसी वित्तीय सुरक्षा तैयार करने की कोशिश की जाती है, जो इन ज़िम्मेदारियों को जारी रखने में मदद करे, लोगों को अधिक आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को पूरा करने में मदद करे, साथ ही उनके अपनों के हितों की सुरक्षा हो। ऐसी स्थिति में अतिरिक्त सुरक्षा की दीर्घकालिक वित्तीय योजना में महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। एसबीआई लाइफ- प्रीमियम माफी राइडर ऐसा ऐड-ऑन है, जिसे ग्राहकों की मदद के लिए डिज़ाइन किया गया है, ताकि वे अपनी योग्य मूल पॉलिसी को जारी रख सकें, जब राइडर की अवधि के दौरान कुछ आपात स्थिति आ जाए। इस राइडर के तहत, लागू नियमों और शर्तों के मुताबिक किसी कवर की गई घटना के बाद मूल पॉलिसी के तहत देय भावी प्रीमियम माफ कर दिए जाते हैं। राइडर के तहत कवर की गई विशेष घटना की स्थिति में मूल पॉलिसी के तहत वर्णित पात्र भावी प्रीमियम माफ कर दिए जाते हैं।जब प्रस्तावक और बीमित व्यक्ति एक ही हों, तो राइडर कुछ खास गंभीर बीमारियों और दुर्घटना के कारण पूरी तरह से स्थायी विकलांगता (एटीपीडी) को कवर करता है।जब प्रस्तावक और बीमित व्यक्ति अलग-अलग हों, तो राइडर प्रस्तावक को मृत्यु, कुछ खास गंभीर बीमारियों या एटीपीडी के मामले में सुरक्षा देता है, जैसा कि राइडर के तहत लागू हो। यह राइडर कवर की गई घटना के बाद पात्र भावी प्रीमियम माफ कर, मूल पॉलिसी को उसकी तय शर्तों के तहत जारी रखने में मदद कर सकता है, जिससे दीर्घकालिक वित्तीय योजनाओं को जारी रखने में सहायता मिलती है। राइडर को मूल पॉलिसी की शुरुआत में या पात्रता के मुताबिक, प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान पॉलिसी की किसी बाद की वर्षगाँठ पर चुना जा सकता है, बशर्ते कि न्यूनतम बकाया प्रीमियम भुगतान अवधि पाँच वर्ष हो। दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्य समय के साथ निर्मित हैं और अक्सर ये जीवन के अलग-अलग पड़ावों से जुड़े होते हैं। सही वित्तीय सुरक्षा उपाय होने से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि हालात बदलने पर भी ये योजनाएँ आगे बढ़ती रहें। एसबीआई लाइफ- प्रीमियम माफी राइडर लंबे समय के लिए बनाई गई योजना में सुरक्षा की अतिरिक्त परत जोड़ता है। यह कुछ विशेष स्थिति पैदा होने पर पात्र भावी प्रीमियम की माफी में मदद करता है, जिससे मूल पॉलिसी अपनी तय शर्तों के अनुसार चलती रहती है। इससे ग्राहकों को अपने वित्तीय लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने और योजना के उद्देश्य को बनाए रखने में मदद मिल सकती है। दीर्घकालिक योजना का अर्थ सिर्फ लक्ष्य तय करने तक सीमित नहीं होता।

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड
Aadhar Housing Finance Ltd

कार्पोरेट कार्यालय :ऑफिस नं. 501 एवं 503, पाँचवी मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई सुबुरबन (जिला), महाराष्ट्र-400072
सीतापुर शाखा: मोहल्ला लोहार बाग भवन, बिल्डिंग नंबर 15/1/352, नेत्र अस्पताल रोड, संतोषी माता मंदिर के पास, सीतापुर, परगना खैराबाद तहसील एवं जिला सीतापुर - 261001 (उत्तर प्रदेश)

आधिपत्य सूचना परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतू)

जबकी, **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सापठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के **60 दिवस** में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओ/प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ता राशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

क्रं	ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकता (ओ)(शाखा का नाम)	धरोहर संपत्ति वियरण (अचल संपत्ति)	मांग सूचना का दिनांक एवं राशि	आधिपत्य की दिनांक
1	(लोन कोड नं. 11900000131, 11910000085 एवं 11910000154/ सीतापुर शाखा) विकास कुमार बालमिकी (ऋणी) सूर्या पाल (सह-ऋणी)	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, गाटा नंबर 784 के भाग पर प्लॉट नंबर 19, ग्राम सलेमपुर स्थित, तहसील लखीमपुर, परगना एवं जिला-लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश- 262701 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - रास्ता कच्चा 4.57 मीटर चौड़ा, पश्चिम - विक्रेता का प्लॉट नंबर 18, उत्तर - मंगू लाल का प्लॉट नंबर 20, दक्षिण - प्लॉट नंबर 10 अन्य	07-07-2026 & ₹ 19,90,619/-	15-10-2026

स्थान : उत्तर प्रदेश
दिनांक : 17.10.2026

प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

संसदका विशेष सत्र

केन्द्र सरकार अब संसदका विशेष सत्र बुलानेकी तैयारीमें जुट गयी है। ऐसे संकेत मिले हैं कि अक्तूबरके अन्तिम सप्ताहमें यह सत्र बुलाया जा रहा है। संसदका मानसून सत्र १३ अगस्तको समाप्त हुआ था लेकिन अबतक सत्रावसान नहीं हुआ है। सत्र बुलानेकी सूचना एक सप्ताह पहले ही देनेकी परम्परा है। लोकसभा सीटें बढ़ाने और परिसीमन बिलसे सम्बन्धित बिल पेश करनेका अनुमान है। इसके माध्यमसे महिला आरक्षण लागू किया जायगा। संविधान (१३१वां संशोधन) विधेयक, २०२६ में लोकसभाकी सीटें ८५० करनेका प्रस्ताव है। राज्योंसे ८१५ और केन्द्रशासित प्रदेशसे ३५ सीटें हो सकती हैं। इसके साथ ही परिसीमन (संशोधन) विधेयक, २०२६ भी पेश किया जा सकता है। परिसीमनके लिए 'जनसंख्या' की परिभाषामें परिवर्तन किया जायगा। २०११ की जनगणनाको आधार बनाया जायगा। इसके अतिरिक्त केन्द्रशासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, २०२६ भी है। यह विधेयक पुडुचेरी, दिल्ली और जम्मू-कश्मीरके कानूनोंमें संशोधन करता है, ताकि परिसीमन और महिला आरक्षण बिल लागू हो सके। भाजपाके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन (राजग) के पक्षमें दो-तिहाई बहुमत आवश्यक है लेकिन राजग अभी इससे दूर है। लोकसभामें २० और राज्यसभामें नौ सांसदोंकी जरूरत है। लोकसभामें ५४३ सांसद हैं। तीन सीटें खाली हैं। इनमें राजगके ३१८ सांसद हैं। बिलको पास करानेके लिए लोकसभामें ३६० वोटकी आवश्यकता है। यदि द्रमुकके २२ सांसद बिलका समर्थन करते हैं तो बिलके समर्थनमें ३४० सांसद हो जायंगे। इसके बाद भी भाजपाको लगभग बीस सांसदोंकी जरूरत है। इसी प्रकार राज्यसभामें २४५ सीटें हैं। तीन खाली हैं। इनमें राजगके १५३ सांसद हैं। बिल पास करानेके लिए १६२ सांसद चाहिए। राजगको छोटी पार्टियोंके नौ सांसदोंकी जरूरत पड़ेगी। मानसून सत्रकी अन्तिम बैठक १३ अगस्तको हुई थी। दोनों सदनोंकी बिना सत्रावसानके यह अबतककी सबसे लम्बी अवधि है। इसके पूर्व १९८९ में दोनों सदन ६३ दिनतक ऐसी ही स्थितिमें रहे। संसदके विशेष सत्र बुलानेकी तैयारीको लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गयी है। विपक्ष इसे हंगामे वाला सत्र बनानेकी तैयारीमें है। विशेष सत्र ऐसे समय हो रहा है जब मतदाता सूचीके विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमारके इस्तीफेकी मांगपर देशभरमें माहौल काफी गर्म है। संसद सत्रमें इस प्रकरणको भी विपक्ष अवश्य उठा सकता है। विपक्ष और भी कई मुद्दे उठानेकी रणनीति बना रहा है। सत्ता पक्षकी ओरसे भी पूरी तैयारी की जा रही है। सत्तापक्ष यदि दो-तिहाई बहुमत जुटानेमें सफल रहता है तभी बिल पास हो पायंगे।

अवैध पटाखोंका कारोबार

उत्तर प्रदेशके वाराणसीमें सारनाथ क्षेत्रके पैगम्बरपुरमें गुरुवारको अवैध रूपसे पटाखा बनानेके दौरान हुए भीषण विस्फोटमें तीन मंजिला मकान पूरी तरह ढह गया। इस हादसेमें पटाखा कारोबारी मकान मालिककी ३८ वर्षीय पत्नी गम्भीर रूपसे झुलस गयी जबकि उसका १३ वर्षीय पुत्र मलबेमें दबनेसे घायल हो गया। दोनोंको मण्डलीय अस्पतालमें भर्ती कराया गया है। यह मकान पटाखा कारोबारी राजू खानकी पुस्तैनी है, जहां वह अपनी मां, पत्नी और एक पुत्र और पुत्रीके साथ रहता था। इस मकानमें कई पुश्तसे पटाखा बनानेका अवैध धंधा चल रहा था जिसकी जानकारी आसपासके लोगोंको बखूबी थी लेकिन पुलिस शायद अनभिज्ञ थी या अनभिज्ञ बनी हुई थी, यह तो जांचका विषय है लेकिन इतना तो तय है कि ऐसा हो नहीं सकता कि किसी थाना क्षेत्रमें अवैध कारोबार पुश्तोंसे हो रहा हो और स्थानीय पुलिसको इसकी खबरतक न हो। मकानमें विस्फोट शाम पांच बजे हुआ लेकिन जबतक लोग कुछ समझ पाते तबतक लगातार दो और धमाके हुए जिससे अफरा-तफरी मच गयी। विस्फोटकी भयंकरताका अनुमान इसीसे लगाया जा सकता है कि इस मकानसे सटे एक घरका अगला हिस्सा ढह गया और सात मकान क्षतिग्रस्त हो गये। हादसेके बाद मकान मालिक घायलोंको छोड़कर फरार हो गया जिसे देर रात सारनाथ पुलिसने सरायमोहना घाटके पाससे मुठभेड़के बाद गिरफ्तार कर लिया। घायलोंको लोगोंने मलबेसे निकालकर अस्पताल पहुंचाया। मलबेमें किसी औरके दबे होनेकी आशंकासे पुलिसने दो घण्टे रेस्क्यू अभियान चलाया। राहतकी बात यह है कि और किसीके दबे होनेकी आशंका निर्मूल साबित हुई। पटाखोंका त्योहार दशहरा और दीपावलीके साथ शादी-विवाहकी तैयारियां भी जोरोंपर है। ऐसेमें अवैध पटाखोंकी निर्माणमें तेजी आयी है। गली-गलीमें अवैध तरीकोंसे पटाखोंका निर्माण हो रहा है। इस तरहकी अवैध पटाखोंका निर्माण उत्तर प्रदेशमें नहीं अन्य राज्योंमें भी हो रहा होगा जिसपर सख्त निगरानी रखनेकी जरूरत है वरना ऐसे और भी हादसोंसे इनकार नहीं किया जा सकता है। पुलिस प्रशासनको चुस्त और निगरानी तंत्रको और मजबूत करना होगा, ताकि हादसेकी पुनरावृत्ति रोका जा सके।

लोक संवाद

देशमें बढ़ती महंगी

महोदय,-देशमें थोक महंगी फिर तेजीसे बढ़ी है। सितंबरमें थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगी दर बढ़कर ११.३९ फीसदीपर पहुंच गयी। अगस्तमें यह ९.९२ फीसदी थी। सरकारी आंकड़ोंके मुताबिक, यह २०२२-२३ की नयी श्रृंखलामें अबतकका सबसे ऊंचा स्तर है। खाने-पीनेकी चीजों, ईंधन और कारखानोंमें बनने वाले सामानकी कीमतें बढ़नेसे थोक महंगीमें यह तेजी आयी है। सितंबरमें सभी वस्तुओंका थोक मूल्य सूचकांक भी अगस्तके ११०.८ से बढ़कर ११२.५ हो गया। सितंबरमें खाद्य महंगी दर बढ़कर ८.१४ फीसदीपर पहुंच गयी, जो पिछले २१ महीनेका सबसे ऊंचा स्तर है। अगस्तमें यह ५.६७ फीसदी थी। वहीं, प्राथमिक वस्तुओंकी महंगी दर अगस्तके ७.७६ फीसदीसे बढ़कर सितंबरमें ८.६७ फीसदी हो गयी। यह भी नयी श्रृंखलाका सबसे ऊंचा स्तर है। खनिजोंकी महंगी दर ८.२४ फीसदीसे बढ़कर ९.५१ फीसदी हो गयी। थोक महंगी बढ़नेकी एक बड़ी वजह कच्चे तेल और प्राकृतिक गैसकी कीमतोंमें तेजी रही। सितंबरमें ईंधन और बिजलीकी महंगी दर बढ़कर २५.८५ फीसदी हो गयी। अगस्तमें यह २२.९३ फीसदी थी। सबसे ज्यादा तेजी कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैसकी कीमतोंमें देखनेको मिली। इनकी महंगी दर अगस्तके ३४.४१ फीसदीसे बढ़कर सितंबरमें ५७.३२ फीसदी हो गयी। इसी तरह कोयले और लिग्नाइटकी महंगी दर १.५७ फीसदीसे बढ़कर ९.३१ फीसदी पहुंच गयी। खनिज तेलकी महंगी दर भी ३८.४८ फीसदीसे बढ़कर ४०.०२ फीसदी हो गयी। सितंबरमें कारखानोंमें बनने वाले सामानकी महंगी दर बढ़कर ९.७६ फीसदी हो गयी, जबकि अगस्तमें यह ८.३७ फीसदी थी। यह भी नयी श्रृंखलाका सबसे ऊंचा स्तर है। थोक महंगी सूचकांकमें इस श्रेणीकी हिस्सेदारी ६३.१ फीसदी है। इसलिए इसकी कीमतोंमें बदलावका कुल थोक महंगीपर बड़ा असर पड़ता है। कपड़े, तैयार परिधान, रसायन, धातुओं और बिजलीके उपकरणोंकी कीमतोंमें वृद्धि दर्ज की गयी। इसके अलावा कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल उत्पादोंकी महंगी दर बढ़कर चार फीसदी हो गयी। इससे पहले कई महीनोंतक इस श्रेणीमें कीमतोंमें गिरावट दर्ज की जा रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालयने सितंबरके लिए उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) के आंकड़े भी जारी किये हैं। यह सूचकांक बताता है कि उत्पादकोंको अपने सामानके लिए मिलने वाली कीमतोंमें कितना बदलाव हुआ है। पीपीआई बढ़कर ११२.५ हो गया। इसके साथ ही पीपीआईपर आधारित महंगी दर अगस्तके ९.८१ फीसदीसे बढ़कर ११.३९ फीसदी पहुंच गयी। सितंबरके आंकड़ोंसे साफ है कि महंगीका दबाव सिर्फ खाने-पीनेकी चीजोंतक सीमित नहीं है। ईंधन, कच्चे माल और कारखानोंमें बनने वाले सामानकी कीमतें भी तेजीसे बढ़ रही हैं। इससे कम्पनियोंकी उत्पादन लागत बढ़ सकती है। यदि कम्पनियां बढ़ी हुई लागतका बोझ ग्राहकोंपर डालती हैं तो आने वाले समयमें खुदरा कीमतोंपर भी दबाव पड़ सकता है। **-शैलजा पाठक, वाया ईमेल।**

भारतीय प्रतिभाओंपर अमेरिकी निर्भरता

ट्रम्प प्रशासनने स्थायी श्रम प्रमाणन कार्यक्रमके तहत विदेशी कामगारोंके लिए वीजापर रोक लगानेकी घोषणा कर दी। यह ऐसा कदम है, जिसका प्रभाव शीर्ष अमेरिकी प्रौद्योगिकी कम्पनियोंके साथ प्रमुख भारतीय आउटसोर्सिंग कम्पनियोंपर भी पड़ेगा। दलील है कि प्रौद्योगिकी उद्योग श्रम कार्यक्रमका दुरुपयोग करता है।

❑ दिनेश सिंह

हालमें ट्रम्प प्रशासनने स्थायी श्रम प्रमाणन कार्यक्रमके तहत विदेशी कामगारोंके लिए वीजापर रोक लगानेकी घोषणापर दलील दी है कि प्रौद्योगिकी उद्योग अमेरिकी कामगारोंको कामपर रखनेसे बचनेके लिए रोजगार-आधारित श्रम कार्यक्रमका दुरुपयोग करता है। नये प्रतिबंधोंसे बड़ी संख्यामें भारतीयों सहित सभी विदेशी प्रौद्योगिकी कामगारोंकी नियुक्तिपर प्रतिकूल प्रभाव पड़नेकी सम्भावना है, जिन्होंने ग्रीन कार्ड और अंतत: नागरिकता अर्जित करनेके लिए एच१बी वीजाका उपयोग किया था। एकके बाद एक आये अमेरिकी राष्ट्रपतियोंने घरेलू राजनीतिक उद्देश्योंके लिए एच१बी वीजा कोटाको लटकाये रखा। वर्ष २००८ में राष्ट्रपति ओबामाने विदेशोंसे आउटसोर्सिंग करवाने वाली कम्पनियोंके लिए कर छूट समाप्त करनेकी घोषणा की थी। बादमें जो बाइडेनने भी ऐसा ही किया। अमेरिकी प्रौद्योगिकी कम्पनियोंने सस्ते श्रमकी उपलब्धताका लाभ उठानेपर ज्यादा ध्यान दिया। सन् १९६० के दशक में, उन्होंने सेमीकंडक्टर विनिर्माणके साथ ऐसा किया, जो उस समय भारी श्रम-साध्य कार्य था। कालांतरमें उन्होंने सॉफ्टवेयर सेवाओं और प्रोग्रामिंगके मामलेमें यही किया। फेयरचाइल्ड सेमीकंडक्टर के अध्यक्ष रॉबर्ट नॉयसने विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करनेके उद्देश्यसे १९६० के दशकमें भारत आदि देशोंका दौरा किया। भारतने इनकार किया तो वे हांगकांग चले गये। नॉयसने कुछ साल बाद इंटेलकी स्थापना की। अन्य अमेरिकी कम्पनियोंने इलेक्ट्रॉनिक्स और इंटीग्रेटेड सर्किट विनिर्माणके लिए सिंगापुर, मलयेशिया और ताइवानको चुना, जिससे ये देश अगले दो दशकोंमें प्रौद्योगिकी विनिर्माणके केन्द्र बन गये। भारतने १९७० और १९८० के दशकमें मौका संभालते हुए अमेरिकी ग्राहकोंके लिए सेमीकंडक्टर डिजाइनए सॉफ्टवेयर सेवाओं और प्रोग्रामिंगमें काम करना शुरू किया।

अमेरिकी प्रौद्योगिकी उद्योगके साथ भारतका जुड़ाव कई पड़ावोंसे गुजरा है। इसकी शुरुआत छोटे पैमानेपर 'बॉडी शॉपिंग' से हुई, जिसमें भारतीय इंजीनियर अमेरिकी ग्राहकोंके लिए अल्पकालीन अनुबंधके आधारपर काम करते थे। वे काम पूरा होनेके बाद लौट आते थे। अगले चरणमें, यह एक ऑनसाइट मॉडलके रूपमें विकसित हुआ, जिसमें भारतीय कम्पनियोंने अपने उन श्रमिकोंको भेजा, जो दीर्घकालिक परियोजनाओंपर काम करते हुए अमेरिकी कम्पनियोंके कार्यबलका हिस्सा बने। जैसे-जैसे भारतीय कम्पनियोंने अपने ग्राहकोंका विश्वास हासिल किया और संचार प्रणालीके बुनियादी ढांचेमें सुधार हुआ, इस ऑनसाइट कामका कुछ हिस्सा भारतसे ऑफशोर मॉडलके रूपमें निष्पादित होना शुरू हो गया। जल्द ही अमेरिकी कम्पनियोंको अहसास हुआ कि अमेरिकामें भारतीयोंको बुलाकर कामपर रखने और भारतीय कम्पनियोंपर निर्भर रहनेके बजाय, क्यों न वे सीधे खुद भारतीयोंको कामपर रखें और भारतमें परिचालन स्थापित करें। यह और भी किफायती था। वर्ष १९९० के दशकके अंतमें माइक्रोसॉफ्टने शुरुआत की और कई अन्य तकनीकी कम्पनियोंने इसका अनुसरण किया। फिर बैंकों, बीमाकर्ताओं, लॉजिस्टिक्स कम्पनियों, एयरलाइंस, कानूनी फर्मों, वैश्विक परामर्श और ऑडिटिंग दिग्गजों तथा अन्य कम्पनियोंने भी ऐसा ही किया। आज वे सभी अपने अधिकांश बैकरूम संचालन या व्यावसायिक प्रक्रियाओंको बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, नोएडा आदिमें स्थानांतरित कर चुके हैं।

पिछले दो दशकोंमें इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास और उत्पाद विकासकी आउटसोर्सिंगके साथ-साथ आउटसोर्सिंग व्यवसाय और अधिक विविध होता गया। बड़े निगमोंने अपने कुछ मुख्य कार्योंको संभालनेके लिए भारतमें समर्पित इकाइयां स्थापित कीं। यह बदलाव लागत-बचतसे हटकर नवाचार, अनुसंधान और आईपी (बौद्धिक संपदा) निर्माणकी ओर बढ़ रहा था। आज लगभग हर फॉर्च्यून-५०० कम्पनीका बेंगलुरु या हैदराबादमें पूर्ण स्वामित्व वाला वैश्विक क्षमता केन्द्र (जीसीसी) है। वर्ष २०२५ में ऐसे केन्द्रोंकी संख्या २१०० से अधिक थी, जिनमें २३ लाख ६० हजार लोगोंको रोजगार मिला हुआ है। इससे लगभग सौ बिलियन अमेरिकी डालरका कारोबार होता है। प्रत्येक तकनीकी परिवर्तनमें मेनफ्रेमसे लेकर मिनी और माइक्रो कम्प्यूटर, इंटरनेट और डॉटकॉम, वाई२के, मोबाइल एवं सोशल मीडिया, क्लाउड और बिग डेटातक भारतीय प्रौद्योगिकी कम्पनियोंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब वे एजेंटिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) रोलआउट और विभिन्न क्षेत्रोंमें गहन तकनीकी तैनातीके क्षेत्रमें भी यही कर रही हैं तो प्रौद्योगिकी आउटसोर्सिंगकी प्रक्रिया अमेरिका और भारतमें गहराईसे जुड़ी है और अपरिवर्तनीय है। बड़ी तकनीकी कम्पनियोंको तेजीसे रोलआउट, वैश्विक सहायता, विस्तार और अन्य लाभोंके लिए भारतीय इंजीनियरों और तकनीकी प्रतिभाकी आवश्यकता है। वहीं, भारतीय कम्पनियोंको अपनी आय बनाये रखने, ऑपरेटिंग सिस्टम (विंडोज, ऐप्पल आईओएस, एंड्रॉइड) और विकासके लिए क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चरतक पहुंचके लिए अमेरिकी व्यवसायकी आवश्यकता है।

पिछले कुछ वर्षोंमें, भारतीय इंजीनियरोंने अपने फायदे स्पष्ट रूपसे प्रदर्शित किये हैं, जैसे कि बड़ी संख्यामें उनकी उपलब्धता, जो कम्पनियोंको अपना आकार बढ़ानेमें सहायक है, अंग्रेजी भाषाका ज्ञान, विभिन्न कार्य वातावरणोंमें अनुकूलनशीलता और समस्या-समाधानका दृष्टिकोण। आउटसोर्सिंग व्यवसायके अलावा, सिलिकॉन वैलीका प्रौद्योगिकी पावरहाउस काफी हदतक भारत एवं अन्य आप्रवासियोंकी प्रतिभाओंसे चलाया जाता है। अमेरिकी विश्वविद्यालयोंसे लेकर प्रौद्योगिकी उद्योगतक, प्रतिभाका स्रोत इन्हीं छात्रोंसे भरा हुआ है। सिलिकॉन वैलीमें दर्जनों नवाचार भारतीय मूलके उद्यमियों द्वारा स्थापित या संचालित किये जा रहे हैं। बाजारका तर्क सरल है। तकनीकी व्यवसाय प्रतिभापर निर्भर होते हैं। यदि वीजा प्रतिबंध उन्हें अमेरिकामें भारतीय इंजीनियरोंको नियुक्त करनेकी अनुमति नहीं देंगे तो वे उनमेंसे अधिकको भारतमें नियुक्त करेंगे। लिहाजा भारतसे संचालित होने वाले जीसीसीकी संख्या बढ़ेगी। यदि अमेरिकाके अलावा अन्य बाजारोंमें अवसर पैदा होंगे तो भारतीय कार्यबल उसका लाभ उठायेगा। वे भारतमें रह सकते हैं और जो अमेरिकामें हैं, वे वापस लौट सकते हैं। यदि भारत में उनके लिए चुनौतीपूर्ण और आकर्षक अवसर पैदा होते हैं। सवाल है कि क्या भारतीय कम्पनियां पश्चिमी बाजारोंपर इतनी ही निर्भर बनी रहेंगी। भारतीय कम्पनियोंने शुरुआत सेवा निर्यात और आउटसोर्सिंगसे की थी, क्योंकि प्रौद्योगिकी उत्पादों और सेवाओंके लिए कोई घरेलू बाजार नहीं था। न ही ऐसा कोई पारिस्थितिकी तंत्र था, जो स्थानीय प्रौद्योगिकी और उत्पाद विकासमें मददगार हो। पिछले दो दशकोंमें यह बदल गया है। नवाचारके लिए एक बड़ा स्थानीय बाजार और सहायता प्रणालियां हैं, जैसे कि उद्यम पूंजीतक पहुंच। जैसे-जैसे यह आगे बढ़ेगा और भारतीय बाजार परिपक्व होगा, आउटसोर्सिंगपर निर्भरता और इससे जुड़ी अनिश्चितताएं कम होती जायंगी। इस प्रक्रियामें, वर्षोंसे संचित आउटसोर्सिंग, उत्पाद विकास, आईपी निर्माण और अनुसंधानका अनुभव काम आयेगा। भारत इस संक्रमण कालसे गुजर रहा है।

भारतीय कम्पनियोंने शुरुआत सेवा निर्यात और आउटसोर्सिंगसे की थी, क्योंकि प्रौद्योगिकी उत्पादों और सेवाओंके लिए कोई घरेलू बाजार नहीं था। न ही ऐसा कोई पारिस्थितिकी तंत्र था जो स्थानीय प्रौद्योगिकी और उत्पाद विकासमें मददगार हो। पिछले दो दशकोंमें बदल गया है। नवाचारके लिए बड़ा स्थानीय बाजार और सहायता प्रणालियां हैं, जैसे उद्यम पूंजीतक पहुंच। जैसे-जैसे यह आगे बढ़ेगा और भारतीय बाजार परिपक्व होगा, आउटसोर्सिंगपर निर्भरता और इससे जुड़ी अनिश्चितताएं कम होती जायेंगी।

चिकित्सा क्षेत्रमें बाजारीकरण

भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र पिछले चार दशकोंमें बने नैतिक संकटका सामना कर रहा है। इसकी शुरुआत अस्पताल क्षेत्रमें कारपोरेट घरानोंके प्रवेशसे हुई और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, वेंचर कैपिटल एवं निजी निवेशसे इसने रफ्तार पकड़ी।

❑ चंद्रकांत

भारतीय निजी स्वास्थ्य सेवाके विकासने ऐसी व्यवस्थाएं बनायी हैं, जिनमें डाक्टरोंसे अस्पतालों, दवा कम्पनियों और संबंधित हितधारकोंके लिए मुनाफा कमानेकी अपेक्षा की जाती है। उपचार निर्णय, जो कि रोगीकी जरूरतसे निर्धारित होना चाहिए, उसपर व्यावसायिक प्रोत्साहनों और चिकित्साकरणका प्रभाव हावी हो गया है। इस परिवर्तनने डाक्टर-रोगी संबंधको बदल डाला। चिकित्सक अब मात्र स्वतंत्र पेशेवर नहीं रह गया जो रोगीके प्रति जवाबदेह हो। कई डाक्टर नैतिक बने हुए हैं और कई कारपोरेट अस्पताल भी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहे हैं, तथापि प्रोत्साहन रूपी लालच पेशेवर आजादी कायम रखना मुश्किल कर देता है। मसलन कारपोरेट अस्पतालोंमें डाक्टरोंको वेतन तो मिलता है, लेकिन मालिकोंकी अपेक्षा होती है कि वे अधिकाधिक कमाई कर दिखायें, रोगी संख्या बढ़ायें, जांच, भर्ती और इलाज प्रक्रियाओंमें अधिक मुनाफा बनवायें। भारतमें स्वास्थ्य सेवाके कारपोरेटीकरणपर एक शोधमें उपार्जन लक्ष्य, डाक्टरी सलाहको अस्पताल भर्तीमें परिवर्तित करने या एक-दो दिन वाले इलाजको लम्बा खींचनेको दबाव बनाने और घटती स्वायत्तताको दर्ज किया है। ऐसे रंग-ढंगने अच्छे डाक्टरकी परिभाषा बदल दी है। जो चिकित्सक मरीजोंको नेक डाक्टरी सलाह देते हैं, बीमारीपर सावधानीभरा इंतजार करनेकी सलाह देते हैं या किसी महंगी प्रक्रियासे बचनेकी सलाह देते हैं, वे अधिक टेस्ट और उपचार करवाने वाले डाक्टरकी तुलनामें कम पैसा कमाते हैं। एक बार जब व्यावसायिक उत्पादकता कार्य क्षमताका पैमाना बन जाय तो नेक इरादे वाले डाक्टर भी मरीजोंके हितोंके विपरीत प्रोत्साहनोंके लालचमें फंस सकते हैं। कई चिकित्सकोंका इलाजके दाम तय करने, बिल बनाने या व्यावसायिक रणनीतिपर दखल नगण्य होता है, इसलिए विशेषज्ञता तो है लेकिन घटती स्वायत्तताके साथ।

दवा उत्पादन उद्योगमें भी इसी किस्मकी चिन्ताएं उपजी हैं। कम्पनियां उत्तरोतर ऐसी रणनीतियों अपना रही हैं जिनसे बाजारीकरण और नेक चिकित्सा शिक्षाके बीच भेद करना मुश्किल हो रहा है। सम्मेलन, सलाहकार बोर्ड, वक्ता कार्यक्रम और आतिथ्य सत्कार जैसे तरीकोंने इस लकीरको धुंधला कर रखा है। दवा उत्पादकोंके लिए बिक्री संबंधी संहितामें उपहार, यात्रा और आतिथ्य सत्कार जैसी सुविधाओंसे डाक्टरोंको प्रभावित करने संबंधी निर्देश हैं, फिर भी यह गोरखधंधा सूक्ष्म तरीकोंसे काम करता है। अस्पतालकी निजी दवा विक्रेता दुकानें इस इकोसिस्टमका उदाहरण हैं। कई अस्पताल चुनिंदा ब्रांडोंसे भरी आंतरिक फार्मेसियां संचालित करते हैं, डाक्टरोंको वहां रखी दवाएं ही लिखनेको कहा जाता है। इससे मरीजका क्रय चयन सीमित हो जाता है और हॉस्पिटलकी कमाई बढ़ जाती है। पिछले १८ महीनोंमें मोटापा कम करने वाली दवाओंकी बढ़ती मांग इस तनावको दिखाती है। जीएलपी-१ रिसेप्टर एगोनिस्ट और उनसे जुड़ी दवाओंका फायदा सहीमें चुने गये मरीजको हो सकता है। फिर भी, सम्मेलनों और मेडिकल प्रचार शिविरोंके जरिये की जाती इनकी आक्रामक मार्केटिंगपर सोचना जरूरी है। एक मेडिकल विशेषज्ञ ब्रांड एंबेसडर बननेकी बजाय सुबूतोंको समझने और व्याख्या करने वाला हो। उनकी भूमिका केवल यह बताना नहीं है कि दवा क्या कर सकती है, बल्कि यह बताना भी है कि किसे इसकी जरूरत नहीं है, क्या अनिश्चितताएं हैं, क्या-क्या बुरे असर और लागत है, कितने समयतक वास्तवमें इलाजकी जरूरत है और दवाके बिना कौनसे उपचार ढंगका महत्व कायम है। कारपोरेट स्वास्थ्य क्षेत्रमें दवाएं तेजीसे मुख्य भूमिकामें आ रही हैं। ये चिन्ताएं लम्बे समयसे चली आ रही हैं। २०१८ में समीरन नंदी, केशव देशिराजु और संजय नागरालने स्वास्थ्य सेवा रक्षक या भक्षक। भारतमें स्वास्थ्य सेवाओंमें भ्रष्टाचार नामक पुस्तक संपादितकी थी। इसमें हितोंका टकराव, कारपोरेट अस्पतालोंके तौर-तरीके, दवा उत्पादक कम्पनियोंका प्रभाव, मेडिकल नियमन और व्यावसायिक नैतिकताकी जांच की गयी थी। आज भी इसकी प्रासंगिकता चिन्ताजनक है। चिकित्सा जगतने बार-बार इस समस्याकी शिनाख्त तो की, लेकिन सुधार सीमित ही रहा।

कमजोर नियमन मुख्य समस्या है। भारतमें डाक्टरोंके लिए नैतिकता संहिता और दवा उत्पादनकी मार्केटिंगका नियंत्रण करने वाले नियम हैं। रेफरल कमीशन, गलत प्रोत्साहन और व्यापारिक प्रभावोंके नाना तरीकोंपर रोक है। फिर भी, क्रियान्वयन एक समान नहीं और अक्सर कारवाई शिकायतों या घोटालोंके बाद होती है, न कि व्यवस्थित निगरानीके जरिये। जब क्रियान्वन ही अनिश्चित हो तो नैतिक संहिताका कोई खास मतलब नहीं। फिर भी, भारतमें हम दिखावेपर ज्यादा ध्यान देते हैं। २०२२ में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोगने मेडिकल पढ़ाई शुरू करने वाले छात्रोंके लिए नयी चरक शपथकी सिफारिश की। मकसद इसे नये चिकित्सकोंको ऐतिहासिक रूपसे दिलायी जाने वाली हिप्पोक्रेटिक शपथकी जगह लेना था। हालांकि दोनों सेवा एवं मरीजकी भलाईको चिकित्सा पेशेके केन्द्रमें रखती हैं। परन्तु शपथ तब दिखावा बनकर रह जाती है जब युवा डाक्टर ऐसी जगह ट्रेनिंग लेते हों जहां व्यापारिक ध्येय, हितोंका टकराव और गैर-जरूरी दखलका सामान्यीकरण हो चुका है। शपथसे ज्यादा अहम है कि क्या संस्थान चिकित्सकको सिद्धांतोंके अनुसार इलाज करने देते हैं। अन्य घटनाओंने भी इन दबावोंको बढ़ाया। देशमें विशेषज्ञता वाली चिकित्सा शिक्षा तेजीसे बढ़नेके मद्देनजर भारत खुदको मेडिकल टूरिज्मके मुकामके तौरपर रख रहा है। दोनोंके फायदे हैं, लेकिन इनसे अस्पताल नेटवर्ककी आर्थिक ताकत ज्यादा मजबूत हो सकती है। विशेषज्ञता वाले डाक्टर आधारभूत ढांचा, रोग पहचान तंत्र, मरीज प्रवाह और अपनी व्यावसायिक पहचानके लिए संस्थानोंपर निर्भर हो रहे हैं, जिससे क्लिनिक आधारित इलाजसे कमाईकी ताकत घट रही है।

मकसद पुराने दौरको बढ़िया बताकर पेश करना नहीं। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रमें सदा ही धन, पदानुक्रम और हितोंका टकराव बना रहा है। न ही कारपोरेट अस्पताल और न ही दवा उत्पादक कम्पनियां अपने आपमें अनैतिक होती हैं। चिन्ता यह है कि स्वास्थ्य सेवाका मतलब अब ज्यादातर दवाएं, टेस्ट, सप्लीमेंट्स, प्रोसीजर और ज्यादा खर्च बन गया है। डाक्टर ऐसी चीजें सही ठहराने लगे हैं जिनकी बहुत ज्यादा जरूरत नहीं और मरीजोंको ऐसे इलाज भुगतने पड़ते हैं। अनिवार्य प्रश्न है कि क्या व्यापारिक लाभ चिकित्सकीय निर्णयोंके अधीन बने रहें या उनपर हावी होते जायं। चिकित्साका वजूद सर्वप्रथम मरीजके हितमें हो। पेशेवर आजादी, सही इलाज और जनताके भरोसेके लिए इस सिद्धांतको बनाये रखना जरूरी है। जब मरीजोंको शक हो जाय कि परीक्षणों, दवाकी पर्ची, इलाज प्रक्रियामें किसी औरके पास भेजने या उपचार क्रियाके पीछे छिपे आर्थिक मकसद हैं तो डाक्टरोंकी नैतिक साख कमजोर होती है और स्वास्थ्य देखभाल व्यापार बन जाता है। भारतीय चिकित्साके सामने संकट सिर्फ इलाजपर खर्चकी मात्राका नहीं, बल्कि इसका है कि चिकित्साका स्वरूप क्यासे क्या बनता जा रहा। भारतको एक ऐसे आधुनिक स्वास्थ्य तंत्रकी जरूरत है जिसमें पूंजी इलाज करनेमें लगे, तकनीक उपचारमें फैसले लेनेमें सहायक हो और संस्थान पेशेवर नैतिकतासे समझौता करनेके बजाय उसकी रक्षा करें। शपथका महत्व तभी होता है जब व्यवस्था उसे निभानेका मौका दे।

संस्कार

❑ अनुज आचार्य

संस्कार, संस्कृति और सभ्यता जीवनके तीन महत्वपूर्ण आधार हैं। संस्कार व्यक्तिको भीतरसे गढ़ते हैं, संस्कृति चेतनाको समाजतक पहुंचाती है और सभ्यता सामूहिक जीवनका बाहरी स्वरूप निर्मित करती है। संस्कारका मूल भाव है-मन, वचन और कर्मका परिष्कार। जब बालक अपने माता-पिता और गुरुजनोंका सम्मान करना सीखता है, सत्य बोलनेका प्रयास करता है, जरूरतमंदकी सहायता करता है, प्रकृतिके प्रति संवेदना रखता है और अपने कर्तव्यको ईमानदारीसे निभाता है, तब उसके भीतर संस्कारोंका निर्माण होता है। संस्कारकी सबसे बड़ी परीक्षा उस समय होती है जब व्यक्तिको देखने वाला कोई नहीं होता, फिर भी वह गलत रास्तेपर जानेसे स्वयंको रोक लेता है। यही भीतरकी जागरूकता संस्कारको केवल शिक्षासे अलग करके जीवन-मूल्य बनाती है। संस्कार जब व्यक्तिकी सीमाओंसे निकलकर परिवार, समाज और पीढ़ियोंके जीवनमें प्रवाहित होते हैं, तब संस्कृतिका निर्माण होता है। हमारी भाषा, साहित्य, लोकगीत, संगीत, कला, पर्व-उत्सव, पारिवारिक परम्पराएं, प्रकृतिके प्रति दृष्टिकोण, अतिथि-सत्कार, सह-अस्तित्व और आध्यात्मिक चिंतन- ये सभी संस्कृतिके व्यापक स्वरूपको व्यक्त करते हैं। इसलिए संस्कृति किसी समाजकी केवल पहचान नहीं, उसकी सामूहिक चेतना भी है। भारतीय संस्कृतिकी विशेषता रही है कि उसने जीवनको भौतिक उपलब्धियोंके साथ नैतिक और आध्यात्मिक मूल्योंसे जोड़कर देखा। वसुधैव कुटुम्बकम, सर्वे भवन्तु सुखिन: और प्रकृतिके प्रति सम्मान जैसे विचार मनुष्यको केवल अपने हिततक सीमित नहीं रखते, बल्कि उसे व्यापक जीवन-जगतसे जोड़ते हैं। यही कारण है कि भारतीय संस्कृतिमें धर्मका अर्थ केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि कर्तव्य, सदाचार और लोकमंगलकी भावनासे भी जुड़ा रहा है। सभ्यताका संबंध मुख्यत: मनुष्यकी बाहरी और संस्थागत प्रगतिसे है। विज्ञान, तकनीक, परिवहन, संचार, भवन, सड़कें प्रशासन और आधुनिक संस्थाएं सभ्यताकी उपलब्धियोंको दर्शाती हैं। सभ्यता जीवनको सुविधाजनक बनाती है, लेकिन संस्कृति यह निर्धारित करती है कि उन सुविधाओंका उपयोग किस मानवीय उद्देश्यके लिए किया जाय। अत्याधुनिक साधन मनुष्यके हाथोंमें हों, लेकिन संवेदना और विवेकका अभाव हो तो विकास अधूरा रह जाता है। इसके विपरीत संस्कार और संस्कृतिसे जुड़ी आधुनिकता मानव कल्याणका प्रभावी माध्यम बन सकती है। संस्कार बीज हैं, संस्कृति उसका विकसित वृक्ष और सभ्यता उस वृक्षकी बाहरी छाया। बीज स्वस्थ होगा तो वृक्ष मजबूत होगा और वृक्ष मजबूत होगा तो उसके फल आने वाली पीढ़ियोंको मिलेंगे। इसलिए संस्कृतिकी रक्षा केवल बड़े आयोजनों और नारोंसे नहीं, बल्कि घर-परिवारके छोटे-छोटे आचरणोंसे होगी।

रुपये में गिरावट रोकने के लिए कड़े कदम

❑ आर.पी. सिंह

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गत सप्ताह रुपयेको सहारा देनेके लिए कई उपायोंकी घोषणा की। इसके परिणामस्वरूप डालरके मुकाबले रुपयेमें तेजी आयी। आरबीआई द्वारा घोषित उपायोंमें रुपयेसे जुड़े विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंधोंके रद होनेके बाद उनकी दोबारा बुकिंगपर रोक लगाना शामिल है। यह रोक डिलिवरी वाले और बिना डिलिवरी दोनों तरहके अनुबंधोंपर लागू होगी। इसके अलावा जिन डीलरोंका आर्थिक हित डेरिवेटिवसे नहीं जुड़ा है, उनके लिए उसके जरिये विदेशी मुद्रा लेन-देन करनेकी सीमा दस करोड़ डालरसे घटाकर ५० लाख डालर कर दी गयी है। साथ ही अधिकृत डीलरोंको २० लाख डालरसे अधिकके सांकेतिक मूल्य वाले रुपयेसे जुड़े प्रत्येक विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंधके लिए उसके रुपये मूल्यके २० फीसदीके बराबर राशि आरबीआईके पास नकदके रूपमें रखनी होगी। साथ ही आरबीआईने सार्वजनिक क्षेत्रकी तीन तेल विपणन कम्पनियोंकी विदेशी मुद्रा संबंधी जरूरतोंको पूरा करनेके लिए एक विशेष विंडो खोलनेका फैसला किया है।

उम्मीद है कि डेरिवेटिव कारोबारपर अंकुश लगाने या उसकी लागत बढ़ानेसे सट्टेबाजी कम होगी और रुपयेपर कुछ दबाव घटेगा। हालांकि ये उपाय अधिकसे अधिक अस्थायी समाधान हैं और मूल समस्याका समाधान नहीं करेंगे। वास्तवमें इनसे विदेशी मुद्रा जोखिमसे बचावके लिए हेजिंग करने वाले वास्तविक कारोबारोंको नुकसान पहुंच सकता है। खबरोंके मुताबिक बैंकोंने इस संबंधमें अपनी आपत्तियां भी दर्ज करायी हैं। इसके अलावा तेल विपणन कम्पनियोंकी मांगको हटानेसे विदेशी मुद्रा बाजारपर दबाव कम हो सकता है लेकिन इससे किसी भी तरह उनकी विदेशी मुद्राकी वास्तविक जरूरत कम नहीं होगी। इसलिए मुद्रा बाजारको मिलने वाली राहतके अल्पकालिक ही रहनेकी सम्भावना है।

वास्तवमें रिजर्व बैंक रुपयेको सहारा देनेके लिए मुद्रा बाजारमें बड़े पैमानेपर हस्तक्षेप कर रहा है। रियायती स्वैप व्यवस्थाओंसे, जिनमें विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक), यानी एफसीएनआर (बी) जमाओंसे जुड़ी व्यवस्थाएं भी शामिल हैं, विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ानेमें मदद मिली। ४ सितंबरको समाप्त सप्ताहमें यह रिकॉर्ड ७८५.७ अरब डालरके स्तरपर पहुंच गया। यद्यपि इसके बाद इसमें ५१ अरब डालरसे अधिककी गिरावट आ चुकी है। केन्द्रीय बैंककी घोषित नीति है कि वह रुपयेके किसी निश्चित स्तरको लक्ष्य नहीं बनाता और केवल अत्यधिक उतार-चढ़ावको नियंत्रित करनेके लिए हस्तक्षेप करता है। लेकिन ऐसा लगता है कि वह अन्य उद्देश्योंपर भी नजर रख रहा है।

यह रेखांकित करना जरूरी है कि भुगतान संतुलनपर पड़ने वाले दबावसे निबटना केवल केन्द्रीय बैंककी जिम्मेदारी नहीं है। भारतको चालू खाते और पूंजी खाते दोनोंपर दबावका सामना करना पड़ रहा है और यह दबाव ईरान युद्धसे पहले से ही मौजूद है।

पिछले दो वर्षोंमें भारतको भुगतान संतुलनमें घाटेका सामना करना पड़ा, जिसका एक कारण पूंजीका बाहर जाना था। इस वर्ष एफसीएनआर (बी) के तहत मजबूत पूंजी प्रवाहके कारण भुगतान संतुलनमें अधिशेष रहनेकी संभावना है। हालांकि एफसीएनआर (बी) से होने वाला पूंजी प्रवाह भी केवल अल्पकालिक राहत देगा। आरबीआईकी हालिया काररवाईसे संकेत मिलता है कि इससे भी उतनी मदद नहीं मिल रही है जितनी कई लोगोंने उम्मीद की थी। उपाय यही है कि रुपयेको कमजोर होने दिया जाय। हालांकि इससे स्थितिमें बुनियादी सुधार तभी होगा जब भारतीय निर्यातक कमजोर मुद्राका लाभ उठानेमें सक्षम हों। इसके लिए सरकारको शुल्कसे जुड़े सुधारों सहित जरूरी सुधार लागू करने होंगे। इसके अलावा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करनेके लिए अनुकूल परिस्थितियां भी तैयार करनी होंगी। खबरोंके अनुसार सरकार द्विपक्षीय निवेश संधिके ढांचेकी समीक्षा कर रही है लेकिन इस संबंधमें बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। मौजूदा स्थिति व्यापार और निवेश संबंधी सुधारोंको लागू करनेका एक अच्छा अवसर है। ये सुधार बाहरी क्षेत्रमें स्थिरता प्रदान करनेके साथ-साथ मध्यमसे दीर्घावधिमें उच्च आर्थिक वृद्धिको सहारा दे सकते हैं।

मिशन दक्ष शुरू, बच्चों की सीखने की क्षमता पर होगा फोकस

तीन माह तक चलेगा विशेष अभियान, कक्षा एक और दो के बच्चों की दक्षताओं में सुधार का लक्ष्य

गोण्डा। बच्चों की बुनियादी शिक्षा मजबूत करने और उनकी सीखने की क्षमता में सुधार लाने के उद्देश्य से मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंडल स्तरीय कार्यशाला में 'मिशन दक्ष देवीपाटन—हर बच्चा, हर दक्षता' का शुभारंभ किया। आयुक्त कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में कक्षा एक एवं दो के बच्चों की सीखने संबंधी कमजोरियों को चिह्नित कर उन्हें दूर करने तथा प्रत्येक बच्चे को निर्धारित शैक्षिक दक्षताओं से जोड़ने की रणनीति तैयार की गई। मिशन के तहत बच्चों की सीखने की जरूरतों को पहचानकर उन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा बुनियादी दक्षताओं को हासिल करने में पीछे न रहे और प्रत्येक विद्यार्थी को उसकी आवश्यकता के अनुरूप शैक्षिक सहयोग मिल सके। **प्रथम चरण में चार ब्लॉकों का चयन** मिशन के प्रथम चरण में देवीपाटन मंडल के चारों जिलों से एक-एक ब्लॉक का चयन किया गया है। इनमें बलरामपुर जिले का बलरामपुर ग्रामीण, श्रावस्ती का इकौना, बहराइच का पयागपुर और गोण्डा का पंडरी कृपाल शामिल है। चयनित ब्लॉकों में तीन माह तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। पहले चरण के अनुभवों और परिणामों के आधार पर अगले चरण में अन्य ब्लॉकों को शामिल किया जाएगा। **हर बच्चे को 70 प्रतिशत दक्षता हासिल कराने का लक्ष्य** मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि मिशन का उद्देश्य केवल कुछ बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार करना नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे की सीखने की जरूरत को समझकर उसकी दक्षताओं को विकसित करना है। लक्ष्य है कि हर बच्चा अपनी कक्षा के अनुरूप कम से कम 70 प्रतिशत अपेक्षित दक्षताएं हासिल करे। उन्होंने कहा कि अभियान की विशेषता यह है कि इसमें किसी एक समूह के बजाय प्रत्येक बच्चे की प्रगति पर ध्यान दिया जाएगा। यह पहल निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को हासिल करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। **तीन चरणों में होगा बच्चों की प्रगति का आकलन** बच्चों की शैक्षिक प्रगति मापने के लिए डायट के प्रशिक्षकों के माध्यम से बेसलाइन, मिडलाइन और एंडलाइन आकलन कराया जाएगा। इससे बच्चों के शुरुआती दक्षता स्तर, अभियान के दौरान हुए सुधार और अंतिम परिणामों का तुलनात्मक मूल्यांकन किया जा सकेगा। आकलन के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाकर शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। **शिक्षा के साथ सुविधाओं और स्वास्थ्य पर भी जोर** मंडलायुक्त ने चयनित ब्लॉकों के विद्यालयों में शिक्षण की गुणवत्ता के साथ मूलभूत सुविधाओं में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने और विद्यालय स्तर की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने बच्चों के समग्र विकास में स्वास्थ्य एवं पोषण की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया। मंडल में कुपोषण तथा फ्लोरोसिस, विटामिन-डी और कैल्शियम की कमी जैसी समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने और संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। सर्दियों में सुबह विद्यालय आने वाले बच्चों को उनकी आयु एवं परिस्थितियों के अनुरूप खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों में शामिल करने के निर्देश भी दिए गए।

डीएम व एसपी एवं एस०एस०बी० कमाण्डेंट ने भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

श्रावस्ती। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद श्रावस्ती में सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग, पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी एवं एसएसबी कमांडेंट अमरेंद्र कुमार वरुण' द्वारा थाना सिरसिया क्षेत्र अंतर्गत इंडो नेपाल के सुईया बॉर्डर, तृषमा बार्डर एवं आसपास के सीमावर्ती क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने सीमा स्तम्भ संख्या भारत-638(9) का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सीमा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध तस्करी, आपराधिक गतिविधियों, संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनों की आवाजाही एवं अन्य संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु सतर्क निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही सुरक्षा बलों को पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर तहसीलदार भिनगा, पुलिस एवं एसएसबी के अधिकारी/ कर्मचारीगण सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

एक नजर

जिलाधिकारी ने नवनिर्मित पेंशनर कक्ष का फीता काटकर किया लोकार्पण

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने कलेक्ट्रेट परिसर में नवनिर्मित पेंशनर कक्ष का फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने पेंशनर्स से संवाद कर कुशलक्षेम जाना और उनकी समस्याएं भी सुनी तथा निराकरण हेतु संबंधित को निर्देशित भी किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आज एयर कंडीशन युक्त पेंशनर कक्ष का लोकार्पण किया गया है, जिससे कि गर्मियों में बुजुर्ग पेंशनरों को बैठने की सुविधा प्रदान होगी। यदि वह कोषागार में अपने पेंशन सम्बन्धी किसी भी कार्य के लिए आते है तो अब उन्हें इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा, बल्कि निर्माण कराये गये नवीन कक्ष में आराम से बैठ सकते है। इसमें पेंशनर्स के लिए आरामदायक कुर्सी, मेज, एसी, वाशरूम, पीने का स्वच्छ पानी आदि की व्यवस्था की गई है। जिससे बुजुर्ग पेंशनरों को कोई दिक्कत न होने पाये। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी विनीत कुमार, अधिशाषी अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण मानवेंद्र सेमत सहित कोषागार के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

लापता किशोर की नदी में मिली लाश

श्रावस्ती। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले अर्पित का शव दो दिन बाद बृहस्पतिवार शाम बलरामपुर जनपद में राप्ती नदी से मिला। वह मंगलवार को जिम जाने के लिए घर से निकले थे। उनकी ओला स्कूटी अंधरपुरवा राप्ती पुल के पास लावारिस हालत में मिली थी। इसके बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम नदी में उनकी तलाश कर रही थी। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। बृहस्पतिवार शाम बलरामपुर के कोड़री घाट से अर्पित का शव मिला, जो घटनास्थल से करीब सात किलोमीटर दूर है। पोस्टमार्टम के बाद अर्पित का शव गांव पहुंचेगा। उनकी मौत से परिवार में मातम पसरा है और अर्पित की मौत पर कई सवाल उठ रहे हैं। उनके रिश्तेदारों का कहना है कि वह आमतौर पर अपने पास मोबाइल फोन नहीं रखता था। रिश्तेदारों या किसी अन्य से बात करने के लिए परिवार के फोन का इस्तेमाल करता था। ऐसे में वह राप्ती पुल तक कैसे पहुंचे और स्कूटी वहां क्यों छोड़ी, यह जांच का विषय है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

नासिरगंज में दशहरा पर रामलीला मंचन का शुभारंभ

गिरंट बाजार श्रावस्ती। जनपद के जमुनहा तहसील क्षेत्र के थाना सोनवा अंतर्गत नासिरगंज में दशहरा पर्व का आगाज गुरुवार रात से शुरु हो गया। भाजपा नेता समाजसेवी सुरेश कुमार रिजवानी को बुलाकर रामलीला कमेटी के लोगों ने फीता काटकर रामलीला मंचन का शुभारंभ कराया। इस दौरान सुरेश कुमार रिजवानी, संतोष कुमार गुप्ता आदि सहित लोग उपस्थित रहे।

ट्रैक्टर से कुचलकर तीन वर्षीय बच्ची की मौत

गिरंट बाजार श्रावस्ती। थाना हरदत्त नगर गिरंट क्षेत्र हरदत्त नगर गिरंट के महतवपुरवा निवासी करिया पुत्र साधू ट्रैक्टर ट्राली लेकर बहराइच जनपद के नवाबगंज जा रहा था कि श्रावस्ती जनपद के थाना गिरंट के हरबंशपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में शंकरपुर नवाबगंज मार्ग पर बघमरी गांव के सामने 3 वर्षीय छोटी लड़की अचानक सड़क ट्रैक्टर के नीचे आ गयी और कुचल कर मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची किन्तु परिजन लाश को लेकर चले गये और मृतक के परिजन वाहन मालिक ने पुलिस के बीच बातचीत कर सहमति जताते हुए 4 लाख रुपया लेकर आपस में सुलह समझौता कर लिया। और लड़की को मिट्टी दे दिया।

उधारी के रुपये के विवाद में खूनी संघर्ष, वृद्ध की मौत

अम्बेडकरनगर। राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के भूपतिपुर कोडरहा गांव में शुक्रवार को उधार के रुपये के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दोनों ओर से लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चलने लगे। मारपीट में कई लोग घायल हो गए। बीच-बचाव करने पहुंचीं करीब 80 वर्षीय वृद्धा के सिर में गंभीर चोट लग गई। अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया जाता है कि स्वर्गीय इंद्रमणि तिवारी ने श्याम नारायण मिश्रा से रुपये उधार लिए थे। इसी रकम को लेकर दोनों परिवारों की महिलाओं के बीच कहासुनी शुरू हुई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। श्याम नारायण मिश्रा की मां बीच-बचाव करने पहुंचीं तभी उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार पांडेय ने बताया कि श्याम नारायण मिश्रा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जहरखुरानी कांड का 24 घंटे में खुलासा, लूटा गया लैपटॉप-मोबाइल समेत पूरा सामान बरामद

अम्बेडकरनगर। इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र में जहरखुरानी का शिकार हुए युवक के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से पीड़ित का लैपटॉप मोबाइल कपड़े समेत पूरा सामान बरामद करने का दावा किया है। दोनों आरोपित गोंडा जनपद के निवासी बताए जा रहे हैं जानकारी के अनुसार अंकित कुमार बेंगलुरु से घर लौट रहा था। वह अयोध्या एयरपोर्ट पर उतरने के बाद देवकाली बाईपास पहुंचा जहां दो आपाची सवार युवकों ने उसे लिफ्ट दी। आरोप है कि रास्ते में दोनों ने उसे नशीला पदार्थ खिला दिया। इसके बाद इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के मदिया गांव के पास अचेत हालत में छोड़कर उसके बैग में रखा कीमती सामान लेकर फरार हो गए होश में आने के बाद पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और 24 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

पुलिस ने चलाया विशेष जागरूकता अभियान

कैसरगंज, बहराइच। शारदीय नवरात्रि व मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना कैसरगंज पुलिस की एंटी रोमियो एवं साइबर टीम ने क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में बालिकाओं व छात्रों को सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव तथा सोशल गाइडेंस के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने सिविलियन विद्यालय नौगइया पहुंचकर छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों और ऑनलाइन सुरक्षा से संबंधित विशेष जागरूकता वीडियो दिखाए। इस दौरान बच्चों को मिशन शक्ति के तहत अपनी सुरक्षा, अधिकारों और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 112, 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए गए। इसके पश्चात पुलिस टीम ने नेहरू बाल शिक्षा निकेतन स्कूल,में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें बच्चों को सोशल गाइडेंस, अच्छे-बुरे स्पर्श गुड टच-बैड टच, अनुशासन और समाज में सतर्क रहने के तरीकों के बारे में विस्तार से समझाया गया।

अपराध निरोधक समिति टीम ने जिले के उच्चाधिकारियों से भेंट कर किया सम्मानित

बहराइच। उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति, लखनऊ के अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण तथा समिति के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के दिशा-निर्देशन में जिला बहराइच की टीम ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें संस्था की वार्षिक पत्रिका 'सेवा पथ' भेंट की और सम्मानित किया। समिति के जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधन एवं जिला सचिव तथा जिला कारागार बहराइच के जेल विजिटर केशव कुमार मौर्य के नेतृत्व में टीम ने अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य (पीसीएस-प्र) तथा जिला कारागार के जेल अधीक्षक राजीव कुमार सिंह सहित कई अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने अधिकारियों को समिति की वार्षिक पत्रिका 'सेवा पथ' भेंट कर सम्मानित किया।

एक नजर

टेढ़ी नदी में छोड़ी गईं 50 हजार मत्स्य बीज अंगुलिकाएं

गोण्डा। उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यपोषित योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में रिवर रैंचिंग कार्यक्रम के तहत गुरुवार को नवाबगंज स्थित पटपड़गंज घाट पर टेढ़ी नदी में 50 हजार मत्स्य बीज अंगुलिकाओं का संचय किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रमापति शास्त्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष रामानन्द, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेनू तथा संगठन अध्यक्ष राजकुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर मत्स्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। **नदी की मत्स्य संपदा बढ़ाने की पहल** कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि नदियों में मत्स्य संपदा को समृद्ध करने तथा जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के उद्देश्य से प्रदेश सरकार रिवर रैंचिंग कार्यक्रम संचालित कर रही है। इसके तहत प्रमुख नदियों में मत्स्य बीज अंगुलिकाओं का संचय किया जाता है, जिससे मछलियों की संख्या बढ़ाने, मत्स्य संसाधनों के संरक्षण और जलीय जैव विविधता को बनाए रखने में सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि रिवर रैंचिंग कार्यक्रम नदी आधारित मत्स्य संसाधनों को समृद्ध करने के साथ ही प्राकृतिक जलीय संपदा के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। टेढ़ी नदी में 50 हजार मत्स्य बीज अंगुलिकाओं का संचय भी इसी उद्देश्य से किया गया, ताकि नदी की मत्स्य संपदा के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा मिल सके।

भारतीय सिंधु सभा के विस्तार एवं संगठन को सक्रिय बनाने पर मंथन

गोंडा। भारतीय सिंधु सभा के संगठनात्मक विस्तार और गतिविधियों को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार शाम पूज्य झूलेलाल सिंधी धर्मशाला में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, समाज के लोगों को जोड़ने तथा सामाजिक गतिविधियों को गति देने पर विस्तार से चर्चा की गई। सिंधी समाज के प्रवक्ता किशन राजपाल ने बताया कि बैठक में भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक अगनानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ कानपुर के नगर संयोजक लकी सावलानी, सिंधु दर्शन यात्रा के संयोजक दीपक अंशवानी तथा कानपुर नगर के सहसंयोजक गिरधारी चंदानी भी पहुंचे।

खंड शिक्षक निर्वाचन के कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण

गोण्डा। खंड शिक्षक निर्वाचन को व्यवस्थित, निष्पक्ष एवं सुचारु ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला पंचायत सभागार में निर्वाचन कार्य में लगाए गए अधिकारियों एवं कार्मिकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट सहित अन्य संबंधित कार्मिकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके दायित्वों और कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए पूरी गंभीरता, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए, जिससे चुनाव संबंधी सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से पूरी हो सकें। उन्होंने कार्मिकों को आपसी समन्वय बनाए रखने तथा सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ करने पर जोर दिया। साथ ही स्पष्ट किया कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी अधिकारी-कर्मचारी प्रशिक्षण में दी गई जानकारी को गंभीरता से समझकर उसका अनुपालन सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य निर्वाचन से जुड़े कार्मिकों को उनकी जिम्मेदारियों और आवश्यक प्रक्रियाओं से भली-भांति परिचित कराना रहा, ताकि निर्वाचन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा या अव्यवस्था उत्पन्न न हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद, जिला विकास अधिकारी आदित्य तिवारी, जिला प्रशिक्षण अधिकारी अभिषेक मणि त्रिपाठी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

दुर्गा पूजा से पहले असमतल सड़क दुरुस्त

अम्बेडकरनगर। दुर्गा पूजा के मद्देनजर श्रद्धालुओं के सुगम और सुरक्षित आवागमन के लिए टांडा में असमतल सड़क को दुरुस्त कराया गया। जल निगम नगरीय की ओर से पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क का पुनर्स्थापन तो किया गया था लेकिन कई हिस्से उभरे और असमतल रह गए थे। उपजिलाधिकारी राहुल गुप्ता के पर्यवेक्षण में अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय के निर्देशन में जल जीवन अर्बन टीम ने सड़क के उभरे और असमतल हिस्सों को ठीक कराया। इससे दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं तथा आम राहगीरों के आवागमन में सुविधा होगी और हादसे की आशंका भी कम होगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को त्योहारों के दृष्टिगत जनसुविधा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

शिक्षक निर्वाचन में मतदान के लिए 23 अक्टूबर को मिलेगा विशेष आकस्मिक अवकाश

अम्बेडकरनगर। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से विधान परिषद के चुनाव में मतदान करने वाले पात्र शिक्षकों को 23 अक्टूबर को विशेष आकस्मिक अवकाश मिलेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ईशा प्रिया ने बताया कि शासन के निर्देश के तहत यह अवकाश मतदान के उद्देश्य से अनुमन्य किया गया है।गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के बोनाफाइड मतदाता शिक्षक मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए इस अवकाश का लाभ उठा सकेंगे। प्रशासन ने संबंधित शिक्षकों से मतदान में भाग लेने की अपील की है।

दुर्गा पूजा महोत्सव में अवधी कलाकार रमेश दुबे ने बांधा समां

करनैलगंज, गोण्डा। सकरौरा ग्रामीण के छतईपुरवा स्थित ब्रह्मचारी बाबा स्थान पर चल रहे दुर्गा पूजा महोत्सव में बुधवार की रात भव्य जागरण का आयोजन किया गया जिसमें अवधी हास्य कलाकार रमेश दुबे उर्फ रमेशवा ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को गदगद कर दिया। रमेश दुबे ने भजनों के साथ अवधी कॉमेडी शो भी प्रस्तुत किया जिसका लोगों ने भरपूर आनंद लिया। उनके विभिन्न किरदारों ने दर्शकों को हंसने पर मजबूर कर दिया। रमेश दुबे ने निहोरन चाची, कनउ लाल, झिनकन और बहरा चाची सहित कई किरदारों के माध्यम से ग्रामीण जीवन की झलक प्रस्तुत की। हास्य-व्यंग्य के जरिए उन्होंने सामाजिक वैमनस्यता दूर करने और पारिवारिक विखंडन रोकने का संदेश दिया। वहीं, राजकुमार, नाना पाटेकर, अमिताभ बच्चन और शक्ति कपूर सहित कई फिल्मी कलाकारों की आवाज निकालकर उन्होंने खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के दौरान पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह ने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। अपने संबोधन में उन्होंने महामाई के प्रति आस्था बनाए रखने तथा एकजुट होकर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने राम मंदिर चंदा चोरी सहित विभिन्न मुद्दों पर व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए सभी को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की। इसके बाद क्षेत्रीय विधायक अजय सिंह के प्रतिनिधि गुड्डू सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष गिरि, अनोखेलाल मोदनवाल और एसपी तिवारी सहित अन्य लोग कार्यक्रम में पहुंचे। आयोजन समिति की ओर से अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधान पराग गुप्ता, मनोज यादव, सूरज सिंह खजुहा, गुरुदयाल पाण्डेय, पुष्पेंद्र तिवारी, पवन ओझा, संतोष ओझा, दिलीप ओझा, महेश पाण्डेय सचिन, रजत ओझा, अजय पाण्डेय, सर्वेश पाण्डेय, तरुण तिवारी, देवकी नंदन तिवारी, अभिषेक पांडेय, नानबाबू तिवारी, शिवम ओझा, शुभम तिवारी, दिवाकर पाण्डेय गुलशन, करन तिवारी, पराग्दत्त शुक्ल, श्रीनाथ ओझा, अमरीश तिवारी, रिंकू ओझा, छोटू, मुन्ना, शनि और सूरज सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (2.0) में चयनित लाभार्थी से अनुचित मांग पर दर्ज करायें शिकायत-परियोजना अधिकारी

श्रावस्ती। डिप्टी कलेक्टर/ परियोजना अधिकारी डूडा प्रवीण यादव ने बताया है कि भारत सरकार एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों में निवासित ई0डब्लू0एस0/अन्य श्रेणी के ऐसे परिवार, जिनके पास देश में कहीं भी पक्का आवास नहीं है, हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (2.0) संचालित की गयी है। लाभार्थी परिवार में पति,पत्नी, अविवाहित पुत्र/अविवाहित पुत्री शामिल होगी। ऐसे परिवार, जिन्होंने विगत 20 वर्षों में केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार की किसी भी आवास योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त किया है, वे प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (2.0) का लाभ प्राप्त करने के पात्र नहीं होंगे। आवास निर्माण हेतु लाभार्थी के पास 30 से 45 वर्गमीटर जमीन होना आवश्यक है। छत पर आवास निर्माण हेतु स्वीकृत नहीं होगा। योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए परिवार की वार्षिक आय रू0 3 लाख तक होनी चाहिए। आवेदक का विवाहित/परिवार होना अनिवार्य है। योजनान्तर्गत विधवाओं, अविवाहित महिलाओं (40 वर्ष से अधिक), दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, ट्रांसजेंडर, अनुसूचित जाति/जनजाति, अल्पसंख्यक एवं समाज के अन्य वंचित वर्गों को विशेष फोकस समूह में सम्मिलित करते हुए प्राथमिकता/वरीयता दी जाएगी। सफाई कर्मचारी, पी0एम0 स्वनिधि योजना के लाभार्थी, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से आच्छादित कामगार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक, झुग्गियों/चॉलों में रहने वाले परिवारों को भी स्पेशल फोकस ग्रुप में सम्मिलित करते हुए लाभान्वित किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (2.0) के अर्न्तगत पात्र लाभार्थियों को भवन निर्माण हेतु 03 चरणों में कुल रू0 250000-00 का अनुदान दिया जाता है। उक्त योजना पूर्णतया निःशुल्क है तथा योजना में किसी भी प्रकार की धनराशि/लाभ की मांग पूर्णतया गैरकानूनी है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (2.0) के अर्न्तगत यदि किसी भी व्यक्ति/समूह द्वारा लाभ दिलाने के नाम पर कोई धनराशि अथवा कोई भी अन्य अनुचित मांग की जाती है तो जिलाधिकारी कार्यालय के सम्पर्क नम्बर 05250-297302 पर कार्यालय दिवस/समय पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

जनपद में धान खरीद वर्ष 2026-27 की तैयारियां तेज

बलरामपुर। खरीफविपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जनपद बलरामपुर में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत किसानों से सीधे धान खरीद की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए अधिक दूरी तय न करनी पड़े तथा उन्हें निकटतम क्रय केंद्र पर धान विक्रय की सुविधा उपलब्ध हो, इसके दृष्टिगत जनपद में पूर्व में स्वीकृत 24 धान क्रय केंद्रों के अतिरिक्त 13 नए धान क्रय केंद्रों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस प्रकार जनपद में अब कुल 37 धान क्रय केंद्र स्वीकृत किए जा चुके हैं।

सेवा संकल्प अभियान से जनसेवा को मिलेगी नई गति-गौरव वर्मा

कैसरगंज, बहराइच। ब्लॉक सभागार कैसरगंज में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रत्याशी गौरव वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विसेन ने की। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में जनसेवा और विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई मुख्य अतिथि गौरव वर्मा ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का मुख्य उद्देश्य अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

पूर्व राज्यमंत्री एवं सदर विधायक पल्टूराम ने किया पूजन

बलरामपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा से प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित प्रोजेक्ट अलंकार योजनांतर्गत गुरुवार,15 अक्टूबर 2026 को आदर्श संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भगवतीगंज, बलरामपुर में नवीन कक्षा-कक्ष के निर्माण हेतु भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री एवं बलरामपुर सदर विधायक पल्टूराम तथा चेयरमैन प्रतिनिधि डी.पी.सिंह बैस ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर नवीन कक्षा-कक्ष के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस पहल से विद्यालय में शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार तथा विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, वरिष्ठ सभासद संजय मिश्रा,वरिष्ठ समाजसेवी राकेश चन्द्र श्रीवास्तव, भगवती प्रसाद शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद चौधरी, विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग मिश्रा,विजय अग्रवाल, गौरव मिश्र सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

बालिका रूप में माँ दुर्गा के दर्शन कर आशीष लेने से खुद को रोक नहीं सके श्रद्धालु

बहराइच। नगर क्षेत्र के मो0 गायत्री नगर, काजीकटरा में स्थापित माँ दुर्गा पाण्डाल में माँ दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापना के साथ ही उनकी पूजा-अर्चना का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। इसी क्रम में 'ब्रह्माण्ड की महारानी' दुर्गा पूजा समिति (मो0 समय माता) के पदाधिकारियों मनोज गुप्ता, महामंत्री हरजीव अग्रवाल, रवि गुप्ता, राम प्रवेश गुप्ता द्वारा माँ दुर्गा के बाल स्वरूप में सजी बालिका अपराजिता गुप्ता को माँ दुर्गा की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ माँ दुर्गा के प्रतिरूप का मेकअप करने वाली मेकअप आर्टिस्ट श्रीमती दिव्या अग्रवाल पत्नी उमंग अग्रवाल (दिव्या मेकओवर, जरवलकस्बा) को भी आकर्षक व मनोहारी मेकअप करने के लिए सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि आज के मार्डन युग में भी हिन्दू परिवारो में धार्मिक संस्कृति का अनसुरण बड़ी ही गम्भीरता के साथ किया जा रहा है, वहीं बच्चों में धार्मिक क्रियाकलाप में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के साथ ही देवी-देवताओं के स्वरूपों का मेकअप कर उन्हें आत्मसात् करने का प्रयास हो रहा है। माँ दुर्गा के रूप सजायी गयी बालिका अपराजिता गुप्ता पुत्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता कक्षा यू.के.जी. की छात्रा है और माँ दुर्गा के रूप में उसका मेकअप बहुत ही मनोहारी व आकर्षक प्रतीत हो रहा है।

एसडीएम व सीओ ने पटाखा विक्रेता को दिये सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश

कैसरगंज, बहराइच। त्योहारों के मद्देनजर पटाखों की दुकानों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को एसडीएम प्रशांत कुमार नायक और सीओ धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने जरवल कस्बे में पटाखा दुकान का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने थोक विक्रेता जावेद अहमद की दुकान का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पटाखों के भंडारण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक सावधानी बरतने के निर्देश दिए।

आईएमए के संयोजन में सीपीआर का प्रशिक्षण

सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करना ही सबसे बड़ी सेवा जिलाधिकारी

सुल्तानपुर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की सुल्तानपुर शाखा तथा पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण पं राम नरेश त्रिपाठी सभागार में बच्चों एवं सिपाहियों को शुक्रवार की सुबह दिया गया प्रशिक्षण का शुभारंभ जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह आए एम ए के अध्यक्ष डॉ ए के सिंह डॉ जे पी सिंह के द्वारा किया। जिलाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर आवश्यकता पड़ने पर सड़क दुर्घटना के समय चोटहिल की मानवता की सेवा कर सके । सड़क दुर्घटना में सबसे पहले पुलिस विभाग के सिपाही सामने आकर मदद करते हैं इसलिए इनका प्रशिक्षण आवश्यक है सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तुरंत मदद की जरूरत होती है अगर ऐसे में किसी भी व्यक्ति को यह पता हो कि सीपीआर देकर उसके दिल की धड़कन को बचाया जा सकता है तो इससे बड़ी सेवा और मानवता की कोई दूसरी नहीं हो सकती है आई एम के द्वारा यह जो पुनीत कार्य किया जा रहा है इसके लिए हम सभी चिकित्सकों एवं आई एम ए के पदाधिकारी को धन्यवाद देते हैं सड़क दुर्घटना में घायल लोगों का उपचार करने में कहीं भी किसी स्तर की किसी को समस्या आती है वह तुरंत जिला प्रशासन को सूचित करें सूचना देने वाले को अब कोई परेशान नहीं कर पाएगा घायलों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा होती है समय से उपचार न मिलने के कारण सड़क दुर्घटना में लोगों की अस्पताल ले जाते-जाते मौत हो जाती है आईएमए के अध्यक्ष जनपद के सुप्रसिद्ध सर्जन डॉ एके सिंह ने कहा कि मानवता की सेवा कैसे हो और सड़क दुर्घटना के बाद इंसान को कैसे बचाया जा सकता है हर इंसान को सड़क दुर्घटना में इंसान का जीवन बचाना है इसका प्रशिक्षण बच्चों एवं पुलिस विभाग के लोगों को अथवा नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरकारी विभागों में कार्यरत कर्मियों को कराया जाना चाहिए । दुर्घटना में घायलों की मदद करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य होता है सीपीआर सीखने का पुनीत कार्य जनपद के सुप्रचित ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर ए पी जो अरोड़ा पिछले कई वर्षों से पुलिस विभाग एवं जनपद में संचालित विद्यालयों में जाकर बच्चों को सी पी आर का प्रशिक्षण करा रहे हैं इन्हीं के द्वारा पुलिस लाइन में बच्चों शुक्रवार की सुबह प्रशिक्षण दिया गया डॉ सिंह ने आगे कहा कि ऐसे में अगर इस कार्य के जरिए किसी की मदद करने में सहायक होता है तो हम लोगों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। सड़क दुर्घटना के दौरान अगर हो सके तो चोटिल व्यक्ति को शिफ्ट करने के लिए सीधा स्ट्रेचर हो अथवा अगर आसानी से कोई 5 फुट म 2 फुट का पटरा मिल जाए तो चोटहिल व्यक्ति को उस पर सीधा लिटा दिया जाए, इससे सड़क दुर्घटना के दौरान शरीर के टूटे हुए अंग खासकर के स्पाइनल कार्ड,रीढ़ की हड्डी एवं गले की हड्डी को बचाया जा सकता है।

नाती के मुण्डन मे शामिल होने गए नाना का चौथे दिन तालाब में मिला शव

हरदोई। टड़ियावां थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह गांव के बाहर तालाब में उतराता हुआ ग्रामीणों ने शव देखा मौके पर स्थानीय लोगों की भीड जमा हो गई इसी बीच उसकी शिनाख्त बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के सिकन्दर पुर बरगदिया निवासी के रुप मे की गई पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। सिकन्दर पुर बरगदिया निवासी बिपिन पुत्र फकीरे लाल ने बताया कि उसका भाई राजेश कुमार 45 सोमवार को कोतवाली देहात के पडवा डीह निवासी अपनी पुत्री रुची के घर नाती के मुण्डन की दावात में शामिल होने के लिए गए हुए थे ।बताया कि दावत खाने के बाद वह गांव से लापता हो गए काफी तलाश के बाद उसका कोई पता नहीं चला परिजन उसकी तलाश कर रहे थे इसी बीच टड़ियावां थाना क्षेत्र के चकतहा गांव के बाहर तालाब में उतराता हुआ ग्रामीणों ने देखा मौके पर स्थानीय लोगों की भीड जमा हो गई इसी बीच बिपिन और रुची के परिजन पहुंच कर उसकी शिनाख्त कर ली।

महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी की निगरानी में संपन्न नुक्कड़ नाट्य सभा

शाहाबाद(हरदोई) नगर के ब्लॉक चौराहे पर एक और का मार्ग बंद कर उसे पर महिला जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें नगर के ही विद्यालयों की छात्राओं एवं कई दर्जन महिलाएं सम्मिलित हुईं । आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में मौजूद अधिकारियों नेताओं ने विस्तृत जानकारी दी साथी महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित सरकार जारी टोल फ्री नंबरों के बारे में जानकारी दी है जिनमें 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन सेवा व 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबरों का क्षेत्राधिकार द्वारा छात्राओं व महिलाओं को विशेष रूप से जानकारी दी गई। इसके साथी महिलाओं छात्राओं को पंपलेटो के माध्यम से भी सजग किया गया, जिसमें महिला सुरक्षा संबंधी विशेष जानकारी अंकित थी।

एक नजर

त्योहारों पर खलल डालने वालों की खैर नहीं

अमेठी। नवरात्रि, दुर्गा पूजा और दशहरा पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाल शिवाकांत त्रिपाठी ने सुरक्षा की कमान संभाल ली है। वृहस्पतिवार को उन्होंने पुलिस बल के साथ अमेठी कस्बे में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान अपराधियों और मनचलों को सख्त हिदायत देते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि त्योहारों के दौरान माहौल बिगाड़ने और अराजकता फैलाने वालों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल ने कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ लोगों को निर्भीक होकर त्योहार मनाने का भरोसा दिलाया।

मो अली खान को ताइक्कांडो प्रतियोगिता मे मिला गोल्ड मेडल, प्राचार्य ने किया सम्मानित

सुलतानपुर । केएनआईपीएसएस के छात्र मो अली खान, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर को अर्न्तमहाविद्यालयीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता मे गोल्ड मेडल मिला। अली खान ने डा0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अर्न्तमहाविद्यालयीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता मे संस्थान का प्रतिनिधित्व किया व उम्दा खेल प्रदर्शन किया । इस अर्न्तमहाविद्यालयीय प्रतियोगिता का आयोजन श्री रघुकुल महिला विद्यापीठ गोण्डा द्वारा 15 अक्टूबर 2026 को किया गया जिसमें केएनआई का छात्र अली खान ने सर्वक्षेष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपने भार वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया । संस्थान वापसी पर संस्थान प्राचार्य प्रो सुनील प्रताप सिंह ने खिलाड़ी को सम्मानित कर शुभ आशीष दिया एवं भविष्य में अपने प्रदर्शन पर कायम रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो प्रवीण कुमार सिंह, मुख्य अनुशास्ता सुधांशू प्रताप सिंह, डॉ अवधेश प्रताप सिंह, व्यावसायिक पाठ्यक्रम संयोजक संजय पाण्डेय एवं विक्रम सिंह सहित संस्थान के पूर्व बर्सर अनिल कुमार सिंह एवं अजीत कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी

सुलतानपुर। जमीन से जुड़े एक मुकदमे की पैरवी कर रहे अधिवक्ता मो. आरिफ ने तीन नामजद और कई लोगों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। अधिवक्ता ने 16 अक्टूबर को कोतवाली नगर में तहरीर देकर सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के मुताबिक, अधिवक्ता अपने चेंबर में बैठे थे, तभी आरोपित वहां पहुंचे और महिला के मुकदमे की पैरवी बंद करने का दबाव बनाया। आरोप है कि जमीन पर कब्जा करने और रंगदारी मांगने की बात कहते हुए उन्हें धमकाया गया। अधिवक्ता ने अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

खेत में गए युवक की संदिग्ध स्थिति मे मौत

चांदा संवाददाता स्थानीय चांदा कोतवाली क्षेत्र के बनहरा शिवपुर गांव निवासी एक व्यक्ति जो शुक्रवार दोपहर अपने खेत में काम करने गया था । जहां पर वह बेहोश होकर गिर पड़ा इसके बाद परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा इलाज के लिए ले आए । जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया । शुक्रवार दोपहर मृतक इंद्रदेव पुत्र कन्हैयालाल उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी ग्राम बनहरा शिवपुर थाना चांदा जनपद सुल्तानपुर अपने घर के बगल स्थित खेत में खेती का कार्य कर रहा था । तभी वह खेत में ही बेहोश होकर गिर पड़ा । इसके बाद परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा इलाज के लिए ले आए । जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया । इसके बाद सीएससी चिकित्सक द्वारा इसकी लिखित सूचना चांदा कोतवाली को दी गई । जिसके बाद चांदा कोतवाली की पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा । मृतक इंद्रदेव मजदूरी व खेती किसानी करके जीवन यापन परिवार चला रहा था । जिसके तीन पुत्र आकाश अमित व अंबुज है जबकि एक पुत्री सेजल है पत्नी रेशमा का रो-रो कर बुरा हाल है । वही मृतक की मां प्रेमा देवी सूचना पर सीएससी पहुंची । वही इस घटना की जानकारी होने पर सीएससी पर ग्राम प्रधान शिवपुर प्रदीप कुमार पांडेय सुशील सिंह सहित गांव के कई लोग भी सांत्वना देने के लिए पहुंचे । इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चांदा राजकुमार वर्मा ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है । पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा ।

मूर्ति विसर्जन को लेकर देवाढ व गुदरा घाट की तैयारियों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

चांदा संवाददाता चांदा क्षेत्र में स्थापित दुर्गा पूजा पंडालों में विराजमान माँ दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गोमती नदी के किनारे स्थित गुदरा घाट और देवाढ़ घाट पर मूर्ति विसर्जन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को उप जिलाधिकारी लम्भुआ न्यायिक संजय अग्रहरि और क्षेत्राधिकारी लम्भुआ ऋतिक कपूर ने अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ दोनों घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और नदी के किनारे बनाए जा रहे अस्थायी तालाबों की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सलाहपुर गांव स्थित गुदरा घाट और देवाढ़ घाट पर चल रहे तैयारियों के कार्यों को देखा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि विसर्जन स्थलों पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

डीएम ने लगाए गए पौधों की जियो टैगिंग करने का दिया निर्देश

अमेठी । जिलाधिकारी शशांक चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति जिला गंगा समिति एवं पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पौधरोपण अभियान की प्रगति लगाए गए पौधों की जियो टैगिंग नदियों के संरक्षण पर्यावरण स्वच्छता तथा कचरा प्रबंधन की व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। जिला वृक्षारोपण समिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने वर्षा काल में चलाए गए पौधरोपण अभियान के अंतर्गत लगाए गए पौधों की जियो टैगिंग की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी रोपित पौधों की शत-प्रतिशत जियो टैगिंग सुनिश्चित की जाए ताकि पौधरोपण कार्यों की वास्तविक स्थिति का आंकलन किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि पौधरोपण का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं बल्कि उन्हें सुरक्षित रखते हुए विकसित करना भी है। इसलिए जिन स्थानों पर पौधे सूख गए हैं अथवा नष्ट हो गए हैं वहां उनके स्थान पर नए पौधे लगाए जाएं। साथ ही पौधों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएं और उनकी नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने उनके संरक्षण तथा अनावश्यक कटान पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश भी दिए। जिला गंगा समिति की बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र ने गंगा नदी एवं उसकी प्रमुख सहायक नदियों के पुनरुद्धार संरक्षण मरम्मत और पुनर्वासन से संबंधित कार्यों की जानकारी दी। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि नदियों के किनारे और घाटों पर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए तथा नदियों में कूड़ा-कचरा और अन्य अपशिष्ट पदार्थ डालने पर प्रभावी रोक लगाई जाए। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को नदियों के जल की गुणवत्ता की जांच कराने के निर्देश देते हुए कहा कि जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी की जाए। साथ ही नदियों के किनारे उपलब्ध उपयुक्त स्थलों पर पिकनिक स्पॉट पार्क और धार्मिक स्थलों के विकास की संभावनाओं पर भी कार्य किया जाए जिससे इन क्षेत्रों को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्रों से निकलने वाले कचरे और अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि औद्योगिक अपशिष्ट को नदियों जलाशयों अथवा अन्य जल स्रोतों में न डाला जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पौधों का संरक्षण नदियों की स्वच्छता और प्रदूषण पर नियंत्रण पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए आवश्यक है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों में प्रभावी प्रगति सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

इलाज के बाद घर जा रहे युवक की रास्ते में हुई मौत

हरदोई। बेनीगंज कोतवाली के कबडियन टोला निवासी युवक बवासीर की बीमारी से परेशान गुरुवार को परिजन उसे इलाज के लिए कछौना के गाजू मार्ग स्थित एक निजी डाक्टर के पास पहुंचे जहां पर डाक्टर ने इलाज किया और घर जाने की सलाह दी परिजन उसे घर ले जा रहे थे इसी बीच रास्ते में उसकी मौत हो गई परिजनों ने डाक्टर पर गलत इलाज का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया। गांव निवासी तोताराम 42 पुत्र गयाप्रसाद खेती करते थे ।उनके पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। छोटे भाई सुधीर कुमार ने बताया कि तोताराम लगभग एक साल बवासीर की बीमारी से ग्रसित थे गुरुवार को उन्हें कछौना के गाजू मार्ग स्थित एक निजी डाक्टर के पास इलाज के लिए ले जाया गया था। सुधीर का कहना है कि डाक्टर ने तोताराम को इंजेक्शन लगाया और कुछ दवाएं दी जो घर पहुंच कर खाने की सलाह दी परिजन उसे घर ले जा रहे थे

दुर्गा पूजा महोत्सव में अहम भूमिका निभाएगा जिला सुरक्षा संगठन

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संगठन के पदाधिकारियों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की

सुल्तानपुर। दुर्गा पूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस लाइन स्थित सभागार में जिला सुरक्षा संगठन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह रहे। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने त्योहार के दौरान शांति, सुरक्षा और आपसी भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया। जिला सुरक्षा संगठन के अध्यक्ष डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने संगठन की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सुल्तानपुर में वर्ष 2001 से संगठन निरंतर सक्रिय है। दुर्गा पूजा, बकरीद सहित विभिन्न धार्मिक त्योहारों के दौरान संगठन के सदस्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी दुर्गा पूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए संगठन पूरी तत्परता से कार्य करेगा। संगठन के संयोजक सरदार बलदेव सिंह ने कहा कि संगठन का उद्देश्य आपसी विवादों को बातचीत और समन्वय के माध्यम से सुलझाना तथा किसी भी अप्रिय घटना को रोकने में प्रशासन का सहयोग करना है। कमल नयन पांडेय ने कहा कि सुल्तानपुर में हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाते हैं। आपसी प्रेम और भाईचारा जिले की पहचान है। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने संगठन की सराहना करते हुए कहा कि जिला सुरक्षा संगठन सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने अपील की कि कहीं भी गड़बड़ी की आशंका हो तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते समस्या का समाधान किया जा सके ।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल दुर्गा पूजा महोत्सव में सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ सदस्य मनो राम पांण्डेय सचि व इलियास अहमद खान सहित दर्जनों की संख्या में सदास्यउपस्थित रहे

उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन हेतु थानाध्यक्ष ऊँचाहार को प्रार्थना-पत्र

दशहरा मेला आयोजन को लेकर भूमि स्वामी ने उठाया विधिक प्रश्न

रायबरेली। ऊँचाहार स्थित भूमि संख्या-3653 पर दशहरा मेला आयोजित किए जाने को लेकर भूमि स्वामी प्रकाश मुरारका ने विधिक प्रक्रिया के अनुपालन की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने थानाध्यक्ष, थाना ऊँचाहार, जनपद रायबरेली को प्रार्थना-पत्र देकर माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की लखनऊ खण्डपीठ द्वारा दिनांक 15 अक्टूबर 2026 को पारित आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने का अनुरोध किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रकाश मुरारका ने ग्राम ऊँचाहार स्थित अपनी बुजुर्गी भूमि संख्या-3653 पर दुर्गा पूजा एवं रामलीला समिति (अपंजीकृत), ऊँचाहार द्वारा कथित रूप से अनधिकृत ढंग से दशहरा मेला आयोजित किए जाने के संबंध में आपत्ति जताते हुए दिनांक 5 अक्टूबर 2026 को जिलाधिकारी, रायबरेली के समक्ष प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया था। उक्त प्रार्थना-पत्र की प्रतिलिपियां पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार ऊँचाहार सहित संबंधित अधिकारियों को भी प्रेषित की गई थीं। प्रकरण में प्रशासनिक स्तर पर उचित कार्यवाही सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से प्रकाश मुरारका द्वारा माननीय उच्च न्यायालय की लखनऊ खण्डपीठ में रिट-सी संख्या 11481ध2026 भी योजित की गई। याचिकाकर्ता के अनुसार, माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 15 अक्टूबर 2026 को प्रकाश मुरारका को राहत देते हुए भूमि संख्या-3653 पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण व मेला न लगाये जाने का स्पष्ट आदेश पारित करते हुए तत्काल अनुपालन के लिए संबंधित पुलिस प्रशासन से आवश्यक कार्यवाही किए जाने की अपेक्षा की गई है। इसी क्रम में उन्होंने थानाध्यक्ष ऊँचाहार को प्रार्थना-पत्र के साथ न्यायालय के आदेश की प्रमाणित प्रति संलग्न कर प्रस्तुत की है। श्री मुरारका का पक्ष है कि किसी निजी भूमि पर सार्वजनिक आयोजन किए जाने के संबंध में भूमि स्वामी के अधिकारों, लागू विधिक प्रावधानों तथा सक्षम प्रशासनिक प्राधिकारियों की अनुमति से जुड़े प्रश्नों पर नियमानुसार विचार किया जाना आवश्यक है। किसी आयोजन की परंपरा अथवा सार्वजनिक सहभागिता मात्र से भूमि के स्वामित्व और उपयोग संबंधी विधिक प्रश्न स्वत: समाप्त नहीं हो जाते। ऐसे मामलों में संबंधित पक्षों के अधिकारों का संरक्षण करते हुए कानून के अनुरूप निर्णय लिया जाना अपेक्षित है। उन्होंने संबंधित थाना प्रशासन से अनुरोध किया है कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश का उसके वास्तविक आशय एवं निर्देशों के अनुरूप अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

खाद्य दिवस पर किया गया रक्तदान

रायबरेली। को विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल ब्लड बैंक में शुक्रवार को ब्लड डोनर एसोसिएशन रायबरेली के संरक्षक गुलाम अहमद सिद्दीकी ने स्वयं '24वी' रक्तदान कर लोगों को मानव सेवा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भोजन प्रत्येक मनुष्य के जीवन की मूलभूत आवश्यकता है, लेकिन अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे मरीज के लिए समय पर उपलब्ध रक्त भी जीवन की सबसे महत्वपूर्ण जरूरतों में से एक है। विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर रक्तदान करते हुए उन्होंने कहा कि समाज में सेवा की भावना केवल शब्दों और अपील तक सीमित नहीं रहनी चाहिए।

कलह के चलते युवक ने आत्महत्या का किया प्रयास

शिवगढ़ (रायबरेली)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार को देर शाम को विनोद कुमार (30) पुत्र रामनरेश निवासी गुड़िया गढ़ी मजरे खजुरो ने पारिवारिक कलह के चलते फांसी के फंदे से लटक कर आत्म हत्या करने का प्रयास किया। आनन-फानन में परिजन युवक को इलाज के लिए सीएचसी शिवगढ़ ले कर आए। जहां चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत युवक को जिला अस्पताल रिफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

एक नजर

गन्ना किसानों को 500 रुपये प्रति क्विंटल मिले मूल्य, फसल नुकसान का मुआवजा देने की मांग

अमेठी। गन्ना किसानों की समस्याओं के समाधान समेत विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। शुक्रवार को संगठन के जिलाध्यक्ष हरीश उर्फ चुन्नू सिंह ने उपजिलाधिकारी अमेठी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर किसानों को राहत देने की मांग की।ज्ञापन में कहा गया है कि डीजल, खाद, सिंचाई और मजदूरी की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि किसानों को उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। चीनी के बाजार भाव में बढ़ोतरी के बावजूद गन्ना मूल्य में अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई। वहीं, चीनी मिलों पर किसानों का भुगतान भी बकाया है।भाकियू ने गन्ने का मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित करने और आगामी पेराई सत्र के लिए एफआरपी बढ़ाकर 500 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग की। इसके अलावा बाढ़ व अन्य कारणों से धान, उड़द और मूंग की फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर किसानों के खातों में मुआवजा भेजने की मांग उठाई।ज्ञापन में किसानों को नि:शुल्क चारा व बीज उपलब्ध कराने, आलू किसानों को नि:शुल्क बीज देने, उद्यान विभाग में बीज का मूल्य अधिकतम एक हजार रुपये प्रति क्विंटल रखने तथा ठेके पर खेती करने वाले किसानों को भी राहत देने की मांग की गई। साथ ही धान, गेहूं, गन्ना और दलहन की बुआई के लिए यूरिया व डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।जिलाध्यक्ष ने कहा कि बढ़ती लागत और बाजार की अनिश्चितताओं से किसान परेशान हैं। किसानों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें राहत देना जरूरी है।

छटें दिन भक्तो ने की मां कात्यायनी की पूजा अर्चना

अमेठी । शारदीय नवरात्र के छठें दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने नव दुर्गा के षष्टम स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की।मान्यता है कि माता कात्यायनी मन की शक्ति की देवी है। इनकी उपासना करने से भक्तों को अर्थ धर्म काम और मोक्ष फलों की प्राप्ति होती है। संग्रामपुर स्थित सिद्धपीठ कालिकन धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किया।यहां श्रद्धालुओ की सुबिधा और व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया है।

नेत्र शिविर में 225 मरीजों की हुई ओपीडी

अमेठी । विकास खण्ड संग्रामपुर के भावलपुर मौहरिया में सती महारानी जनकल्याण समिति के तत्वावधान में अमेठी आई हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित नेत्र शिविर में शुक्रवार को 225 लोगों की ओपीडी कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श एवं प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। वहीं 18 लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए जाने पर उन्हें ऑपरेशन हेतु अमेठी आई हॉस्पिटल भेजा गया। शिविर में अमेठी आई हॉस्पिटल के कुशल चिकित्सकों द्वारा मरीजों की नेत्र जाँच कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। समिति के अध्यक्ष अनंत विक्रम सिंह एवं उनकी पत्नी शांभवी सिंह ने नेत्र रोगियों को बेहतर चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने में सहयोग किया।शांभवी सिंह ने कहा अमेठी के लोगों से हमारा रिश्ता आत्मीयता और अपनत्व का है। किसी जरूरतमंद को समय पर उपचार मिलना और किसी परिवार के चेहरे पर राहत की मुस्कान देखना ही जनसेवा की सच्ची सार्थकता है।

500 ग्राम गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

अमेठी । नशा मुक्त अभियान के तहत थानाध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में संग्रामपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 500 ग्राम गांजे के साथ प्रतापगढ़ निवासी धर्मेंद्र वर्मा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

विकास कार्यों में लापरवाही पर होगी कार्रवाई - डीएम

अमेठी। जिलाधिकारी शशांक चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों एवं निर्माण कार्यों की सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में लक्ष्य पूरा करने और विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा कि शासन की विकास प्राथमिकता वाली योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। सभी विभागाध्यक्ष अपने-अपने विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा करें और जहां प्रगति अपेक्षाकृत कम है वहां विशेष प्रयास कर सुधार लाएं।

दुर्गा पूजा और प्रतिमा विसर्जन को लेकर प्रशासन अलर्ट

सुलतानपुर। आगामी दुर्गा पूजा और प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए बुधवार को पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार में जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह और पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों और आयोजकों के साथ सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने पंडालों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रतिमा विसर्जन के दौरान निर्धारित मार्ग और समय का पालन करने के साथ जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। नदी और जलाशयों में प्रतिमा विसर्जन के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतने की हिदायत दी गई ।डीएम और एसपी ने आयोजकों से प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने और सभी तैयारियां समय से पूरी करने को कहा। साथ ही अफवाहों से बचने, भ्रामक सूचनाएं प्रसारित नहीं करने और संवेदनशील मामलों में सतर्कता बरतने की अपील की।

ई-रिक्शा की टक्कर से एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल

चांदा संवाददाता स्थानीय चांदा कोतवाली क्षेत्र के कोथरा बाजार में सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को तेज रफ़्तार अज्ञात चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया । जिससे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया । जिसे लोगो ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा इलाज के लिए भर्ती कराया । जिसकी गंभीर हालत होने के कारण चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया । घायल की पहचान छोटेलाल जयसवाल उम्र 52 वर्ष पुत्र बाबूलाल जयसवाल निवासी कोथरा खुर्द थाना चांदा जनपद सुल्तानपुर के रूप में हुई । चाय पी करके सड़क पार कर रहे थे तभी तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया ।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

हरदोई। साण्डी थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे सी एच सी पहुंचाया जहां पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बाइक सवार ससुराल से वापस घर जा रहा था ।पास में मिले मोबाइल से पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शुक्रवार को शव पोस्टमार्टम कराया। शहाबाद कोतवाली के शर्मा निवासी अनूप सिंह 42 सिंह खेती करते थे ।पिता राजेश सिंह ने बताया गुरुवार को अनूप सिंह ससुराल कस्बा साण्डी गया हुआ था जहां से देर शाम बाइक पर सवार होकर घर लौटते समय साण्डी थाना क्षेत्र के साण्डी सेमरा मार्ग पर सहोरा गांव के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक मे टक्कर मार दी। युवक ने हेलमेट नहीं पहन रखा था हादसे की सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साण्डी पहुंचाया जहां पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया ।पास में मिले मोबाइल से पुलिस ने परिजनों को सूचना दी ।सूचना पाते ही परिजनों मे मातम पसर गया। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। म्रतक के परिवार में पत्नी रजनी और एक पुत्र है।

पूरे नंदी कठघर में भाजपा की जनसभा अमित सिंह वत्स ने बनाया माहौल'

लालगंज (रायबरेली)। भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय नेता और सरेनी विधानसभा से भाजपा के संभावित प्रत्याशी अमित सिंह वत्स लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में माहौल बना रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम सभा पूरे नंदी कठघर, में एक जनसभा का आयोजन किया गया ।जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अमित सिंह वत्स ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य है कि गांव को भी नगरों की तरह सुविधाओं से सजाया जाए, इसके लिए हर गांव में विकास कार्यों को गति दी जा रही है।

एक नजर

16 लाख रुपये वापस न मिलने की शिकायत

खुटार। नगर के मोहल्ला पूर्वी गढ़ी निवासी संतोष शर्मा पत्नी ओमप्रकाश शर्मा ने गुरुवार को खुटार थाने में तहरीर देकर तीन लोगों पर 16 लाख रुपये वापस न करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि उनका छोटा बेटा कौशल शर्मा बीमारी से ग्रसित है और उसका इलाज बरेली के एक निजी चिकित्सक के यहां चल रहा था। आर्थिक तंगी के चलते बेटे के इलाज में परेशानी हो रही है। पीड़िता के अनुसार, वर्ष 2024 में रौतापुर कलां निवासी अजय बाजपेई पुत्र रामसरन बाजपेई और खुटार निवासी सौरभ मिश्रा पुत्र वागीश मिश्रा ने उसके बेटे कौशल शर्मा से प्रलोभन देकर 14 लाख रुपये ले लिए थे। इसके अलावा अजय बाजपेई ने अपनी जिम्मेदारी पर जनपद लखीमपुर खीरी के गोला थाना क्षेत्र निवासी रितेश अवस्थी पुत्र आनंद अवस्थी को भी दो लाख रुपये दिलवाए थे। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने संबंधित लोगों से रुपये वापस मांगे तो वे लगातार टालमटोल करने लगे और आज-कल कहकर बहानेबाजी करते रहे। उसके बेटे की हालत गंभीर है और पैसों के अभाव में उसका इलाज प्रभावित हो रहा है। पीड़िता ने आशंका जताई है कि यदि इलाज के अभाव में उसके बेटे के साथ कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो इसके लिए संबंधित लोग जिम्मेदार होंगे। पीड़िता ने पुलिस से मामले में कार्रवाई कर रुपये वापस दिलाने की मांग की है।

जिला जज के नेतृत्व में वृद्धा आश्रम नैमिषारण्य में जागरूकता शिविर का आयोजन

सीतापुर। जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीष जैन के निर्देश के अनुपालन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर आलोक यादव द्वारा शुक्रवार को समय 2 बजे वृद्धा आश्रम, नैमिषारण्य-मिश्रिख सीतापुर में जागरूकता शिविर निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीष जैन के निर्देशानुसार शुक्रवार को 2 बजे सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक यादव द्वारा वृद्धा आश्रम नैमिषरण्य तहसील मिश्रिख सीतापुर का भी निरीक्षण किया गया तथा माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार अधिनियम-2007 में प्रदत्त समस्त कानूनों की जानकारी विस्तृत रूप से बताई गयी। निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थाये दुरुस्त पाई गई तथा वृद्धजनों के खान-पान के बारे में उपस्थित केयर टेकर को निर्देशित किया गया कि वे वृद्धजनों की आवश्यकतानुसार उन्हे खाना परोसे तथा उनकी चिकित्सा इत्यादि पर विशेष ध्यान दें। उक्त निरीक्षण के समय कार्यालय लिपिक रितिकेश श्रीवास्तव भी साथ में मौजूद रहे।

षष्ठी पूजा से सार्वजनीन दुर्गोत्सव का शुभारंभ

सीतापुर। शहर के आँख अस्पताल परिसर में आयोजित श्री श्री सार्वजनीन दुर्गोत्सव में रविवार को षष्ठी पूजा के साथ छह दिवसीय कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। पश्चिम बंगाल के मिदनापुर से पधारे पुरोहित दुगा पदो चक्रवर्ती द्वारा प्रातःकाल कलश स्थापित कर मंत्रोच्चारण, शंख, घंटा, ढाक की मधुर ध्वनि के साथ षष्ठी पूजा संपन्न कराई गई। पूजा के उपरांत बंगाली समुदाय की महिलाओं ने पुष्पांजलि अर्पित की षष्ठी तिथि से दुर्गा पूजा के प्रारंभ के साथ माँ दुर्गा के साथ माता लक्ष्मी, माता सरस्वती, भगवान गणेश और भगवान कार्तिकेय की पूजा की जाती है। सायंकाल की बेला में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ समुदाय की महिलाओं की उलू ध्वनि व ढाक के मध्य पंडाल में माँ दुर्गा का आमंत्रण कर प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा की गई। तत्पश्चात देवी की प्रतिमा को धनुष, बाण, चक्र आदि अस्त्र धारण कराए गए। इस दौरान एन.एन. चटर्जी, रंजीत दास, संजीव दास, आकाश राय, विश्वजीत पोले, पंकज मुखर्जी, प्रदीप राय, शांतनु दत्ता, अरिंदम दास, तेजस्व, नीता मुखर्जी, नीता दास, श्यामली पोले, अपर्णा दास, गीतिका दत्ता, देवर्षि दास, वंदना राय, इला दत्ता आदि उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को दी गई सामाजिक सेवा की सीख

सीतापुर। आर.एम.पी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीतापुर में शुक्रवार को रोवर्स-रेंजर्स यूनिट के तत्वावधान में अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रजनीकांत श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोवर्स-रेंजर्स संगठन के इतिहास, उद्देश्यों, महत्व तथा सामाजिक सेवा की भावना से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर छात्रा प्रिंसी राठौर ने मधुर स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रोवर्स-रेंजर्स के जिला सचिव ऋषि कुमार मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मास्टर ट्रेनर बृजेंद्र सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ऋषि कुमार मिश्रा ने स्काउट-गाइड आंदोलन की शुरुआत एवं उसके ऐतिहासिक विकास पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संगठन की परंपराओं और उद्देश्यों से अवगत कराया। उन्होंने रोवर्स-रेंजर्स के माध्यम से अनुशासन, सेवा, सहयोग एवं नेतृत्व क्षमता के विकास के महत्व को रेखांकित किया। विशिष्ट अतिथि बृजेंद्र सिंह ने छात्र जीवन में रोवर्स-रेंजर्स की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संगठन विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता, कर्तव्यनिष्ठा, टीम भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे गुणों का विकास करता है। इसके माध्यम से युवा समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का बेहतर निर्वहन कर सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रजनीकांत श्रीवास्तव ने नवगठित रोवर्स-रेंजर्स यूनिट के शुभारंभ पर छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को संगठन से जुड़कर व्यक्तित्व विकास, अनुशासन और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

सिक्योरिटी गार्ड ने लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर दी जान

सिधौली (सीतापुर)। अटरिया थाना क्षेत्र के सानिया गांव में शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची अटरिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक की पहचान पंकज त्रिपाठी 44 पुत्र स्वर्गीय विद्याधर त्रिपाठी निवासी ग्राम असेनिया, ग्राम पंचायत शाहजहांपुर के रूप में हुई है। बताया जाता है कि पंकज त्रिपाठी सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्य करते थे, लेकिन मानसिक बीमारी के चलते उन्होंने वर्तमान में नौकरी छोड़ रखी थी। परिजनों के मुताबिक उनका करीब 20 वर्षों से लखनऊ मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था। शुक्रवार सुबह करीब 5.30 बजे उन्होंने अपनी लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मार ली। जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर अटरिया पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। **25 साल पहले दादा ने पोते के नाम कराया था लाइसेंस** पंकज के बाबा अनंत बिहारी त्रिपाठी ने करीब 25 वर्ष पहले उनकी शादी से पूर्व, बंदूक का लाइसेंस उनके नाम स्थानांतरित कराया था। पंकज परिवार में सबसे बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी विनीता, दो बेटे शिवांश 21 और रिशु 17 तथा माता सोनमती हैं। उनकी दो बहनें सोनी 39 और मोनी 38 हैं। दोनों बहनों का विवाह हो चुका है। घटना के बाद परिवार में शोक छा गया। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

नवदुर्गा पूजा महोत्सव में 400 बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

बाराबंकी। यूथ्स एसोसिएशन परिवार के 57वें शारदीय नवदुर्गा पूजा महोत्सव में शुक्रवार को मेंहदी, वाद-विवाद और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इनमें करीब 400 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताएं अजय शुक्ला व उनकी टीम की देखरेख में संपन्न हुई। वहीं, नगर पालिका परिसर स्थित मां के दरबार में महाषष्ठी पूजा, छठ पूजा, देवी आमंत्रण और महास्नान का अनुष्ठान पुरोहितों ने विधि-विधान से संपन्न कराया। इस दौरान परिसर भक्तिमय रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु व एसोसिएशन के सदस्य मौजूद रहे।

हरगांव पुलिस ने चार स्थानों पर आयोजित किए जागरूकता कार्यक्रम

हरगांव (सीतापुर)। मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 एवं शारदीय नवरात्र के तहत हरगांव थाना पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने गुरुवार को क्षेत्र के ग्राम भीखपुर, रक्शा, राही और तीर्थ मंदिर परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान लगभग ढ़ाई सौ महिलाओं और बालिकाओं से संवाद कर उन्हें महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव और सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ढ़ाई सौ जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए गए। पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को साइबर स्टॉकिंग, अनचाहे संदेशों, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, दूसरे की पहचान बनाकर धोखाधड़ी करने, ऑनलाइन मजाक और उत्पीड़न, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) व डीपफेक के दुरुपयोग के प्रति सतर्क किया। इसके साथ ही सेक्सटॉर्शन, फोटो के माध्यम से ब्लैकमेलिंग, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन गेमिंग के दौरान अजनबियों से संपर्क तथा निजी जानकारी और लोकेशन साझा करने के खतरों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में बहू-बेटी सम्मेलन के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं और महिला सुरक्षा से जुड़े टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। पुलिस कर्मियों ने किसी भी प्रकार के ऑनलाइन उत्पीड़न या साइबर अपराध की स्थिति में बिना घबराए शिकायत करने और सतर्कता बरतने की अपील की। साथ ही बताया कि महिलाओं की सहायता के लिए थाना स्तर पर मिशन शक्ति केंद्र पहले से संचालित है।

इस जागरूकता अभियान में निरीक्षक अपराध वीरेंद्र कुमार, महिला मुख्य आरक्षी शशि प्रभा, महिला आरक्षी पूजा सिंह, पूजा कौशिक, रश्मि, रागिनी व स्वाति तथा आरक्षी पंकज कुमार, रवि कुमार और विनोद कुमार सहित मिशन शक्ति टीम के सदस्य उपस्थित रहे। अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ उन्हें अपने अधिकारों और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना रहा।

अयोध्या विधानसभा में सुरेश यादव की दावेदारी को लेकर चर्चाएं तेज

अयोध्या। अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में समाजसेवी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव की राजनीतिक सक्रियता को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। बहुजन समाज पार्टी से संभावित प्रत्याशी के रूप में उनका नाम सामने आने के बीच अंतरराष्ट्रीय कथावाचक चंद्रांशु जी महाराज ने उन्हें आशीर्वाद देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सुरेश यादव सामाजिक गतिविधियों के जरिए अपनी सक्रियता बनाए रखने का दावा करते हैं। बेटियों को साइकिल वितरण, जरूरतमंदों की सहायता और गरीबों व असहायों के सुख-दुख में सहभागी बनने जैसे कार्यों को वह अपनी प्राथमिकताओं में शामिल बताते हैं।

दुर्गा जागरण पंडाल में कलाकारों ने बांधा समां

पहला (सीतापुर)। विकासखंड पहला राजासाहब के चौधरी चरण सिंह पार्क में सजाये गये मां दुर्गा पंडाल में गुरुवार की रात जगराते का आयोजन किया गया। जगराते में अविनाश मधुर जागरण ग्रुप पूर्वांचल के कलाकारों ने मां का गुणगान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख पहला अजय यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुपम राठौर तथा पीसीयू के क्षेत्रीय प्रबंधक कुलदीप वर्मा ने फीता काटकर के किया। विधायक आशा मौर्या ने भी दरबार में पंहुच कर सिर झुकाया। आयोजक मंडल द्वारा सभी अतिथियों को मां की चूनर ओढ़ाकर सम्मानित किया। भोजपुरी फिल्म अभिनेता अविनाश मधुर ने अपने भजनों और भोजपुरी भक्ति गीतों से लोगों का मन मोह लिया और सभी को थिरकने और तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। दूरदर्शन कलाकार अनुष्का और झारखंड की गायिका प्रीती ने श्रद्धालुओं से जयकारे।

श्रीरामलीला का अष्टम दिवस निषाद मिलन और चित्रकूट प्रसंग ने किया मुग्ध

अयोध्या धाम। भगवदाचार्य स्मारक सदन में चल रही पौराणिक एवं ऐतिहासिक श्रीरामलीला के अष्टम दिवस पर मंचन ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। इस पावन अवसर पर निषाद मिलन दशरथ मरण और चित्रकूट प्रसंग जैसी हृदयस्पर्शी एवं भावपूर्ण लीलाओं का अत्यंत सजीव और दिव्य मंचन किया गया, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भावुक कर देने वाले प्रसंगों का मंचन अष्टम दिवस की लीला की शुरुआत भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के श्रृंगवेरपुर पहुंचने और राजा निषादराज से मिलन के प्रसंग से हुई। इसके पश्चात अयोध्या में पुत्रवियोग में तड़पते राजा दशरथ के प्राण त्यागने की मर्मस्पर्शी घटना ने दर्शकों की आँखें नम कर दीं। लीला के अंतिम चरण में भरत मिलाप और चित्रकूट प्रसंग के माध्यम से भाई के प्रेम और त्याग का अनूठा संदेश दिया गया। गणमान्य संतों और अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति इस पावन अवसर पर संत श्री तुलसीदास रामलीला समिति के कोषाध्यक्ष एवं बड़ा भक्तमाल पीठाधीश्वर महंत अवधेश कुमार दास महाराज, महामंत्री स्वामी संजय दास महाराज, नागा राम लखन दास महाराज, श्रृंगी ऋषि पीठाधीश्वर महंत हेमंत दास महाराज, और राम कचेहरी के श्रीमहंत शशिकांत दास जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में प्रतिष्ठित व्यवसायी अजीत पांडेय 'पिंटू', महंत धनुषधारी शुक्ला , महंत अनिरुद्ध शुक्ला , हनुमान बाग के पुजारी रोहित दास , महंत विराट दास सहित बड़ी संख्या में संत-महंत और धर्मप्रेमी श्रद्धालुजन मौजूद रहे। पुरोहित समाज से ओमप्रकाश पांडे, घनश्याम दास , अंबिका , दास घनश्याम दास , तन्मय दास , देवव्रत पांडेय एवं समिति के सचिव शिवम श्रीवास्तव ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

अयोध्या विधानसभा सीट से राजेश सिंह मानव ने ठोकी भाजपा टिकट की दावेदारी

अयोध्या। राम मंदिर आंदोलन से जुड़े रहे समाजसेवी राजेश सिंह मानव उर्फ महंत संत दास ने वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अयोध्या सीट से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर अपनी प्रबल दावेदारी पेश की है। उन्होंने कहा कि वर्षों तक राम मंदिर आंदोलन, धार्मिक स्थलों से जुड़े कार्यों और सामाजिक सेवा में योगदान देने के बाद अब वह राजनीति के माध्यम से जनसेवा करना चाहते हैं राजेश सिंह मानव ने कहा कि उन्होंने राम मंदिर की स्थापना तक धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई है। लंबे समय से समाजसेवा करते हुए अब उनकी इच्छा राजनीतिक क्षेत्र में उतरकर जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने की है। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष से अयोध्या विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने का अवसर देने की अपेक्षा जताई।

सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की मौत

सिधौली (सीतापुर)। नेशनल हाईवे-30 पर कस्बा सिधौली में रेलवे स्टेशन के निकट शुक्रवार की देर रात सड़क हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। सड़क पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है और मृतक की पहचान के प्रयास शुरू किये हैं। रात करीब 11 बजे रेलवे स्टेशन के सामने लगभग 30 से 35 वर्षीय व्यक्ति नेशनल हाईवे पार कर रहा था। इसी दौरान सीतापुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि वाहन का पहिया व्यक्ति के सिर के ऊपर से गुजर गया जिससे उसका सिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

भाकियू के सामूहिक विवाह समारोह में 82 जोड़ों का विवाह, तीन निकाह भी

बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की ओर से शुक्रवार को नवीन गल्ला मंडी में आयोजित 15वां सामूहिक विवाह एवं निकाह समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। समारोह में 78 जोड़ों का वैदिक रीति-रिवाज से विवाह कराया गया, जबकि तीन मुस्लिम जोड़ों का निकाह हुआ। सभी नवदंपतियों को उपहार देकर विदा किया गया। समारोह का शुभारंभ भाकियू युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत ने फीता काटकर किया। उन्होंने वर-वधुओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हर जनपद में होने चाहिए, ताकि गरीब परिवारों पर विवाह का आर्थिक बोझ कम हो और शादी-ब्याह में होने वाली फिजूलखर्ची पर रोक लगे। कार्यक्रम में खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, सांसद तनुज पुनिया, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप व राकेश कुमार वर्मा, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू, भाजपा जिलाध्यक्ष भुक्कन वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया।

सरकारी आवासों पर ताले, अफसर राजधानी की शाम के दीवाने

निंदूरा, बाराबंकी। शासन कहता है - अधिकारी मुख्यालय पर रात में रुकें, ताकि ग्रामीणों की समस्या का मौके पर निस्तारण हो। निंदूरा में इसका उल्टा है। सरकार ने करोड़ों से एसी, जनरेटर, आरओ वाले आवास बनवाए, पर अफसरों को राजधानी की शाम ज्यादा निराली लगती है तीन दिन तक सुबह-शाम पड़ताल की गई - बुधवार सुबह 8:15 से 9 बजे, गुरुवार 8 से 8:30 बजे, शुक्रवार 8:10 से 8:45 बजे तक। हर बार बीडीओ समेत एक दर्जन आवासों पर ताले लटके मिले।

उदाहरण - मंत्री से लोकार्पण कराया, 8 महीने बाद ताला - इसका सबसे बड़ा उदाहरण ब्लॉक परिसर में लगा यही शिलापट्ट है। फोटो में दिख रहे शिलापट्ट के अनुसार क्षेत्र पंचायत निधि / पंचम राज्य वित्त आयोग योजना के तहत विकास खण्ड अधिकारी आवास की मरम्मत व अन्य कार्य का लोकार्पण 27 फरवरी 2026 को प्रभारी मंत्री श्री सुरेश राही जी के हाथों, विधायक कुर्सी साकेन्द्र प्रताप वर्मा की मौजूदगी में कराया गया था। उस समय बीडीओ आलोक कुमार वर्मा भी मौजूद थे। यानी मरम्मत पर लाखों खर्च, मंत्री-विधायक को बुलाकर फीता कटवाया, और 8 महीने बाद उसी आवास पर ताला लटका है।

सीडीओ के आदेश भी बेअसर -यह मामला पहले आईजीआरएस संख्या 4001762059679 पर भी उठा था।

तब सीडीओ अ0 सुदन ने सभी को मुख्यालय पर रुकने के निर्देश दिए थे, लेकिन अनुपालन नहीं हुआ।

ग्रामीण रामस्वरूप चौहान कहते हैं - जब इंजन ही सही नहीं तो डिब्बे कैसे चलेंगे सवाल यही है - जब प्रमुख अधिकारी ही मुख्यालय पर नहीं रुकेंगे तो बाकी की जवाबदेही कौन तय करेगा?

एक नजर

जेबीएस पब्लिक स्कूल में नवरात्रि महोत्सव और गरबा का आयोजन

बाराबंकी। बंदी का पुरवा स्थित जेबीएस पब्लिक स्कूल में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर कन्या पूजन, दही-जलेबी वितरण और गरबा सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रबंधिका पूनम सिंह ने देवी मां की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने गरबा नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधिका पूनम सिंह ने विद्यार्थियों को नवरात्रि की महत्ता बताते हुए नारी शक्ति के सम्मान, भारतीय संस्कृति और अच्छे संस्कारों को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं स्नेहा और चंद्रकला सहित विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

बाराबंकी। हरख ब्लॉक में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी शिखा मिर्जा ने मां सरस्वती के पूजन के साथ किया। प्रतियोगिता में आठ न्याय पंचायतों के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में प्रतिभाग किया। 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में सिकंदरपुर के दिव्यांशु और बालिका वर्ग में बड़ागूपा की छात्रा प्रथम रहीं। 200 मीटर दौड़ में अजपुरा के ज्ञान प्रकाश और गढ़ीरायखमऊ की अंजली वर्मा ने बाजी मारी। 400 मीटर दौड़ में गढ़ीरायखमऊ के शिवा और शुभी प्रथम रहे। लंबी कूद में दिव्यांशु व नंदिनपुर की नंदिनी, जबकि ऊंची कूद में रवि और अंजली वर्मा प्रथम रहे। गोला फेंक में तीरगांव के मोहम्मद जैद और इकरा तथा चक्का फेंक में सतरिख के राज और तीरगांव की एकता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि खेलकूद बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन शाहरुख मोबीन ने किया। आयोजन में शिक्षक, खेल अनुदेशक और विद्यालयों के प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

कुएं में मिला लापता युवती का शव, प्रेम प्रसंग के पहलू पर जांच

रामनगर, बाराबंकी। थाना क्षेत्र के अटौटा गांव में शुक्रवार को 20 वर्षीय पार्वती रावत का शव कुएं में मिलने से हड़कंप मच गया। दिनेश रावत की पुत्री पार्वती की गुमशुदगी 14 अक्टूबर को दर्ज कराई गई थी। सूचना पर सीओ गरिमा पंत, थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में पड़ोसी युवक से प्रेम प्रसंग का पहलू सामने आया है। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। थाना प्रभारी के मुताबिक, युवती की मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद होगा।

शिक्षक स्नातक एमएलसी चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रदेश महामंत्री (संगठन) ने की बैठक

सीतापुर। 88 हजार ऋषियों की पावन तपोस्थली नैमिषारण्य धाम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने नवरात्रि के पावन अवसर पर जगत जननी मां ललिता देवी के दर्शन जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला के साथ किया। साथ ही आगामी 23 अक्टूबर को प्रस्तावित शिक्षक स्नातक एमएलसी चुनाव के संबंध में बैठक की। बैठक में जनपद के जनप्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव की तैयारियों, बूथ प्रबंधन तथा संगठनात्मक योजना-रचना पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि एमएलसी चुनाव में शिक्षकों व स्नातकों तक सरकार की उपलब्धियों और संगठन की रीति-नीति को लेकर जाना है। सभी कार्यकर्ता अभी से मतदाता सूची, संपर्क अभियान एवं संवाद कार्यक्रमों में जुट जाएं। बैठक में आगामी चुनाव को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला में तैयारी के विषय में उनको अवगत कराया। इस मौके पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष व निवर्तमान सांसद राजेश वर्मा, सांसद अशोक रावत, सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, विधायक हरगांव मंत्री सुरेश राही, सीतापुर सदर विधायक मंत्री राकेश राठौर गुरु, विधायक निर्मल वर्मा, विधायक ज्ञान तिवारी, विधायक शशांक त्रिवेदी, विधायक रामकृष्ण भार्गव सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

ताई पर कुल्हाड़ी से हमला, तोड़ा दम

सीतापुर। कमलापुर थाना क्षेत्र के सुजौलिया गांव में शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे एक युवक ने अपनी बड़ी ताई पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। सिर और शरीर पर गंभीर चोट लगने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सुजौलिया गांव निवासी रामदेवी 60 पत्नी स्वर्गीय श्रीराम शुक्रवार सुबह दीपू के घर आई थीं। इसी दौरान गांव निवासी प्रदीप उर्फ समदू अपने घर से बाहर निकला। उसने रामदेवी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। चोटें इतनी गंभीर थीं कि उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर कमलापुर थाना प्रभारी इतुल चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद आरोपी प्रदीप उर्फसमदू को हिरासत में ले लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी सिधौली वेदप्रकाश श्रीवास्तव ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी ली और जांच की स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों के मुताबिक आरोपी प्रदीप उर्फसमदू की मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जाती है।

दीप प्रज्ज्वलित कर रामलीला महोत्सव का शुभारंभ, 27 अक्टूबर तक होगा मंचन

सिधौली (सीतापुर)। कस्बे में गुरुवार देर शाम 81वें रामलीला महोत्सव का शुभारंभ उपजिलाधिकारी अवनीश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। उपजिलाधिकारी अवनीश कुमार ने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करना तथा उनके बताए मार्ग पर चलना हमारी जिम्मेदारी है। रामलीला के माध्यम से समाज को मर्यादा, संस्कार और आदर्श जीवन की सीख मिलती है। कमेटी के महामंत्री संजय कनोडिया ने बताया कि रामलीला का मंचन वृंदावन के कलाकारों द्वारा 27 अक्टूबर तक प्रतिदिन रात में किया जाएगा। 20 अक्टूबर को भरत यात्रा और 21 अक्टूबर को भगवान श्रीराम की भव्य बारात कस्बे में निकाली जाएगी। 26 अक्टूबर को रावण वध के साथ भव्य मेला लगेगा। जबकि 27 अक्टूबर को भगवान श्रीराम के राजतिलक का आयोजन किया जाएगा। इन दोनों दिनों में मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। इस अवसर पर कमेटी के उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सैनी, अमर सिंह, मनीष श्रीवास्तव, सूर्यांश शुक्ला, शिवाकांत शुक्ला, सुनील श्रीवास्तव, हर्ष माहेश्वरी, मयूर माहेश्वरी, सिद्धेश्वर शुक्ला, तनिष्क, हिमांशु, आयुष सहित कमेटी के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

दशहरे पर सिनेमाघरों में सजेगी 'नई नवेली' की महफिल, यामी गौतम धर लेकर आईं फैंटेसी का तड़का

अयोध्या। दशहरे के त्योहार पर मनोरंजन का नया रंग भरने के लिए अभिनेत्री यामी गौतम धर की फिल्म 'नई नवेली' शुक्रवार को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। अमेजन एमजीएम स्टूडियोज और कलर येलो के बैनर तले बनी यह फैंटेसी फैमिली एंटरटेनर दर्शकों को मेरठ के एक मस्तमौला अवस्थी परिवार की अनोखी दुनिया में ले जाती है। फिल्म में हंसी-मजाक, संगीत, शानदार दृश्य और कल्पनाओं से भरी कहानी का दिलचस्प मेल देखने को मिलेगा। **अनोखी कहानी और अप्रत्याशित मोड़ बढ़ाएंगे रोमांच** 'नई नवेली' की खासियत इसकी पारिवारिक कहानी और फैंटेसी का अनूठा संगम है। फिल्म में अवस्थी परिवार की जिंदगी से जुड़े ऐसे दिलचस्प प्रसंग देखने को मिलेंगे, जो दर्शकों को हंसाने के साथ कहानी से जोड़े रखेंगे। कहानी आगे बढ़ने के साथ एक अप्रत्याशित मोड़ सामने आता है, जो दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाने का काम करेगा। निर्माताओं ने फिल्म को इस तरह तैयार किया है कि परिवार के हर उम्र के सदस्य इसके मनोरंजन का आनंद उठा सकें। **दिग्गज टीम ने संभाली फिल्म की कमान** फिल्म का निर्देशन बालाजी मोहन ने किया है। आनंद एल. राय और हिमांशु शर्मा इसके निर्माता हैं, जबकि संगीत की जिम्मेदारी जी. वी. प्रकाश कुमार ने संभाली है। फिल्म में फैंटेसी, संगीत और पारिवारिक मनोरंजन को प्रमुखता दी गई है।

एक नजर में

पूर्व विधायक बाला प्रसाद अवस्थी का निधन

लखीमपुर खीरी। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं धौरहरा विधायक रहे बाला प्रसाद अवस्थी का इलाज के दौरान निधन हो गया। भाजपाई शोक व्यक्त करने जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, सदर विधायक योगेश वर्मा, केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र प्रसाद भाजपा जिला प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्रा, आनंद अवस्थी, अंकित अवस्थी सहित आदि पदाधिकारी पूर्व विधायक के घर पर पहुंचे। जिला प्रवक्ता रमेश चन्द्र मिश्रा ने बताया की बाला प्रसाद अवस्थी का जन्म 20 जून 1950 को हुआ था स्नातक तक की शिक्षा प्राप्त की। प्रथम बार 1991 में भाजपा से धौरहरा के विधायक बने 14 महीने तक के बाद सरकार भंग हो गई थी 2007 में धौरहरा से विधायक बने 2012 में मोहम्मदी से विधायक बने 2017 में धौरहरा से विधायक उनके परिवार में दो भाई हैं आनंद अवस्थी व भाजपा के जिला अध्यक्ष भी रहे। उनके नेतृत्व में मुझे भी पहली बार भाजपा में जिला मीडिया प्रभारी के पद पर कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। भाजपा कार्यालय भी राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के पास उन्हीं के नेतृत्व में बना था उनके परिवार में धर्मपत्नी के अलावा तीन पुत्र और तीन पुत्रियां हैं।

सेंट्रल बार के सैकड़ों अधिवक्ताओं ने दूसरे दिन अनशन जारी रक्खा

गोला गोकर्णनाथ खीरी। सेंट्रल बार एसोसिएशन द्वारा जनहित की मांगो के लिए जा रहे अनशन के दूसरे दिन सैकड़ो अधिवक्ताओ ने अनशन पर शामिल होकर बार के नेतृत्व में सदन के द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार शांतिपूर्ण अनशन किया इस अनशन में महामंत्री संदीप कुमार अवस्थी उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा संयुक्त मंत्री जगबीर सिंह भदोरिया कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश गुप्ता संत कुमार भारती नीरज मिश्रा राकेश त्रिपाठी रमेश कुमार सलामत बेग, अनिरुद्ध मिश्रा।, सत्यनारायण पांडे ए जितेंद्र पांडे अरुण दीक्षित अतीत सिंह सिंगर विनोद वर्मा पंकज वर्मा दाताराम गुप्ता विजय वर्मा महेंद्र शुक्ला संजय मिश्रा कामता चौधरी जयप्रकाश वर्मा नरेंद्र आर्य धर्म प्रकाश रंजीत कनौजिया ओमप्रकाश सुनील वर्मा मोहनलाल मौर्य खुशीराम भावेश शंकर शुक्ला विजयकांत श्रीवास्तव कपिल द्विवेदी कृष्ण मुरारी अवस्थी रमेश चंद्र वर्मा रामकृष्ण मिश्रा, आदर्श शुक्ला, रहीमुल गनी, नरेंद्र शुक्ला नरेंद्र आर्य नागेंद्र सिंह सहित सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे उधर सेंट्रल बार एसोसिएशन को भारतीय किसान यूनियन अराजनीति समर्थन पत्र महामंत्री को दिया गया।

युवक की तालाब में डूबने से मौत

गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोतवाली क्षेत्र के फ़ूलनगर ग्रंट के ग्राम फूलपुर निवासी 25 वर्षीय युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया जाता है कि गांव फूलपुर निवासी ओमप्रकाश का पुत्र संदीप खेत में काम करने के लिए घर से निकला था। रास्ते में वह तालाब से गुजरी के फूल निकालने को घुस गया और पानी में डूब गया। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और संदीप को तालाब से बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में मातम छाया है।

भगवन्तनगर में नवरात्र से शुरू होगा 'अकाल बोधन' कार्यक्रम

उन्नाव। आगामी विधानसभा चुनाव में भगवन्तनगर क्षेत्र में भाजपा को मजबूत करने के उद्देश्य से नवरात्र की महानवमी से 'अकाल बोधन' कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी भाजपा नेता अजय मिश्र एडवोकेट ने दी। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, रावण का वध करने के लिए भगवान राम ने शक्ति की अकाल बोधन पूजा की थी और अधर्म का अंत कर धर्म की स्थापना की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में योगी सरकार को हटाने के लिए जातिवादी और तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले तत्व एकजुट हो रहे हैं। ऐसे में राष्ट्रवादी विचारधारा के लोगों को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। अजय मिश्र ने कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकारों ने जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक लाभ पहुंचाया है। इन कार्यक्रमों के जरिए जनता को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही नागरिकों को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक कर अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने भगवन्तनगर विधानसभा सीट पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प भी जताया।

महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसने का आरोपी गिरफ्तार

पुरवा, उन्नाव। महिलाओं और बच्चियों पर अश्लील फब्तियां कसने के आरोप में मिशन शक्ति एंटी रोमियो टीम ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफविधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली की मिशन शक्ति एंटी रोमियो टीम के उपनिरीक्षक गंगाप्रसाद, कांस्टेबल आलोक कुमार और महिला कांस्टेबल दीक्षित यादव स्थानीय बस स्टेशन पर तैनात थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक आने-जाने वाली महिलाओं और बच्चियों पर अश्लील गाने गाकर फब्तियां कस रहा है। सूचना पर टीम ने कार्रवाई करते हुए बीती शाम करीब पांच बजे पुरवा-अचलगंज मार्ग स्थित बस स्टॉप से आरोपी रामकिशन (34) पुत्र रामलाल, निवासी असेहरू को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजनों को दे दी है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

मिशन शक्ति अभियानः छह थानों में 17 दंपतियों से लिया फीडबैक

उन्नाव। मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत शुक्रवार को जिले के छह थानों में परिवार परामर्श एवं महिला सहायता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। अजगैन, सोहरामऊ, बिहार, गंगाघाट, बीघापुर और अचलगंज थानों में पुलिस टीमों ने दंपतियों को काउंसलिंग कर पारिवारिक विवादों का समाधान कराया और आपसी प्रेम, विश्वास व सामंजस्य बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। अजगैन में पूर्व में सुलह-समझौते के बाद साथ रह रहे 11 दंपतियों को बुलाकर सम्मानित किया गया और उनके वैवाहिक जीवन का फीडबैक लिया गया। बिहार थाने में पुनर्स्थापित दंपतियों को साड़ी और मां दुर्गा की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही महिला सुरक्षा एवं सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। बीघापुर में क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार और मिशन शक्ति टीम ने छह दंपतियों से उनके पारिवारिक जीवन की जानकारी ली। अचलगंज में पांच दंपतियों को सम्मानित कर आपसी सामंजस्य का फीडबैक लिया गया। सभी ने पुलिस की काउंसलिंग पर संतुष्टि जताई। वहीं, सोहरामऊ और गंगाघाट में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों को बातचीत, काउंसलिंग और समझाइश के जरिए सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया गया।

जर्जर बिजली के पोल से हादसे का खतरा, ग्रामीण ने लगाई गुहार

पुरवा, उन्नाव। ग्राम कंधर्राखेड़ा में घर के पास लगा बिजली का पोल क्षतिग्रस्त होने से हादसे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीण ने जान-माल की सुरक्षा के लिए पोल बदलवाने की मांग की है। एसडीएम ने जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। तहसील क्षेत्र के कंधर्राखेड़ा मजरे ऊंचगांवकिला निवासी कृष्ण कुमार के अनुसार, गांव से सटे उसके खेत में कच्चा मकान बना है, जहां वह रहता है। मकान के पास लगा विद्युत पोल करीब दो वर्ष पहले आंधी-तूफान के दौरान क्रैक हो गया था। तब से पोल के गिरने की आशंका बनी हुई है। पीड़ित का कहना है कि क्षतिग्रस्त पोल कभी भी उसके मकान पर गिर सकता है, जिससे जान-माल का नुकसान हो सकता है। इस खतरे को देखते हुए उसने उपजिलाधिकारी दिग्विजय सिंह से विद्युत विभाग को पोल बदलवाने के निर्देश देने की मांग की है। एसडीएम ने मामले की जांच कर संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

मिलेट्स मेले में किसानों को ट्रैक्टर-बाइक की चाबी और सरसों के बीज वितरित

उन्नाव। निराला प्रेक्षागृह में कृषि विभाग की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के तहत जनपद स्तरीय मिलेट्स किसान मेला एवं रबी उत्पादकता गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें किसानों को श्रीअन्न की खेती, आधुनिक कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। लाभार्थियों को ट्रैक्टर और बाइक की चाबी सौंपने के साथ किसानों को सरसों के बीज वितरित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक पंकज गुप्ता और मुख्य विकास अधिकारी कृति राज ने मां वीणावादिनी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। दोनों ने मत्स्य पालन, जैविक कृषि सहित विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। लाभार्थी रामदेव सिंह को ट्रैक्टर तथा मत्स्य पालन योजना के लाभार्थी अमृत लाल और बृजेश को बाइक की चाबी सौंपी गई। विधायक ने श्रीअन्न की खेती को बढ़ावा देने और किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज व कृषि संसाधन उपलब्ध कराने पर जोर दिया। सीडीओ ने कहा कि पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

जादू के जरिए श्रीअन्न के प्रति किया जागरूक

मेले में जादूगर राजेश श्रीवास्तव ने जादू के माध्यम से तिरंगे पर अमर शहीदों की झांकी प्रस्तुत की और श्रीअन्न से तैयार होने वाले उत्पादों का प्रदर्शन किया। प्रस्तुति ने दर्शकों की तालियां बटोरीं। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक ने जादूगर को सम्मानित किया। इस मौके पर उप कृषि निदेशक अजय कृष्ण राय और जिला कृषि अधिकारी रविप्रकाश सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

आबकारी विभाग की छापेमारी 22 लीटर कच्ची शराब बरामद

उन्नाव। त्योहारों के मद्देनजर अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग ने गुरवार को पुरवा तहसील क्षेत्र के गांवों में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने 22 लीटर कच्ची शराब बरामद की और करीब 200 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट कराया। मामले में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की गई जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र ने बताया कि आबकारी आयुक्त, जिलाधिकारी घनश्याम मीना और एसएसपी जय प्रकाश सिंह के निर्देश पर अवैध मदिरा के खिलाफअभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र चार, पुरवा निशांत सिंह ने टीम और स्थानीय पुलिस बल के साथ ग्राम गौरी, बथुआ और शाहपुर में संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान कच्ची शराब बरामद होने पर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की गई।

गैस कंपनियों की कथित मनमानी से परेशान वितरकों ने सौंपा ज्ञापन

उन्नाव। एलपीजी वितरकों ने गैस कंपनियों पर बिना मांग के सिलेंडर और अन्य उत्पाद भेजने तथा आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को वितरकों ने सिटी मजिस्ट्रेट मनोज सिंह को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की। वितरकों के मुताबिक, कंपनियों की ओर से बिना मांग के पांच और 10 किलोग्राम के एफटीएल सिलेंडर भेजे जा रहे हैं। इसके अलावा गैस चूल्हे, रबर पाइप, लाइटर, एप्रन, चायपत्ती और पानी जैसे उत्पाद भी जबरन भेजे जाते हैं। इन सामानों की कीमत उनके लोड खाते से काट ली जाती है, जबकि वितरकों का कहना है कि इनकी बिक्री को लेकर कोई समझौता नहीं हुआ है। वितरकों ने 19 किलोग्राम के एनडी सिलेंडरों की जरूरत से अधिक आपूर्ति का मुद्दा भी उठाया। उनका आरोप है कि मूल समझौते में मार्केटिंग डिसिप्लिन गाइडलाइंस (एमडीजी) का उल्लेख नहीं होने के बावजूद उनसे अलग से हस्ताक्षर कराए गए और बाद में इसके आधार पर दबाव बनाया जाता है।

वितरकों ने प्रशासन से कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने, जबरन आपूर्ति पर रोक लगाने और आर्थिक नुकसान व उत्पीड़न से राहत दिलाने की मांग की।

मिशन शक्ति के तहत बच्चों ने किया बैंक और जिला अस्पताल का भ्रमण

बिछिया, उन्नाव। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय हुसैन नगर के विद्यार्थियों ने बैंक और जिला अस्पताल का शैक्षिक भ्रमण कर महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक जानकारी देना और उनमें जागरूकता व आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना रहा।

बैंक में मैनेजर ने विद्यार्थियों को बैंकिंग सेवाओं और धन के सुरक्षित लेन-देन के बारे में जानकारी दी। वहीं, जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने स्वास्थ्य, स्वच्छता और चिकित्सा सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें बताईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। भ्रमण में काजल, नैन्सी, संध्या, दिव्यांशी और हर्षिता सहित अन्य विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय की इंचार्ज अमिता सचदेव और शिक्षक अजीत कुमार के नेतृत्व में आयोजित यह शैक्षिक भ्रमण बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा।

बिजली जांच के दौरान विवाद, दंपती पर रिपोर्ट दर्ज

बिछिया, उन्नाव। बदली खेड़ा गांव में बिजली जांच के दौरान विद्युतकर्मियों और उपभोक्ता के बीच हुआ विवाद तूल पकड़ गया है। जेई श्रवण कुमार की तहरीर पर पुलिस ने दंपती के खिलाफसरकारी कार्य में बाधा, जानलेवा हमला, मारपीट और अभिलेख फाड़ने समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। दंपती ने भी विद्युत टीम पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। जेई के मुताबिक, 11 अक्टूबर को वह महेंद्र यादव, राजकुमार और गंगाप्रसाद समेत चार कर्मचारियों के साथ लाइन लॉस की जांच के लिए गांव पहुंचे थे। 3182 रुपये के बकाएदार उपभोक्ता राजेंद्र सिंह की पत्नी से मंदिर के पास विवाद हो गया। जेई का आरोप है कि राजेंद्र सिंह कुल्हाड़ी लेकर हमला करने की नीयत से आए।

बीघापुर में एक सप्ताह में चोरी की दो वारदातें, लाखों का माल पार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर चोरी की दो घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत है। चोरों ने गौरी और भोगैता गांव में घरों को निशाना बनाकर जेवरात और नकदी पार कर दी। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

पहली घटना गौरी गांव की है। निवासी राम सिंह के मुताबिक, रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात करीब तीन बजे चोर छत के रास्ते घर में घुस आए। परिवार के सदस्य अन्य कमरों में सो रहे थे। चोर उनके भाई सुमेर के हिस्से वाले कमरे से पर्स उठा ले गए। उसमें करीब डेढ़ लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात, पांच हजार रुपये नकद और एक मोबाइल फ़ोन था। वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

गोला में यातायात पुलिस का चला अभियान, 20 ई-रिक्शा का किया चालान

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए शुक्रवार को यातायात पुलिस ने नगर में सघन ई-रिक्शा चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले 20 ई-रिक्शा चालकों का चालान किया गया।

पुलिस ने ई-रिक्शा चालकों को हिदायत दी कि निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां न बैठाएं, वाहन के समस्त वैध कागजात साथ रखें और नंबर प्लेट सही व स्पष्ट तरीके से लगाएं। टूटी-फूटी अथवा अस्पष्ट नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफकार्रवाई की चेतावनी दी गई। टी एस आई योगेंद्र पाल ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

चेकिंग अभियान में टीएसआई योगेंद्र पाल के साथ आरक्षी सौरभ कुमार, प्रभात कुमार और विशाल चौधरी मौजूद रहे।

सपा जिलाध्यक्ष ने डीएम को ज्ञापन देकर शांतिपूर्ण चुनाव कराने की मांग की

लखीमपुर-खीरी। प्रस्तावित विधान परिषद लखनऊ खण्ड स्नातक एम.एल.सी. एवं शिक्षक एम.एल.सी. निर्वाचन में मतदान से लेकर मतगणना एवं परिणाम घोषित होने तक सुरक्षा व्यवस्था तथा संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर वीडियोग्राफी वेबकास्टिंग के संबंध सपा के प्रतिनिधि मण्डल ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से चुनाव कराने की मांग की है। सपा जिला अध्यक्ष रामपाल यादव ने कहा कि 23 अक्टूबर 2026 को प्रस्तावित विधान परिषद (एमएलसी) लखनऊ खण्ड स्नातक व शिक्षक निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए मतदान केन्द्रों, निर्वाचन सामग्री एवं मतपेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। मतदान प्रारंभ होने से लेकर मतदान समाप्ति तक निर्वाचन सामग्री एवं मतपेटियों के सुरक्षित परिवहन, स्ट्रांग रूम में जमा होने तथा मतगणना एवं परिणाम घोषित होने तक आवश्यकतानुसार पर्याप्त केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल एवं स्थानीय पुलिस बल की

सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। निर्वाचन क्षेत्र के सभी संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती सुनिश्चित कराई जाए, तथा ऐसे मतदान केन्द्रों का पूर्व में पुलिस एवं प्रशासन द्वारा भौतिक सत्यापन कराया जाए। स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी निगरानी एवं प्रवेश नियंत्रण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। मतगणना केन्द्र पर मतगणना प्रारंभ होने से परिणाम घोषित होने तक पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक बल की तैनाती सुनिश्चित कराई जाए। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, जिला महासचिव अंसार महलूद, पूर्व एमएलसी शशांक यादव, पूर्व मंत्री डा.आरए उस्मानी, पूर्व विधायक रामसरन, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष मो0 कयूम खां, प्रदेश सचिव श्रीकृष्ण राज, संदीप वर्मा, अनुपम वर्मा सहित दर्जनों पदाधिकारी मैजूद रहे।

एक नजर में

ट्यूबवेल से 250 मीटर बिजली का तार चोरी

औरास, उन्नाव। टिकरा सामद गांव में गुरुवार देर रात अज्ञात चोर किसान के ट्यूबवेल से करीब 250 मीटर विद्युत तार काटकर चोरी कर ले गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित किसान ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। औरास थाना क्षेत्र के टिकरा सामद गांव निवासी अशोक कुमार पुत्र लक्ष्मीनारायण ने बताया कि उसने मई 2024 में अपने ट्यूबवेल (बोरवेल) के लिए विद्युत कनेक्शन कराया था। गुरुवार देर रात अज्ञात चोर ट्यूबवेल पर लगे करीब 250 मीटर बिजली के तार काट ले गए। शुक्रवार सुबह जब अशोक कुमार खेत की ओर गया तो उसे तार चोरी होने की जानकारी हुई। इसके बाद उसने थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

किसानों को पंजीकरण कराकर सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की सलाह

बीघापुर, उन्नाव। नगर पंचायत स्थित कृषि कल्याण केंद्र पर केंद्र प्रभारी अमित मिश्रा की अध्यक्षता में कृषक परामर्श समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं और फसलों की बेहतर पैदावार के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एटीएम प्रदीप ने किसानों को बताया कि बीज, कृषि यंत्र, बखार और अन्य कृषि उपकरणों सहित सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य है। पंजीकृत किसान ही सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। केंद्र प्रभारी अमित मिश्रा ने कहा कि सरसों की बुवाई का समय चल रहा है। किसानों को समय से बुवाई करने और उचित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करने पर ध्यान देना चाहिए। इससे फसल का उत्पादन बेहतर हो सकता है। इस दौरान किसानों को फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले गंधी कीट से बचाव के लिए इस्तेमाल होने वाले निवारण यंत्र के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

मां कात्यायनी के दर्शन को मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

शुक्लागंज, उन्नाव। शारदीय नवरात्र के छठे दिन शुक्रवार को मां दुर्गा के षष्ठम स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना के लिए नगर के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से देर रात तक भक्तों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। मंदिरों में जयकारों और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। नगर के प्रमुख देवी मंदिरों में मां कात्यायनी के दर्शन के लिए विशेष सजावट की गई। श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर पूजा-अर्चना की और दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। महिला श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए। पूजा के बाद मंदिरों में प्रसाद वितरण किया गया। आचार्य मिलिंद पांडे ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां कात्यायनी की विधि-विधान से पूजा करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस अवसर पर कंचननगर स्थित कंचनामाई मंदिर, महेश मार्ग के सिद्धिधात्री मंदिर, डाकतार कॉलोनी के सोमा गौरी मंदिर, आनंद नगर के अन्नपूर्णा मंदिर, गांधीनगर के काली मंदिर, पोनी रोड के झंडेश्वर दुर्गा मंदिर, बिंदानगर दुर्गा मंदिर, बालूघाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ और गंगा विशुनघाट स्थित दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। नगर में विभिन्न स्थानों पर देवी जागरण के आयोजन भी शुरू हो गए हैं।

बांगरमऊ में नए उप निबंधक कार्यालय का लोकार्पण

बांगरमऊ, उन्नाव। संडीला रोड स्थित आरएस चौराहे के निकट नवनिर्मित उप निबंधक कार्यालय का शुक्रवार को स्टाम्प, न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने वर्चुअल उद्घाटन किया। इसके बाद क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने फीता काटकर कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। नए कार्यालय के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को संपत्ति पंजीकरण और अन्य संबंधित कार्यों के लिए परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। सभी कार्य एक ही छत के नीचे पारदर्शी तरीके से हो सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों से कार्यालय आने वाले लोगों के कार्य समयबद्ध ढंग से और सम्मानपूर्वक करने को कहा। उन्होंने कहा कि बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना विकास की पहचान है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया कार्यालय अधिवक्ताओं और आम नागरिकों के लिए सुविधाजनक होगा। अभी तक उप निबंधक कार्यालय तहसील परिसर में संचालित हो रहा था। कार्यक्रम में लेखक खालिद खान, सुशील कुमार, आफ़ाक हुसैन, मलखान यादव, राजेश लोधी, सुशील यादव और श्रीनारायण मिश्र सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। अंत में उप निबंधक रश्मि प्रभा ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

ट्रक की टक्कर से युवक गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

बांगरमऊ, उन्नाव। उन्नाव-हरदोई मार्ग पर सराय रोड पुलिया के निकट सड़क किनारे खड़े युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्र के रसूलवापुर गांव निवासी होरीलाल का पुत्र अंकित (18) अपनी बहन के घर मदारनगर गया था। वहां से वह दोपहर करीब तीन बजे ऑटो से बांगरमऊ आया। इसके बाद वह उन्नाव-हरदोई मार्ग पर सराय रोड पुलिया के पास सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अंकित सड़क पर गिर पड़ा। उसका पैर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया।

करेंट लगने से महिला और किशोरी गंभीर

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में घरेलू काम के दौरान करंट लगने से महिला और किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पहली घटना ग्राम जिरकिपुर की है। यहां निवासी भगवानदीन की पत्नी गुड्डी (40) गुरुवार सुबह करीब 10 बजे घर में काम कर रही थीं। इसी दौरान उनका हाथ खुले विद्युत तार से छू गया और वह करंट की चपेट में आकर बेहोश होकर गिर पड़ीं। दूसरी घटना ग्राम रंजीत खेड़ा सहदानी की है। यहां निवासी प्यारेलाल की पुत्री रीता (17) घर में बिजली के बोर्ड में प्लग लगा रही थीं। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गईं और बेहोश होकर गिर पड़ीं। दोनों के परिजन उन्हें तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि दोनों की हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

धनुष यज्ञ में श्रीराम ने तोड़ा शिव धनुष, गूंजे जयकारे

पुरवा, उन्नाव। मुरैता गांव स्थित प्राचीन मां खिन्न देवी धाम परिसर में जय मां खिन्न देवी मेला समिति की ओर से गुरुवार को विशाल धनुष यज्ञ का आयोजन किया गया। करीब तीन दशकों से आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में सीता स्वयंवर, धनुष भंग और लक्ष्मण-परशुराम संवाद की लीला का सजीव मंचन किया गया। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। सीता स्वयंवर में राजा जनक के आमंत्रण पर देश-विदेश से आए राजा शिव धनुष को हिला तक नहीं सके। इससे निराश होकर राजा जनक विलाप करने लगे। इस पर गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान श्रीराम ने शिव धनुष को खंडन कर दिया। धनुष टूटते ही पंडाल तालियों और जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद शुक्रवार सुबह तक लक्ष्मण-परशुराम संवाद की लीला चली। दोनों के बीच तीखे संवाद और रौद्र रूप के मंचन ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। लीला में राम की भूमिका अवनीश पांडेय, लक्ष्मण की प्रदीप पांडेय, परशुराम की त्रिभुवन त्रिवेदी, जनक की प्रद्युम्न तिवारी लाले, रावण की पवन त्रिवेदी और बाणासुर की अभिषेक त्रिपाठी ने निभाई। कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह, समाजसेवी रानू त्रिवेदी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दीपांशु चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, परिवार में कोहराम

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह रायबरेली रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय उन्नाहार ट्रेन की चपेट में आने से 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची लक्लखेड़ा चौकी पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र नफीस व उसकी पत्नी उजमा का चाल चलन व आचरण ठीक नहीं है। चाल चलन व आचरण ठीक न होने के कारण मैंने अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से पुत्र नफीस व बहू उजमा को बेदखल कर दिया है उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन देन के वह खुद जिम्मेदार होंगे। **सूचना कर्ता. सम्भारी पुत्र सकौद, निवासी ग्राम शेखन पुरवा म.कुम्हेना, थाना व तहसील धौरहरा जिला-खीरी।**

शिव की नगरी में मां कालरात्रि की पूजा

शारदीय नवरात्रि की महासप्तमी पर मां कालरात्रिकी पूजा करने से भक्त को भयमुक्त जीवन और दिव्य आशीर्वाद प्राप्त होता है। माता के आशीर्वाद से तांत्रिक बाधा, जादू-टोना, भूत-प्रेत या अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है। मां कालरात्रि को ही काली, शुभंकरी और भयहारणी भी कहा जाता है। मां कालरात्रि कृष्णवर्णा (गहरे श्याम रंग) हैं। माता की चार भुजाएं हैं, मां के एक हाथ में खड्ग (तलवार), दूसरे में वज्र या आयुध और दो हाथ अभय और वरद मुद्रा में हैं। माता का वाहन गर्दभ (गधा) है और बाल बिखरे हुए, गले में विद्युत जैसी ज्योति, शरीर पर तेल का लेप, और गले में माला है।

माता कालरात्रि की उपासना नवरात्रि के सातवें दिन विशेष मानी जाती है। नवरात्रि में सबसे विशेष दिन सप्तमी का होता है। मां कालरात्रि काजल के स्वरूप वाली हैं। उनके इस स्वरूप को बेहद ही दयालु कहा जाता है। मां नाना प्रकार के आयुध से विराजमान रहती हैं। मां कालरात्रि के पूजन से अकाल मृत्यु का संकट दूर हो जाता है। शिव की नगरी काशी का यह अद्भुत और इकलौता मंदिर है, जहां भगवान शंकर से रुष्ट होकर माता पार्वती ने सैकड़ों वर्षों तक कठोर तपस्या की थी। यह सिद्ध मंदिर अपनी

नवरात्रि विशेष

दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा के लिए प्रसिद्ध है. विधि-विधान से पूजा करने से मां का आशीर्वाद मिलता है। मां को बेहद ही दयालु माना जाता है। यहां तो पूरे साल भीड़ देखने को मिलती है, लेकिन नवरात्रि की सप्तमी तिथि को भीड़ ज्यादा होती है। जो भी भक्त एक बार मंदिर परिसर में पहुंचता है, उसका मन मां के ध्यान में स्वतः ही लीन हो जाता है। मां कालरात्रि का स्वरूप जितना विकराल प्रतीत होता है, उतना ही सौम्य और करुणामयी भी है। श्रद्धालुओं ने कहा कि परंपरा के अनुसार, मां के चरणों में गुड़हल के पुष्प, लाल चुनरी, नारियल, फल, मिष्ठान, सिंदूर, रोली, इत्र और द्रव्य अर्पित करना विशेष रूप से फलदायी माना गया है। भक्त विश्वास रखते हैं कि माता अपने दरबार में आने वाले प्रत्येक साधक की मनोकामना पूरी करती हैं। शारदीय नवरात्रि की महासप्तमी पर मां कालरात्रि पूजा करने से भक्त को भयमुक्त जीवन और दिव्य आशीर्वाद प्राप्त होता है। माता के आशीर्वाद से तांत्रिक बाधा, जादू-टोना, भूत-प्रेत या अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है। मां कालरात्रि को ही काली, शुभंकरी और भयहरणी भी कहा जाता है। मां कालरात्रि कृष्णवर्णा (गहरे श्याम रंग) हैं। माता की चार भुजाएं हैं, मां के एक हाथ में खड्ग (तलवार), दूसरे में वज्र या आयुध और दो हाथ अभय और वरद मुद्रा में हैं। माता का वाहन गर्दभ (गधा) है और बाल बिखरे हुए, गले में विद्युत् जैसी ज्योति, शरीर पर तेल का लेप, और गले में माला है।

नवरात्रि पर भगवती काली की पूजा-अर्चना है विशेष पुण्य फलदायी

भारतीय संस्कृति के हिन्दू सनातन धर्म में धार्मिक व पौराणिक मान्यता के अनुसार माँ भगवती काली की साधना प्रत्येक साधक उनकी शक्ति प्रदायिनी स्वरूप को ही लेकर करता है। क्योंकि भगवती काली को शक्तिस्वरूपा कहा गया है। भगवती काली का शक्ति स्वरूप अत्यन्त तेजस्वितायुक्त है। उनके तेज को आत्मसात् कर पाना प्रत्येक मनुष्य के वश की बात नहीं है, एक साधारण मनुष्य उनके भजन तो गा सकता है, उनकी भक्ति तो कर सकता है, लेकिन साधना करने की क्षमता सिर्फ साधकों में ही होती है। जो पूर्णता के साथ भगवती काली के शक्तिस्वरूप को स्वयं में निहित कर सकते हैं। नवरात्रि में श्रीमहाकाली, श्रीमहासरस्वती व श्रीमहालक्ष्मी जी की पूजा-अर्चना करने का विधान है। आस्थावान भक्तजन अपने-अपने पारम्परिक व धार्मिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं। नवरात्रि में

मनोरथ की पूर्ति के लिए करें मन्त्र का जप एवं स्तोत्र पाठ

सप्तमी तिथि को नवदुर्गा के सप्तम स्वरूप श्रीमहाकाली जी की पूजा-अर्चना करने की महिमा है। प्रख्यात ज्योतिषविद् विमल जैन ने बताया कि इस बार आश्विन शुक्लपक्ष की सप्तमी तिथि 16 अक्टूबर, शुक्रवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 5 बजकर 55 मिनट पर लगेगी, जो कि 17 अक्टूबर, शनिवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 6 बजकर 00 मिनट रहेगी, तत्पश्चात् अष्टमी तिथि लग जाएगी। मूल नक्षत्र 16 अक्टूबर, शुक्रवार को प्रातः 6 बजकर 48 मिनट से 17 अक्टूबर, शनिवार को प्रातः 9 बजकर 47 मिनट तक रहेगा, तत्पश्चात् पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र लग जाएगा, जो कि 18 अक्टूबर, रविवार को दिन में 12 बजकर 49 मिनट तक रहेगा। श्रीमहाकाली जी की पूजा-अर्चना से समस्त संकटों का निवारण होता है साथ ही ग्रहदोष से भी मुक्ति मिलती है। मनोरथ की पूर्ति के लिए करें मन्त्र का जप एवं स्तोत्र पाठ-भगवती माँ काली के विशेष मंत्र जिनको जपने पर मनोरथ की सिद्धि होती है–(1) क्रीं (2) क्रीं क्रीं (3) क्रीं क्रीं क्रीं (4) क्रीं स्वाहा (5) ह्रीं। समस्त मनोकामनाओं एवं मनोरथपूर्ति के लिए 11 अक्षरों का मंत्र 'ऐं नमः क्रीं क्रीं कालिकायै स्वाहा'। माँ काली की महिमा अपरम्पार है। भगवान शिवजी की परमप्रिया मानी गई हैं। महाकाली की पूजा के पश्चात् उनकी महिमा में-काली हृदय स्तोत्रम्, श्रीकाली स्तुति, श्री कालिका कीलक, कालिका अर्गलम्, श्री काली शतनाम स्तोत्रम्, श्री काली सहस्रनाम, स्री काली स्तवन, क्षमापराध स्तोत्रम्, श्रीकाली चालीसा आदि का पाठ करने के पश्चात् विधि-विधानपूर्वक भगवती श्रीकाली जी की आरती करने का विधान है। ऐसा माना जाता है कि परिवार के सभी सदस्यों को सम्मिलित रहना चाहिए।

डिलीवरी का दर्द भूल करिश्मा तन्ना ने किया गरबा

बॉलीवुड, टेलीविजन और वेब सीरीज की दुनिया में अपना नाम कमा चुकीं एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना 42 की उम्र में मां बनी हैं. और डिलीवरी के 2 महीने बाद ही उन्होंने सबको चौंका दिया है. 29 जुलाई 2026 को बेटे वेद के जन्म के बाद एक्ट्रेस अभी भी पोस्टपार्टम दौर से गुजर रही हैं. लेकिन उनकी एनर्जी में कोई कमी नहीं आई हैं, इसका सबूत उनका हालिया पोस्ट देता दिखा. बावजूद इसके कि उनकी डिलीवरी के दो महीने पहले ही हुई है ये सुपर मॉम अपने काम पर लौट आई हैं. हैदराबाद में गरबा स्टेज पर करिश्मा ऐसी थिरकीं कि फैंस देखते ही रह गए. टीवी की नागिन ने खुद वीडियो शेयर कर लिखा, एक साल बाद फिर से गरबा किया और दिल को घर जैसा लगा. उनका ये कमबैक वीडियो रातों-रात वायरल हो गया है. करिश्मा ने साफ लिखा है कि वो अभी भी हील कर रही हैं, कुछ किलो वजन अभी भी ज्यादा है. वो बताती हैं कि अभी भी अपनी लय ढूंढ रही हूं, लेकिन रुकना मेरे बस में नहीं. एक्ट्रेस ने इमोशनल होकर कहा, इस मम्मी के भी अपने सपने हैं. परिवार के साथ सबसे ज्यादा खुश हूं, पर स्टेज वाला सुकून भी मेरी जान है. करिश्मा ने बताया कि वो धीरे-धीरे दोनों के लिए जगह बना रही हैं, एक दिन में एक कदम चल रही हैं. मां बनने के बाद काम और परिवार को बैलेंस करना कोई आसान खेल नहीं है. साथ ही हैदराबाद की ऑडियंस का प्यार पाकर करिश्मा ने उसे ब्लेसिंग बताया. उन्होंने कहा कि- काम करना, डांस करना और इतना प्यार पाना, इससे बड़ी खुशी क्या होगी. आपको बता दें करिश्मा ने बिजनेसमैन वरुण बांगेरा से 5 फरवरी 2022 को शादी की थी. गुरु पूर्णिमा के खास मौके पर जन्मे बेटे का नाम वेद रखा है.

68वें दिन हनुमान अंश पर बरसी नीम करोली बाबा की कृपा

7 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली हनुमान अंश ने दो महीने पूरे कर लिये हैं। सिर्फ 2 करोड़ रुपये के बजट में बनी डिवोशनल फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई के साथ इतिहास रच दिया है। डिवोशनल फिल्म हनुमान अंश ने 10 लाख रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर खाता खोला था। वहीं दो हफ्तों तक फिल्म की कमाई की रफ्तार धीमी ही थी। लेकिन तीसरे हफ्ते से फिल्म के कलेक्शन ने जबरदस्त रफ्तार पकड़ी और भारत में 300 करोड़ रुपये और दुनियाभर में 400 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया। 68वें दिन की बात करें तो फिल्म ने मंगलवार को फिल्म ने सोमवार के मुकाबले ज्यादा कमाई की है। फिल्म ने बढ़त हासिल करते हुए 1.38 करोड़ रुपये कमाए हैं। इस कलेक्शन के साथ फिल्म की कमाई 337.11 करोड़ रुपये हो गई है। वहीं ग्रॉस कलेक्शन 397.96 करोड़ रुपये हो गया है। हनुमान अंश ने थिएटर्स में दो महीने से ज्यादा पूरे कर लिये हैं और अभी भी इसकी कमाई करोड़ों में जारी है। इस बीच कई फिल्में आईं और गईं लेकिन डिवोशनल फिल्म की कमाई पर कोई असर नहीं पड़ा। अभी भी थिएटर में अजय देवगन की दृश्यम 3 चल रही है। वहीं इस हफ्ते जेलर 2, राणाबली, नई नवेली और प्रहार जैसी फिल्में रिलीज होने वाली हैं। हनुमान अंश एक बायोपिक फिल्म है। इसे विशाल चतुर्वेदी ने लिखा, डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है और यह उनके बैनर स्वंभू मीडिया नेटवर्क के तहत बनी है। यह फिल्म नीम करोली बाबा के जीवन पर आधारित विशाल चतुर्वेदी की किताब डिवाइन डिटूर- दैट चेंज्ड माई लाइफ पर बनी है।

रामायण- 4000 करोड़ के बजट में बन रही देश की सबसे महंगी फिल्म

फिल्म रामायण में बॉलीवुड और साउथ सिनेमा के बड़े कलाकार एक साथ नजर आने वाले हैं। रणबीर कपूर फिल्म में भगवान राम की भूमिका में हैं, जबकि साई पल्लवी माता सीता का किरदार निभा रही हैं। साउथ सुपरस्टार यश इस फिल्म में रावण के रोल में दिखेंगे। इसके अलावा सनी देओल हनुमान की भूमिका में हैं, जबकि रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में अरुण गोविल, लारा दत्ता, रकुल प्रीत सिंह, विवेक ओबेरॉय और कुणाल कपूर भी अहम भूमिकाओं में शामिल हैं। दंगल जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म बना चुके डायरेक्टर नितेश तिवारी पिछले कई सालों से इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दो भागों में बनने वाली इस फिल्म का कुल बजट 4000 करोड़ रुपए के करीब है, जो इसे भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे महंगी फिल्म बनाता है। फिल्म के विजुअल इफेक्ट्स की जिम्मेदारी ऑस्कर विनिंग कंपनी छ्ह्श्वत्र संभाल रही है। फिल्म के पहले पार्ट की शूटिंग पूरी हो चुकी है। फिल्म के संगीत को लेकर भी काफी समय से चर्चा बनी हुई है। इस फिल्म में दो दिग्गज म्यूजिशियन एआर रहमान और ऑस्कर विजेता हैंस जिमर पहली बार एक साथ मिलकर बैकग्राउंड स्कोर और संगीत तैयार कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज और एक्टर यश के मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के तहत किया जा रहा है। इस ग्रैंड प्रोजेक्ट को दो भागों में बनाया जा रहा है, जिसका पहला पार्ट 5 नवंबर 2026 में दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगा। रामायण का दूसरा ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 2 मिनट 36 सेकेंड के इस ट्रेलर में पहले ट्रेलर के मुकाबले किरदारों के कॉस्ट्यूम में सुधार किया गया है।

ट्रेलर में भगवान राम (रणबीर कपूर) और रावण (यश) के बीच धर्म और अधर्म के युद्ध को केंद्र में रखा गया है। ट्रेलर की शुरुआत एक वॉयसओवर से होती है, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे अंधेरे की गहराइयों से रावण का उदय होता है। दुनिया भर में 5 नवंबर को रिलीज होने जा रही इस फिल्म का अंतरराष्ट्रीय नाम रामायण- द राइज ऑफ ए लीजेंड रखा गया है। ट्रेलर में केवल राम और रावण के किरदारों का टकराव ही नहीं, बल्कि रामायण के कई महत्वपूर्ण प्रसंगों की झलकियां भी देखने को मिलती हैं। अभिनेत्री साई पल्लवी माता सीता के रूप में दीए जलाते और प्रार्थना करते दिखाई दे रही हैं। इसके अलावा भगवान राम के शिव धनुष उठाने के क्षण, भव्य महल, राक्षसों की सेना और आकाश में उड़ते जटायु के युद्ध दृश्यों को वीएफएक्स की मदद से दिखाया गया है। ट्रेलर के अंत में रावण पर हुए भालों के वार को खुद अपने हाथों से खींचकर फेंकते हुए उसकी शक्ति को दर्शाया गया है। फिल्म के मेकर नमित मल्होत्रा ने एक्स पर एक नोट शेयर किया, जिस पर उनके साथ निर्देशक नितेश तिवारी और यश के भी दस्तखत हैं। नमित ने लिखा कि जब उन्होंने रामायण बनाने की शुरुआत की थी, तब उनका सपना भारत की इस महान गाथा को दुनिया के हर कोने तक पहुंचाना था। उन्होंने कहा कि सोनी पिक्चर्स के ग्लोबल कैंपेन के जरिए दुनिया भर के दर्शक पहली बार इस कहानी को इतने बड़े पैमाने पर देखेंगे। उन्होंने इसे देश के लिए गर्व का पल बताते हुए लिखा- हमारी सच्चाई, हमारा इतिहास, भारत से दुनिया तक, जय श्री राम। मेकर्स नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राजनीतिक हस्तियों और देश के शीर्ष नेताओं के लिए रामायण की एक विशेष स्क्रीनिंग आयोजित करने की अनुमति मांग रहे हैं। अगर अनुमति मिलती है तो यह स्क्रीनिंग 5 नवंबर को फिल्म की ग्लोबल रिलीज के आसपास आयोजित की जाएगी। रणबीर कपूर, यश, साई पल्लवी और फिल्म के निर्देशक नितेश तिवारी शामिल हो सकते हैं।

पति जहीर खान की बांहों में सागरिका

एक्ट्रेस सागरिका घाटगे और पूर्व क्रिकेटर जहीर खान ने इटली वेकेशन की तस्वीरें इंटरनेट पर शेयर की हैं. दोनों ने वहां के खूबसूरत नजारे भी दिखाए हैं. कपल ने इटली के टस्कन में सुकून के पल बिताए. इस शानदार एक्सपीरियंस को एक्ट्रेस ने इंस्टा पर शेयर किया है. वहां के लजीज खाने, खूबसूरत माहौल ने उनका वेकेशन हिट बनाया. इंस्टा पोस्ट में सागरिका ने बताया कि टस्कनी की धूप में बिताए कुछ दिन, पहाड़ियों के बीच साइकिलिंग, की छोटी-सी ट्रिप और ढेर सारा लजीज खाना... सब शानदार था. खाने की लगभग हर डिश में ट्रफल का टेस्ट था. खूबसूरत नजारों के बीच स्विमिंग करना खास था. वहां का मौसम सुहावना था. दिन में खिली-खिली धूप और हवा में हल्की ठंडक थी. सागरिका लिखती हैं- हैरानी होती है कि ये पूरा एस्टेट लगभग 2,700 एकड़ में फैला हुआ है. यहां का पुराना किला कभी मेडिसी परिवार के पास था, जिसे खूबसूरती से रिस्टोर किया गया है. एक तस्वीर में जहीर ने अपनी लेडीलव को बांहों में लिया हुआ है. दोनों की केमिस्ट्री दमदार है. फैंस ने उन्हें एडोरेबल कहा है. कपल वेकेशन में कैजुअल लुक में दिखा. उनके बेटे फतेह सिंह खान की क्यूट झलक ने फैंस का दिन बना दिया है. सागरिका ने लेक व्यू के साथ खाने की फोटो पोस्ट की है. उन्होंने इस ट्रिप के हर पल को जी भरकर एंजॉय किया है. जहीर और सागरिका की शादी 2017 में हुई थी. कपल का एक बेटा है. जहीर-इकबाल को ट्रैवल करना और दुनिया एक्सपलोर करना पसंद है.

भक्ति के माहौल में इंसान अंदर से शांत हो जाता है-तमन्ना

अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने नवरात्र पर माता की चौकी में हिस्सा लिया। अपनी एक दोस्त के घर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में उनके साथ अभिनेत्री मृणाल ठाकुर भी मौजूद थीं। तमन्ना ने सोशल मीडिया पर इस कार्यक्रम की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं, जिनमें वे मृणाल ठाकुर के साथ भजन गाती और आरती में शामिल होती नजर आ रही हैं। तमन्ना ने एक भावुक नोट शेयर कर बताया कि लगातार 5 घंटे तक चले इस कार्यक्रम में उन्हें शांति और आध्यात्मिक अनुभव मिला। तमन्ना भाटिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर माता की चौकी की कई झलकियां पोस्ट की हैं। वीडियो में मेहमान भजनों पर झूमते और आरती करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इनमें से एक वीडियो में तमन्ना अपनी सह-कलाकार मृणाल ठाकुर के साथ बैठकर देवी मां के भजन गाती नजर आ रही हैं। तमन्ना ने इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने के अवसर के लिए आभार जताया और अपनी आध्यात्मिक यात्रा के बारे में बात की। कार्यक्रम के अनुभव को बयां करते हुए तमन्ना ने लिखा कि भजनों की गूंज और माता रानी की कहानियों के जरिए उन्हें ऐसा लगा जैसे वे वैष्णो देवी की यात्रा कर रही हों। उन्होंने लिखा कि कमरे में उठती संगीत की तरंगों और भक्ति के माहौल के बीच इंसान अंदर से शांत हो जाता है। तमन्ना के अनुसार, संगीत, प्रार्थना और समर्पण के वे 5 घंटे उन्हें एक ही पल के समान महसूस हुए। तमन्ना भाटिया पिछले कुछ समय से लगातार

अपनी आध्यात्मिक यात्रा को लेकर चर्चा में रही हैं। भारतीय पौराणिक कथाओं पर आधारित फैंटेसी ड्रामा फिल्म द वन की शूटिंग के बाद से ही उनका झुकाव धार्मिक परंपराओं की तरफ बढ़ा है। बातचीत में तमन्ना ने बताया था की वे छठी मैया गाने की शूटिंग के दौरान भावुक हो गईं थीं। उन्होने कहा जब मैंने पहली बार विशाल मिश्रा की आवाज में यह गाना सुना, तो लगा कि यह हर भक्त की अंदरूनी भावना है। शूटिंग के दौरान जब मैं सूर्य देव को अर्घ्य देने का रिचुअल कर रही थी, तब मुझे एक बहुत बड़ी बात समझ में आई, जिस चीज का अस्त होता है, उसका उदय भी निश्चित है। हम जिंदगी में कई बार उतार-चढ़ाव देखकर निराश हो जाते हैं, लेकिन छठ महापर्व हमें सिखाता है कि डूबते सूरज के बाद उगता सूरज जरूर आता है। इस गाने ने मुझे ग्रेटिट्यूड का गहरा भाव महसूस कराया। बातचीत में तमन्ना ने आगे कहा की करीब चार साल पहले जब मैं अपने गुरु से मिली, तब मेरी असल स्पिरिचुअल जर्नी शुरू हुई। मुझे लगता है कि अगर यह फिल्म मुझे 4 साल पहले ऑफर होती, तो शायद मैं इसे उस तरह नहीं कर पाती। क्योंकि भक्ति एक ऐसा भाव है जिसमें आप कोई मिलावट या झूठी एक्टिंग नहीं कर सकते। अगर आपके अंदर वह भाव सच्चा नहीं है, तो दर्शक तुरंत पकड़ लेते हैं। पटना में एक स्टूडेंट ने मुझसे कहा था कि आप यह गाना इसलिए कर पाईं क्योंकि ऊपर वाले ने आपको इसके लिए चुना है।

बारिश बुलाने के लिए किसान गुनगुनाते हैं गाना

एक अच्छी फसल उगाने के लिए किसानों के लिए सही समय पर बारिश बहुत मायने रखती हैं। मदर इंडिया, दो बीघा जमीन और उपकार सहित किसानों के जीवन पर बॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें खेती के प्रति उनके समर्पण को बहुत ही खूबसूरती से पर्दे पर उतारा गाया। सिर्फ फिल्म ही नहीं, हम सबका पेट भरने वाले किसानों पर बॉलीवुड में कई गाने भी बने हैं। 25 साल पहले उदित नारायण ने एक ऐसा सदाबहार गीत गाया था, जो सालो बाद भी किसान बारिश बुलाने के लिए गुनगुनाते हैं। ये गाना बना भी गांव और वहां पर काम करने वाले किसानों की परिस्थितियों पर है। हिंदी सिनेमा के जिस सदाबहार गीत का जिक्र हम अपने इस लेख में कर रहे हैं, वो साल 2001 में रिलीज हुई आमिर खान के करियर की सबसे बेस्ट फिल्मों में से एक लगान है। कल्ट क्लासिक फिल्म में जिस गाने ने 25 साल पहले लोगों का दिल जीता था उसके लिरिक्स थे घनन-घनन घिर घिर आए बदरा। फिल्म लगान में ये गीत किसानों की खुशी और उम्मीद को दर्शाता है। फिल्म में ये गाना तब आता है, जब चम्पारन गांव में लंबे समय से बारिश नहीं आती और सभी किसान सूखे से परेशान होते हैं। उन्हें अनाज के लिए ब्रिटिशर्स के सामने हाथ फैलाना पड़ता है। एक दिन जब आसमान में काले बादल घिरते हैं, तो सभी गांववाले खुशी से उछल पड़ते हैं और उस पल को एक साथ मिलकर सेलिब्रेट करते हैं।

पर्सनैलिटी राइट्स के लिए कोर्ट पहुंचीं कृति सेनन



एक्ट्रेस कृति सेनन ने अपने 'पर्सनैलिटी राइट्स' की सुरक्षा की मांग करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की है. इस तरह के मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए कोर्ट ने शुक्रवार 16 अक्टूबर को इन दावों से जुड़े कानूनी नियमों की जांच की जरूरत पर जोर दिया है. जस्टिस पुरषेंद्र कुमार कौरव ने कृति सेनन की ओर से पेश वकील प्रवीण आनंद से कहा कि वे 'पर्सनैलिटी राइट्स' से जुड़े फैसलों और रिसर्च कॉन्टेंट को इकट्ठा करें. इसमें बताया जाना चाहिए कि इन अधिकारों के तहत किस हद तक सुरक्षा मिल सकती है और क्या हाईकोर्ट का 'इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी डिवीजन' ऐसे विवादों को सुलझाने के लिए अधिकार क्षेत्र में आता है या नहीं. जज ने कहा कि इस तरह के मामले अक्सर कोर्ट के सामने आ रहे हैं, इसलिए इन कानूनी मुद्दों की जांच मौजूदा मामले के तथ्यों से परे जाकर करने की जरूरत है. कोर्ट ने वकील आनंद से 'पर्सनैलिटी राइट्स' के दायरे को साफ करने को कहा. साथ ही, यह भी बताने को कहा कि किसी व्यक्ति की किन खासियतों को कानूनी सुरक्षा मिल सकती है और क्या ऐसे विवाद 'इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी डिवीजन' के अधिकार क्षेत्र में आते हैं.

सीरीज पर कब्जा करने उतरेगी टीम इंडिया

वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतिम टी-20 मुकाबला आज, भुवनेश्वर पर रहेंगी निगाहें

बेंगलुरू। वेस्टइंडीज के खिलाफ निर्णायक पांचवें टी-20 मैच के साथ श्रृंखला जीतने के लिये भारत को अपनी बल्लेबाजी की कमियों से पार पाते हुए बेहतर प्रदर्शन करना होगा चूंकि कैरेबियाई टीम ने अब तक मेजबान को कांटे की टक्कर दी है श्रृंखला अभी 2-2 से बराबरी पर है। भारत के लिये समस्या शीर्ष क्रम से शुरू होती है। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने अभी तक तीन अर्धशतक जमाये हैं लेकिन सलामी जोड़ी के रूप में उनका योगदान 29, 42, 7 और 60 रहा है। हैदराबाद में 60 रन की साझेदारी में सैमसन ने 56 रन बनाये जबकि अभिषेक का योगदान दो रन का रहा। एक बार साझेदारी टूटने के बाद मध्यक्रम इस बार पारी को संभाल नहीं सका। ईशान किशन, कप्तान श्रेयस अय्यर और नमन धीर बड़ी पारियां खेलने में नाकाम रहे। लखनऊ में पहले टी-20 में 102 रन बनाने के बाद श्रेयस ने अगले तीन मैचों में 40, 1 और 16 रन बनाये। यहां हारने से बतौर कप्तान श्रेयस की छवि को ठेस

पहुंचेगी। आयरलैंड और इंग्लैंड से हारने के बाद जिम्बाब्वे और अफगानिस्तान को हराकर उन्होंने आत्मविश्वास हासिल किया। श्रेयस की कप्तानी को खतरा नहीं है लेकिन अनुभवी और आक्रामक विरोधी टीम के सामने उनकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल जरूर उठ सकते हैं। तीसरे नंबर पर ईशान ने 43, 37 और छह रन बनाये हैं। वहीं धीर की पारियां 4, 10 और 0 की रही है। तिलक वर्मा और नीतिश कुमार रेड्डी भी हैदराबाद में नाकाम रही। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की सपाट पिच बल्लेबाजों की ऐशगाह मानी जाती है। इस मैदान पर हालांकि अक्टूबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेली गई है। कुछ आईपीएल मैचों के अलावा यहां बड़े मैच भी नहीं खेले गए। ऐसे में भारत स्पिनर कुलदीप यादव को फिर टीम में ला सकता है। तीसरे और चौथे मैच में बाहर रहे कुलदीप का अनुभव टीम के लिये कारगर साबित हो सकता है। वहीं पिछले मैच में कंधे की चोट का शिकार हुए अर्शदीप सिंह की जगह अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की टीम में वापसी हुई है प्रिंस यादव, मयंक यादव, धीर और रेड्डी कैरेबियाई बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा सके हैं। लिहाजा ऐसे में भुवनेश्वर का अनुभव काफी कारगर साबित होगा। वेस्टइंडीज के लिये कप्तान शाई होप और शेरफान रदरफोर्ड 261 और 221 रन बना चुके हैं और श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शीर्ष दो स्थानों पर हैं। भारत को इन दोनों को जल्दी आउट करना होगा जैसा इंदौर में तीसरे टी-20 के दौरान किया था।

प्रसारण शाम 7 बजे से

अमृता फाइनल में कोमल को कांस्य

लास वेगास। भारत की अमृता पुजारी ने अंडर 23 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में महिलाओं के 72 किलो फाइनल में प्रवेश कर लिया अमृता ने कजाखस्तान की साबिरजानोवा को 7-1 से हराने के बाद सेमीफाइनल में चीन की वेंजिन कियू को 10-8 से मात दी। महाराष्ट्र के सोलापूर की अमृता का सामना अब यूक्रेन की इरिना जाब्लोत्स्का से होगा। कोमल ने महिलाओं के 59 किलो वर्ग में कजाखस्तान की विक्टोरिया के को 7-2 से हराकर कांस्य पदक जीता।

खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक
अर्शवेदा कैप्सूल
ARSHVEDA Capsule
AN AYURVEDIC MEDICINE FOR PILES
Power of 9 Herbs
सुविचार
कभी भी दिन को छोटा न समझें, क्योंकि आज का दिन कल की सफलता का आधार है।
• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg | amazon | Flipkart

भारतीय टी-20 टीम में शामिल किए गए भुवनेश्वर

बेंगलुरु, 16 अक्टूबर (भाषा) अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को शुक्रवार को कंधे में चोट से जूझ रहे अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले पांचवें और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया भारत और वेस्टइंडीज के बीच पांच मैच की यह श्रृंखला 2-2 से बराबरी पर है। श्रृंखला का निर्णायक मुकाबला शनिवार को यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा, बुधवार को हैदराबाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अर्शदीप सिंह को गेंदबाजी करने वाले हाथ के कंधे पर चोट लगी थी जिसके बाद भुवनेश्वर कुमार को टीम में शामिल किया गया है। छत्तीस वर्षीय भुवनेश्वर को इससे पहले 22 अक्टूबर से क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली टी-20 श्रृंखला के लिए भी भारतीय टीम में चुना गया था। बयान में कहा गया, ''अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अर्शदीप की उपलब्धता पर फैसला उनकी चोट से उबरने की स्थिति को देखते हुए मुकाबले से पहले लिया जाएगा। हालांकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप के इस मैच में खेलने की संभावना कम है, क्योंकि कंधे की चोट को ठीक होने में आमतौर पर कम से कम तीन सप्ताह लगते हैं।

भारतीय महिलाओं को जिम्बाब्वे को हराने में छूटे पसीने

रायपुर। भारत ने अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा (49 रन) और पदार्पण करने वाली बल्लेबाज निकी प्रसाद (नाबाद 39) के बीच पांचवें विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की मदद से शुरूआती झटकों से उबरते हुए शुक्रवार को यहां पहले महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को चार विकेट से शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली भारत और जिम्बाब्वे पहली बार द्विपक्षीय श्रृंखला में खेल रहे हैं। इस मुकाबले के साथ स्मृति मंधाना के कप्तानी कार्यकाल की भी शुरुआत हुई। भारतीय टीम के लिए 115 रन का लक्ष्य इतना बड़ा नहीं था लेकिन 19 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद टीम संघर्ष करती दिख रही थी। लेकिन अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति (37 गेंद, आठ चौके) और मध्यक्रम बल्लेबाज निकी (35 गेंद, छह चौके) ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 63 गेंद में 82 रन की भागीदारी कर

भारत को जीत तक पहुंचाया। यह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में पांचवें विकेट के लिए भारत की सबसे बड़ी साझेदारी है। इन दोनों ने मिताली राज और अनुजा पाटिल के बीच इस विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। इस दौरान दीप्ति आउट हो गईं, पर भारत ने 4.2 ओवर रहते छह विकेट पर 116 रन बनाकर जीत दर्ज की। नयाशा ग्वानजुरा (तीन ओवर में 18 रन देकर तीन विकेट) ने अपने पहले ही ओवर में भारतीय कप्तान स्मृति मंधाना (09) और अनुष्का शर्मा (04) के विकेट लेकर भारत को दो झटके दे दिए। जिम्बाब्वे का मंधाना के खिलाफ शुरुआत में ऑफ स्पिन गेंदबाजी कराने का फैसला सफल रहा। दूसरे ओवर की पहली गेंद हालांकि विकेट लेने वाली गेंद नहीं थी। मंधाना के पास इसे खेलने का समय था लेकिन वह पीछे हटकर पुल शॉट खेलने गईं और गेंद उनके बल्ले का ऊपरी किनारा लेकर हवा में उछल गई। बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर खड़ी खिलाड़ी ने आसान कैच लपक लिया। जिम्बाब्वे को शुरुआती सफलता मिली और भारत की नयी कप्तान सस्ते में आउट हो गईं। फिर दो गेंद बाद ग्वानजुरा ने भारत को दूसरा झटका दे दिया। अनुष्का ऑफ स्टंप के बाहर की जाती गेंद को ड्राइव करने गईं, लेकिन गेंद बल्ले का किनारा लेकर बैकवर्ड प्वाइंट की ओर चली गई, जहां क्षेत्ररक्षक ने आसान कैच लपक लिया। भारत का स्कोर दो विकेट पर 18 रन हो गया। स्कोर में एक रन ही जुड़ा था कि पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर भी सस्ते में आउट हो गईं।

महासंघों को मिलने वाली सहायता में भारी बढ़ोतरी

नयी दिल्ली। देश में अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन को बढ़ावा देने के लिए खेल मंत्रालय ने शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को 50 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता देने का प्रावधान किया है। मंत्रालय ने संशोधित राष्ट्रीय खेल महासंघ सहायता योजना के संचालन संबंधी दिशा-निर्देश जारी करते हुए यह घोषणा की। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के लिए महासंघों को अधिकतम दो करोड़ रुपये तक की सहायता दी जाती थी। मंत्रालय के अनुसार संशोधित दिशा-निर्देश भारत के दीर्घकालिक खेल दृष्टिकोण और 2036 ओलंपिक की मेजबानी की दावेदारी के साथ 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों के अनुरूप तैयार किये गये हैं। मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, ''अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए दी जाने वाली वित्तीय सहायता आयोजन के स्वरूप और महत्त्व, इसमें भाग लेने वाले देशों तथा खिलाड़ियों की संख्या के आधार पर तय की जाएगी।

गिल और अय्यर को भारतीय टीम की कमान

आकाश दीप, अंशुल कंबोज की न्यूजीलैंड दौरे पर भारतीय टीम में वापसी

नयी दिल्ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की शृंखला के लिए भारतीय टीम में तेज गेंदबाज आकाश दीप और अंशुल कंबोज को शामिल किया गया है चोट से उबरकर वापसी करने वाले आकाश दीप ने पिछली बार इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट क्रिकेट खेला था, जहां उनका प्रदर्शन प्रभावशाली रहा था। वहीं, अंशुल कंबोज को इंग्लैंड में टेस्ट पदार्पण के बाद टीम से बाहर कर दिया गया था। टेस्ट शृंखला 19 नवंबर से शुरू होगी। इससे पहले भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच वनडे मैचों की शृंखला खेली जाएगी, जिसका आगाज चार नवंबर से होगा। नियमित कप्तान शुभमन गिल टेस्ट शृंखला की तैयारी पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में श्रेयस अय्यर आखिरी दो वनडे में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। **भारत की टेस्ट टीम**-शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल (उपकप्तान), देवदत्त पडिक्कल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर, फिटनेस मंजूरी मिलने पर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, अंशुल कंबोज, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा (फिटनेस मंजूरी मिलने पर), आकाश दीप, साई सुदर्शन, नितीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज। **पहले तीन वनडे के लिए भारतीय टीम**-शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा,

विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, नमन धीर, अंशुल कंबोज, गुरनूर बराड़, ऋतुराज गायकवाड़, अर्शदीप सिंह, ईशान किशन (विकेटकीपर), मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और कुलदीप यादव। **आखिरी दो वनडे के लिए भारतीय टीम**-श्रेयस अय्यर (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर और उपकप्तान), नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, नमन धीर, आकिब नबी, गुरनूर बराड़, ऋतुराज गायकवाड़, अर्शदीप सिंह, कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), मोहम्मद सिराज, यश ठाकुर और कुलदीप यादव।

सुहास यथिराज ने किया जीत के साथ आगाज

नागोया। दो बार की पैरालम्पिक रजत पदक विजेता और गत चैम्पियन सुहास एल वाई ने एशियाई पैरा खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा में जीत के साथ आगाज करते हुए पुरूषों के एकल एसएल 4 ग्रुप ई मैच में बांग्लादेश के जॉयतू धर को सीधे गेम में हराया। प्रशासनिक अधिकारी सुहास ने तोक्यो और पेरिस पैरालम्पिक में रजत पदक जीता था जबकि पिछले एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया था। उन्होंने यह मुकाबला 21-8, 21-11 से जीता। पुरूषों के एकल एसएल4 वर्ग में अभिजीत सखुजा ने चीनी ताइपै एन चुआन येह को 21-17, 21-12 से मात दी। तोक्यो पैरालम्पिक स्वर्ण पदक विजेता और एशियाई पैरा खेलों के रजत पदक विजेता कृष्णा नागर ने चीनी ताइपै के जिया सियांग लिंग को 21-5, 21-4 से हराकर जीत के साथ आगाज किया। एसएच 6 वर्ग में एक और भारतीय सिवराजन सोलाइमलाइ ने ग्रुप डी में फिलीपींस के जॉन साइरस मेकलांग को 21-7, 21-6 से हराया मिश्रित युगल एसएल3 और एसयू5 ग्रुप ए के मैच में भारत की मनीषा रामदास और प्रमोद भगत ने चीन के लिचुआन शियोंग और टोंगटोंग को 21-16 19-21 21-16 से मात दी। मानसी जोशी और रूत्विक रघुपति हालांकि अपना मुकाबला हार गए। महिला एकल एसएल 3 वर्ग में पूर्व विश्व चैम्पियन मानसी जोशी को चीन की यूमेइ लियू ने 21-15, 14-21, 21-15 से हराया।

खंगूरा ने लड़कों के एकल में जीता कांस्य

काहिरा। भारत के जगशेर सिंह खंगूरा को जूनियर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के लड़कों के एकल वर्ग में शुक्रवार को यहां सेमीफाइनल में हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा भारतीय खिलाड़ी को इंडोनेशिया के रादित्य बायू वर्धाना के खिलाफ 6-15, 15-13, 3-15 से हार का सामना करना पड़ा। 49 मिनट तक चले मुकाबले में खंगूरा ने पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरा गेम जीता, लेकिन निर्णायक गेम में वह प्रतिद्वंद्वी की आक्रामकता और बेहतर स्टैमिना का सामना नहीं कर सके। इस पदक के साथ जूनियर विश्व चैंपियनशिप की व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भारत के कांस्य पदकों की संख्या सात हो गई है। भारत के कुल पदकों की संख्या अब 13 हो गई है, जिसमें एक स्वर्ण और पांच रजत पदक भी शामिल हैं। खंगूरा ने अपने प्रदर्शन पर संतोष जताते हुए कहा कि क्वार्टर फाइनल तक उनका प्रदर्शन अच्छा रहा, लेकिन वह सेमीफाइनल में इससे बेहतर कर सकते थे।

सेज ग्राउंड का काया कल्प करना कठिन चुनौती

(आज खेल समाचार सेवा)

लखनऊ। गोमती नदी में हाल में आई बाढ़ ने लखनऊ में क्रिकेट के अहम सेंटरों में से एक सेज क्रिकेट ग्राउंड को भारी नुकसान पहुंचाया है। करीब 15 दिनों तक पानी में डूबे रहने से मैदान की पूरी घास खराब हो गई है, जबकि क्रिकेट पिचों और विद्युत उपकरणों को भी नुकसान पहुंचा है। अब ग्राउंड को दोबारा खेलने योग्य बनाने के लिए सेज स्पोर्ट्स मैनेजमेंट मरम्मत और पुनर्निर्माण की तैयारी में जुटा है।

हालांकि इसे फिर से तैयार करने में एक से दो महीने का समय लग सकता है। सेज क्रिकेट ग्राउंड पर लखनऊ विमेंस प्रीमियर लीग का आयोजन हो चुका है और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की विभिन्न आयु वर्गों की महिला खिलाड़ियों के शिविर भी यहां आयोजित किए जा चुके हैं। यह मैदान लखनऊ में महिला क्रिकेट गतिविधियों के लिए अहम भूमिका निभाता है। बाढ़ से हुए नुकसान के बाद अब यहां क्रिकेट गतिविधियों को दोबारा सुचारु करने के लिए मैदान की सुविधाओं को बहाल करना जरूरी है। यहां आयोजित लखनऊ विमेंस प्रीमियर लीग के दौरान मैदान की सुविधाओं की सराहना हुयी थी। वहीं यूपी टी-20 लीग की टीम कानपुर सुपरस्टार्स ने भी इसे अपने घरेलू मैदान के रूप में इस्तेमाल किया था। सेज स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के प्रबंध निदेशक बृजेंद्र यादव ने बताया कि हमने इस मैदान को वर्ष 2024 में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) से इस मैदान को लीज पर लिया था। उस समय मैदान करीब आठ साल से बंद पड़ा था और वहां क्रिकेट की बुनियादी सुविधाएं नहीं थीं। इसके बाद सेज स्पोर्ट्स ने लगभग दो करोड़ रुपये के निवेश से दो साल तक मेहनत कर मैदान को क्रिकेट गतिविधियों के लिए तैयार किया। मैदान में सेलेक्शन-1 किस्म की घास लगाई गई और पुरानी पिचों को खोदकर लाल मिट्टी से दोबारा तैयार किया गया। इसके अलावा काली मिट्टी की दो नई पिचें बनाई गईं। खिलाड़ियों के लिए वातानुकूलित ड्रेसिंग रूम, पोर्टेबल साइड स्क्रीन, डे-नाइट मैचों के लिए फ्लडलाइट और दर्शकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई। मैदान और पिचों की सिंचाई के लिए पाइपलाइन सिस्टम, नया ट्यूबवेल और बूस्टर पंप लगाया गया। अभ्यास सुविधाओं के तहत मुख्य मैदान के बाहर 10 अभ्यास पिचें और एक इनडोर अभ्यास पिच बनाई गई। इसके साथ ही कैंटीन, ग्राउंड स्टाफ के लिए आवास, कार्यालय और स्टोर रूम की व्यवस्था की गई। बृजेंद्र यादव ने बताया कि बाढ़ के पानी में करीब 15 दिनों तक डूबे रहने के कारण मैदान की घास नष्ट हो गई है, जिसे दोबारा लगाना होगा। पिचों को भी फिर से तैयार करना पड़ेगा। इसके अलावा डीजी सेट और विद्युत पैनल जैसे उपकरणों को भी नुकसान पहुंचा है। इनकी मरम्मत और मैदान की अन्य सुविधाओं को बहाल करने के पुनर्निर्माण का काम किया जाएगा।

एल्यू गंगा चैम्पियन, हाशिम-आदित्य चमके

(आज खेल समाचार सेवा)

लखनऊ। प्लेयर आफ द मैच मो. हाशिम की शानदार गेंदबाजी 25 रन पर 4 विकेट तथा आदित्य प्रताप सिंह की शानदार बल्लेबाजी 96 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से बनाये गये नाबाद 77 रनों की बदौलत एलयू गंगा ने एलयू कप इंटरकालेजिएट टी-20 किक्रेट प्रतियोगिता के फाइनल में एलयू अरावली को 4 विकेट से पराजित कर चैम्पियन बनने का श्रेय हासिल किया। लखनऊ विश्वविद्यालय के खेल मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते एलयू अरावली ने सभी विकेट खोकर 128 रन बनायें। क्षीतिज त्रिपाठी ने 43 तथा शिवम सिंह ने 37 रनों का योगदान दिया। मोहम्मद हाशिम ने चार, प्रखर तिवारी ने तीन तथ अमन वर्मा ने दो विकेट लिये। जवाब ने एलयू गंगा ने 31 ओवरों में छाह विकेट पर 133 रना बना लिये। आदित्य प्रताप सिंह ने 77 तथा अभिषेक सोनी और मोहम्मद हाशिम ने 19-19 रनों का योगदान दिया। शौर्य सिंह ने दो विकेट लिये। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि जय प्रकाश सैनी कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय किया गया गया। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक्स एसोसिएशन के चेयरमैन अजय कुमार आर्या, क्रिकेट संघ के अध्यक्ष शबीब अल्वी, एलयू टीम के चयनकर्ता उबैद कमाल, प्रशिक्षक शोएब कमाल मौजूद थे।

नॉर्थ जोन अंतर-विश्वविद्यालय महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

(आज खेल समाचार सेवा)

लखनऊ। इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के तत्वावधान में आयोजित नॉर्थ जोन अंतर-विश्वविद्यालय महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2026ङ्क27 के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। छह दिवसीय इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन कुल 19 टीमों ने अपने खेल कौशल, प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता और टीम भावना का प्रदर्शन किया। दिन के प्रमुख मुकाबलों में क्लस्टर यूनिवर्सिटी, जम्मू ने गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय को पराजित किया, जबकि शिव नादर विश्वविद्यालय ने गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार के विरुद्ध जीत दर्ज की। दोनों मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा की। चैंपियनशिप में उत्तर भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों की महिला वॉलीबॉल टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य विश्वविद्यालय स्तर पर महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करना तथा प्रतिस्पर्धात्मक खेलों में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। इंटीग्रल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यह चैंपियनशिप खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रतियोगिता के आगामी दिनों में भी विभिन्न विश्वविद्यालयों की टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा जारी रखेंगी।

आकृति, राहुल, रौनक और वैष्णवी ने जीते स्वर्ण

(आज खेल समाचार सेवा)

लखनऊ। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित हुई जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शहर भर के युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, दमखम और रफ्तार से मैदान पर छाप छोड़ी। विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों के बीच पदकों के लिए जोरदार मुकाबला देखने को मिला। शुक्रवार को प्रतियोगिता के समापन पर आकृति तिवारी, राहुल यादव, रौनक पाल, वैष्णवी श्रीवास्तव, शिवा यादव और अनुष्का शर्मा ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। अंडर-16 आयु वर्ग की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में बालिका वर्ग में आकृति तिवारी और बालक वर्ग में राहुल यादव ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 80 मीटर हर्डल में रौनक पाल और वैष्णवी श्रीवास्तव ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि शॉट पुट में शिवा यादव और अनुष्का शर्मा ने स्वर्णिम सफलता हासिल की। समापन समारोह में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) सेंटर की पूर्व एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रचना गोविल मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनका उत्साह बढ़ाया। जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप लखनऊ के सचिव बीआर वरुण ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर पूर्व एथलीट हरीश पाल, कामता सिंह, प्रभा शंकर समेत खेल जगत से जुड़े कई लोग मौजूद रहे।